दैनिक लोकमित्र सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :162
प्रतापगढ़ | सोमवार, 15 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन    प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

लोकसभा चुनाव 2024

# भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

## एक साथ चुनाव और समान नागरिक संहिता का वादा

### मुफ्त राशन, निशुल्क इलाज, शून्य बिजली बिल सहित किए कई वादे




**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर मोदी की गारंटी-2024 के नाम से रविवार को रिलीज अपने चुनाव घोषणा पत्र में मुफ्त राशन, निशुल्क इलाज और शून्य बिजली बिल सहित कई वादे किए. पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के मुताबिक ज्ञान फॉर्मूले के तहत देश के युवाओं, गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए भी अपने संकल्प पत्र में कई अहम ऐलान किए.भाजपा का यह दावा है कि मोदी की गारंटी का यह संकल्प पत्र सिर्फ पांच वर्षों के लिए एक घोषणा पत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य देश को विकसित भारत बनाने का एक दृष्टिकोण प्रदान करना भी है. इसका उद्देश्य गरीबों के जीवन में सुधार लाना और वंचितों, मध्यम वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार जारी रखना, महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाना और देश की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे में तेजी से विकास लाना है.भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मुफ्त राशन की योजना को अगले पांच वर्षों के लिए जारी रखने का वायदा करते हुए कहा कि 2020 से 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त राशन प्रदान किया गया है. पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अगले पांच वर्षों तक मुफ्त राशन प्रदान करना जारी रहेगा.आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य उपचार प्रदान किया गया है. अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा. 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी.पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि बिजली बिल जीरो हो जाए. भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता के अपने रुख को दोहराते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर बनाए गए उच्चाधिकार प्राप्त समिति के सिफारिशों के कार्यान्वयन की दिशा में काम करने की भी बात कही है.


भाजपा ने सीमाओं पर मजबूत बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने की बात कहते हुए कहा है कि पिछली सरकारों की उपेक्षा के परिणामस्वरूप सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा खराब हो गया था. भाजपा सरकार ने इस गंभीर त्रुटि को सुधार लिया है और सड़कों, रेलवे, दूरसंचार टावरों, ऑप्टिकल फाइबर केबल और बिजली नेटवर्क का निर्माण शुरू कर दिया है.पार्टी ने भारत-चीन, भारत-पाकिस्तान और भारत-म्यांमार सीमाओं पर मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने और बाड़बंदी को और अधिक स्मार्ट बनाने के लिए बाड़ वाले हिस्सों पर तकनीकी समाधान पेश करने की बात कही है.

घोषणा पत्र में सीएए को लागू करने और भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की बात भी कही गई है. भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में रोजगार, स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों में वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध होने की बात भी कही है. भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र और 2030 तक वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनाने का भी वायदा किया गया है.

पार्टी ने अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाने और सेवा क्षेत्र में महिला एसएचजी को एकीकृत करने और महिला एसएचजी उद्यमों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने की बात कही है. कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को सुविधाजनक बनाया जाएगा. इसके लिए औद्योगिक और वाणिज्यिक केंद्रों के पास के स्थानों पर विशेष ध्यान देने के साथ कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास, क्रेच आदि जैसे बुनियादी ढांचे का विकास सुनिश्चित किया जाएगा और साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को भी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे.संसद और राज्य विधान मंडलों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को व्यवस्थित रूप से लागू किया जाएगा. देश के युवाओं से पारदर्शी सरकारी भर्ती व्यवस्था कराने और पेपर लीक रोकने के लिए कानून लागू करने की बात कही गई है.

इसमें कहा गया है कि भाजपा सरकार ने पहले ही देश भर में भर्ती परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए एक सख्त कानून बनाया है. युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए इस कानून को सख्ती से लागू किया जाएगा.किसानों से किसान सम्मान निधि योजना जारी रखने, पीएम फसल बीमा योजना को और मजबूत बनाने, समय-समय पर फसलों के एमएसपी में वृद्धि जारी रखने, कृषि भंडारण सुविधाओं, सिंचाई, ग्रेडिंग, सॉर्टिंग इकाइयों, कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं और खाद्य प्रसंस्करण जैसी कृषि-बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन के लिए एक कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू करने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, कृषि उपग्रह लॉन्च करने सहित कई वादे किए गए हैं.भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में श्रमिक सम्मान, राष्ट्रीय फ्लोर वेतन की आवधिक समीक्षा, सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में ऑटो, टैक्सी, ट्रक और अन्य ड्राइवरों को शामिल करने, ई-श्रम पोर्टल पर ऑटो, टैक्सी, ट्रक और अन्य ड्राइवरों को शामिल करने, बीमा तथा अन्य कल्याण कार्यक्रमों के तहत सभी ड्राइवरों की 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने, ओएनडीसी के साथ छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को सशक्त बनाने, जनजातीय समाज के स्वास्थ्य देखभाल के लिए केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने, उच्च शिक्षा के नए संस्थानों की स्थापना करने, पूर्वोत्तर में शांति बनाए रखने एवं अशांत क्षेत्रों में मुद्दों के समाधान और चरणबद्ध तरीके से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम को हटाने के अपने प्रयास जारी रखने और पूर्वोत्तर राज्यों के बीच अंतर्राज्यीय सीमा विवादों के समाधान की दिशा में काम करने सहित कई महत्वपूर्ण वादे किए हैं.

## दुनिया में युद्ध के हालात, देश में पूर्ण बहुमत वाली मजबूत व स्थिर सरकार जरूरी: पीएम मोदी



**नई दिल्ली(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का चुनाव घोषणा पत्र ( संकल्प पत्र ) जारी करने के बाद दुनिया के तनावपूर्ण माहौल का जिक्र करते हुए कहा कि आज विश्व में अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं, युद्ध की स्थिति बनी हुई है और वैश्विक संकट व तनाव भरे वैश्विक माहौल में दुनिया भर में बसे भारतीयों की सुरक्षा उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि जब दुनिया में इतने प्रकार के तनाव और संकट फैले हुए हों, तब ऐसे समय में भारत में एक मजबूत, पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की जरूरत कई गुना बढ़ जाती है।प्रधानमंत्री मोदी ने देश के मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में फिर से चुनाव में जीत दिलाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा के लिए दल से बड़ा देश है और वह देशहित में बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पीछे नहीं हटती।एक राष्ट्र, एक चुनाव के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा देश हित में समान नागरिक संहिता को लागू करने को देश के लिए अहम मानती है। केंद्र में तीसरी बार सरकार बनने के बाद के सरकार के एजेंडे को सामने रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने देखा है कि 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार पर कितनी बड़ी और कड़ी कार्रवाई की है।

उन्होंने कहा कि गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं और भ्रष्टाचारियों पर ऐसे ही निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र पर 4 जून को नतीजे आने के बाद तेजी से काम शुरू हो जाएगा। सरकार पहले ही 100 दिन के एक्शन प्लान पर काम करना प्रारंभ कर चुकी है।उन्होंने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र वह मोदी की गारंटी के रूप में देशवासियों के समक्ष आशीर्वाद के लिए रख रहे हैं। 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को हकीकत में बदलने के लिए भाजपा यह संकल्प पत्र लेकर आई है। वह देशवासियों से प्रार्थना करते हैं कि इस संकल्प पत्र को लागू करने के लिए, देश को तेज गति से आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें आशीर्वाद दें, उनकी शक्ति और ज्यादा बढ़ाएं।उन्होंने कहा कि नारीशक्ति वंदन अधिनियम अब कानून बन चुका है।

## मोदी सरकार ने रामलला के लिए चांदी का स्पेशल रंगीन सिक्का जारी किया



**नईदिल्ली(आरएनएस)।** इस साल की शुरुआत में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए जनता के लिए रामलला चांदी का सिक्का, राम मंदिर चांदी का सिक्का, अयोध्या, राम मंदिर, 50 ग्राम का चांदी का सिक्का जारी किया है. यह विशेष सिक्का सीमित समय के लिए उपलब्ध है और इसकी कीमत 5,860 रुपये रखी गई है. फरवरी में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तीन सिक्कों का अनावरण किया, जिनमें से एक पर रामलला और अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर की छवि अंकित है.50 ग्राम के इस चांदी के सिक्कों को आप 222.द्बठ्ठस्रद्बड्डद्गश्1ह्लद्बद्बठ्ठह्ल.द्बठ्ठ से खरीद सकते हैं. इसकी कीमत 5,699 रुपये है. हालांकि अभी वेबसाइट इस सिक्के का स्टॉक खत्म हो गया है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अध्यक्षता की. यह भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक क्षण था और मंदिर निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ. रामलला को अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान हुए कुछ ही दिन हुए हैं और लाखों भक्तों ने दर्शन किए हैं. उद्घाटन के अगले दिन से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है.

# ईरान का इजराइल पर मिसाइल व ड्रोन से हमला

## नेतन्याहू ने कहा- हर स्थिति को तैयार, सुरक्षा परिषद् ने बुलाई आपात बैठक



**तेहरान/ तेल अवीव, (हि.स.)।** ईरान ने इजराइल पर दो सौ से अधिक मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। इजराइल का दावा है कि ईरान की तरफ से किए गए ज्यादातर मिसाइल और ड्रोन को इजराइल डिफेंस सिस्टम ने हवा में मार गिराया गया। इजराइल के डिफेंस फोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। उधर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने इजराइल पर ईरान के हमले के बाद लगातार बिगड़ती स्थिति को लेकर रविवार शाम 4 बजे आपातकालीन बैठक बुलाई है।ईरान ने रविवार सुबह को 1800 किमी दूर इजराइल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद इसे जवाबी कार्रवाई बताया जा रहा है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुताबिक यह लक्षित निशाने के साथ किया गया हमला है।उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल को सीरिया में वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद ईरान ने बदला लेने की बात कही थी। हमले में सेना के एक शीर्ष कमांडर सहित 7 सैन्य अफसरों की मौत हुई थी। ईरान ने हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया था।उधर, इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) की तरफ से कहा गया है कि 100 से ज्यादा ड्रोन छोड़े गए हैं और तमाम हमलों को रोका जा रहा है। इजराइल, लेबनान और इराक ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं। जबकि सीरिया और जॉर्डन ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को अलर्ट पर रख दिया है।इजराइल के प्रधानमंत्री ने वॉर कैबिनेट की बैठक बुलाई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है चाहे रक्षात्मक हो या आक्रामक। नेतन्याहू ने कहा कि हमारा साथ देने के लिए अमेरिका के साथ-साथ वे ब्रिटेन, फ्रांस और कई अन्य देशों की सराहना करते हैं।इजराइल पर ईरान के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन इजराइल की सुरक्षा करने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमेशा इजराइल के लोगों के साथ खड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मुद्दे पर व्हाइट हाउस में आपात बैठक की।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी ईरान के हमलों की निंदा करते हुए कहा है कि ब्रिटेन, इजराइल और सभी अपने सभी क्षेत्रीय भागीदारों की सुरक्षा के लिए खड़ा रहेगा।

### ईरान-इजराइल संघर्ष से अमेरिका को दूर रहने की चेतावनी देकर ईरान ने हमले का किया बचाव, दुनिया के देशों की संयम बरतने की अपील

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** इजराइल- हमास संघर्ष के बीच इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष का नया मोर्चा खुलने से पूरी दुनिया आशंकाओं से घिर गई है। रविवार सुबह ईरान ने जिस तरह इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से ताबड़तोड़ हमले किए, उसकी अमेरिका और पश्चिमी देशों ने कड़ी निंदा की।

भारत सहित ज्यादातर देशों ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील करते हुए कूटनीति रास्ते आजमाने पर जोर दिया। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने रविवार शाम इस मुद्दे पर आपातकालीन बैठक बुलाई है।संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की बैठक से पूर्व ईरान की तरफ से अमेरिका को इस संघर्ष से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। ईरान ने इजराइल को दोबारा धमकी दी है कि अगर उसकी तरफ से जवाबी कार्रवाई की गई तो उसका बुरा अंजाम होगा। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई मिशन ने कहा, ÷यूएन चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई की गई थी। मामला अब खत्म समझा जा सकता है।÷ हालांकि चेतावनी दी गई है कि अगर इजराइल ने एक और गलती की तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। यह संघर्ष ईरान और इजराइल के बीच है, अमेरिका को इससे दूर रहना चाहिए।


### भारत ने इज़राइल व ईरान से तनाव कम करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** भारत ने रविवार को इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की और दोनों देशों से संयम बरतने व हिंसा से पीछे हटने का आह्वान किया।विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हम इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से गंभीर रूप से चिंतित हैं, इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है।विदेश मंत्रालय ने कहा, हम दोनों देशों से तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने का आह्वान करते हैं।विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के एक्स पर किए पोस्ट में कहा, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। क्षेत्र में अपने दूतावास व भारतीय समुदाय के साथ निकट संपर्क में हैं। यह महत्वपूर्ण है कि क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनी रहे।

# फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग , सुरक्षा बढ़ाई गई

## अनमोल बिश्नोई ने ली सलमान खान के घर के सामने फायरिंग की जिम्मेदारी

### फायरिंग के लिए उपयोग में लाई गई मोटरसाइकिल बरामद सलमान व पूरे परिवार की सुरक्षा बढ़ाई गई, जांच के लिए 15 पुलिस टीमें गठित



**मुंबई, (हि.स.)।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई में बांद्रा स्थित आवास के बाहर रविवार सुबह तकरीबन पांच बजे दो अज्ञात बदमाश फायरिंग कर फरार हो गए। घटना में कोई घायल नहीं हुआ लेकिन पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मुंबई पुलिस ने सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। घटना के समय सलमान खान घर पर ही थे।पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 5 बजे दो अज्ञात बदमाश दोपहिया वाहन पर बांद्रा पश्चिम में स्थित सलमान खान के घर के बाहर पहुंचे और फायरिंग की। बदमाशों ने लगातार 4 राउंड फायरिंग की।घटना की जानकारी मिलते ही बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और सलमान खान के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है।उल्लेखनीय है कि सलमान खान को पहले भी कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। कुछ दिन पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी। कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने एक टेलीविजन इंटरव्यू में कहा था कि सलमान खान को मारना उसकी जिंदगी का मकसद है।बिश्नोई की धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान खान की सुरक्षा की समीक्षा कर उनकी सुरक्षा बढ़ाई थी। कुछ दिन पहले अभिनेता-गायक गिप्पी ग्रेवाल के कनाडा स्थित आवास पर भी लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गों ने हमला किया था। कहा जा रहा है कि इस हमले की वजह सलमान खान के साथ उनके करीबी रिश्ते थे। हालांकि सलमान खान को वाई प्लस सुरक्षा प्रदान की गई है, लेकिन आज उनके आवास के सामने फायरिंग के बाद सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।

फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर की गई हवाई फायरिंग के लिए प्रयोग में लाई गई मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

इसकी फोरेंसिक जांच की जा रही है। इस घटना के बाद कुख्यात लारेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड कर घटना की जिम्मेदारी ली है। अनमोल विश्नोई ने सोशल मीडिया पर कहा है कि अगली बार गोलियां घर पर नहीं चलेंगी।इस घटना के बाद इस घटना के आरोपितों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए 15 पुलिस टीमें गठित की गई हैं। इस घटना के बाद मुंबई के संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) लक्ष्मी गौतम और मुठभेड़ विशेषज्ञ दया नायक सहित मुंबई के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने मौके पर जाकर मुआयना किया है। इस घटना के बाद घटनास्थल के आस पास 70 से अधिक सीसीटीवी खंगाले जा चुके हैं।

### सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा- शिंदे

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर फायरिंग कर कानून हाथ में लेने वाले व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम शिंदे ने कहा कि मुंबईकरों को डरने की कोई वजह नहीं है। मुंबई को सुरक्षित रखने का काम गृह विभाग और पुलिस प्रशासन कर रहा है।शिंदे ने चेतावनी दी है कि अगर चुनाव के दौरान किसी ने कानून व्यवस्था संभालने की कोशिश की तो वह चुप नहीं बैठेंगे। गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। जैसे ही इस मामले में कुछ नई अपडेट आती है, वे इसकी जानकारी मीडिया को देंगे।

शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत ने कहा कि शहर में फायरिंग की घटनाएं बढ़ गई हैं। बात सिर्फ सलमान खान की नहीं है, कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। पुलिस सिर्फ गद्दार नेताओं के संरक्षण में लगी है।

# सेना के साथ परीक्षण में भी खरी उतरी मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल

## मिसाइल ने लक्ष्य बनाकर रखे गए टैंक पर सटीक हमला करके नष्ट कर दिया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सेना की मौजूदगी में परीक्षण किया है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाए गए। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है।डीआरडीओ ने रविवार को एक बयान में बताया कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने और भारतीय सेना को मजबूत करने के लिए 13 अप्रैल को थर्मल साइट के साथ मैन पोर्टेबल ट्राइपॉड से मिसाइल दागी गई और इसके निशाने पर एक नकली सक्रिय टैंक था।

मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में लक्ष्य को निशाना बनाकर इसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस दौरान मिशन के सभी उद्देश्य हासिल किए गए। डीआरडीओ ने कहा कि परीक्षण के दौरान इस मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा कर लिया गया।बयान में बताया गया कि इस मिसाइल का अधिकतम सीमा तक उड़ान का परीक्षण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स के साथ अत्याधुनिक लघु इन्फ्रारेड इमेजिंग तकनीक के साथ लैस किया गया है।

दागो और भूल जाओ% की तकनीक वाली इस पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल के इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है। इस परीक्षण ने मिसाइल की न्यूनतम सीमा को सफलतापूर्वक सत्यापित किया है।यह तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) नाम से निकाली गई मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल है। इसका विकास भारतीय कंपनी वीईएम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की साझेदारी में डीआरडीओ ने किया है।

# चलती ट्रेन के नीचे गिरा वृद्ध

## आरपीएफ दरोगा ने बचाई जान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में पैर फिसल जाने से वृद्ध नीचे गिर गया। यह देख आरपीएफ दरोगा ने अपनी जान की परवाह न करते हुए उसे गाड़ी के नीचे से खींच लिया। इससे उसकी जान बच गई। रविवार को प्रयागराज स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर गाड़ी संख्या 15634 समय 11.18 बजे पर आयी। गाड़ी के कोच संख्या बी-1 सीट नंबर 63 पर यात्रा कर रहे सज्जन सिंह शेखावत (63) पुत्र सवाई सिंह शेखावत निवासी रामनगर कॉलोनी, जिला जयपुर खाना लेने के लिए प्लेटफार्म पर उतर गए। इसी दौरान गाड़ी 11.35 बजे गन्तव्य के लिए रवाना हो गयी। चलती गाड़ी में चढ़ने के दौरान वृद्ध यात्री अनियन्त्रित होकर गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच में फंस गया। सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार रावत की उस पर नजर पड़ी तो वह यात्री की जान बचाने के लिए अपने जान की परवाह किए बिना कूद पड़ा। उन्होंने गाड़ी और प्लेटफार्म के बीच में आए वृद्ध यात्री का एक हाथ पकड़कर प्लेटफार्म पर खींच लिया। इससे यात्री की जान बच गयी। सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार रावत ने यात्री को रेल सुरक्षा बल पोस्ट पर लाये। यात्री ने बताया कि वह पूर्णतः स्वस्थ्य है। उसे अन्य गाड़ी से गन्तव्य लिए रवाना किया गया।

# अभाविप के न्याय इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन

## इंटर्नशिप में प्रशिक्षुओं ने प्रदेश के श्रेष्ठ अधिवक्ताओं से सीखे वकालत के गुर, दिया गया प्रमाण-पत्र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के तत्वाधान में आयोजित एक माह के प्रशिक्षुता कार्यक्रम ÷न्याय÷ का आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय के डॉ. अंबेडकर भवन में समापन किया गया और प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र बांटा गया। न्याय इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत 35 विद्यार्थी, जिसमें 20 छात्राएं तथा 15 छात्रों ने प्रदेश के श्रेष्ठतम अधिवक्ताओं से वकालत के गुर सीखे।

आज के प्रमाण-पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अथिति के रूप में अपर महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश सरकार प्रवीण कुमार गिरी की



उपस्थिति रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य स्थाई अधिवक्ता विजय शंकर मिश्र ने किया।अभाविप इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई द्वारा न्याय के दूसरे सत्र में तीन सप्ताह तथा चार सप्ताह की इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए गए थे। इस इंटर्नशिप में भाग लेने हेतु देशभर से 239 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 35 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का इस इंटर्नशिप के लिए चयन किया गया था।

इस कार्यक्रम के संयोजक के रूप में अखिलेश कुशवाहा तथा सह-संयोजिका के रूप में अद्वितीय कुमारी, नव्या सिंह यादव, अनन्या मिश्रा, अंशी पाण्डेय तथा आस्था वर्मा ने कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन सह-संयोजिका अंशी पाण्डेय ने किया। न्याय इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रदेश के श्रेष्ठतम अधिवक्ताओं ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया, जिसमें अपर महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार प्रवीण कुमार गिरी, मनीष गोयल, महेश चंद्र चतुर्वेदी, पीसी श्रीवास्तव, नीरज त्रिपाठी तथा मुख्य स्थाई अधिवक्ताओं में विजय शंकर मिश्र, जे.एन. मौर्य, अभिषेक श्रीवास्तव तथा अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे अपर महाधिवक्ता प्रवीण कुमार गिरी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित किया गया इंटर्नशिप कार्यक्रम निश्चित ही सभी प्रशिक्षुओं के लिए लाभदायक साबित होगा। प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय होने के बावजूद यहां विद्यार्थियों को इंटर्नशिप करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, ऐसे में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की यह पहल बेहद कारगर साबित होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य स्थाई अधिवक्ता, उत्तर प्रदेश सरकार विजय शंकर मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की यह पहल कई विद्यार्थियों के लिए एक बड़ा अवसर है। जिन चैंबरों में बहुत ही मुश्किल से विद्यार्थी इंटर्नशिप कर पाते थे, आज विद्यार्थी परिषद ने उसे काफी सरल बना दिया है।

# तार और पोल बदले जाने से सप्ताह भर ठप रहेगी बिजली आपूर्ति



**होलागढ़ (प्रयागराज)।** विद्युत उपखंड अधिकारी एसके सिंह की विज्ञप्ति के अनुसार 132 केवी विद्युत उपकेंद्र सोरांव निर्गत 33 केवी होलागढ़ पर 15 अप्रैल से 22 अप्रैल तक जर्जर तार व पोल बदला जाना है। ऐसे में एक सप्ताह विद्युत आपूर्ति प्रातः 10 बजे से शाम 3 बजे तक विद्युत बाधित रहेगी।

एसडीओ विद्युत ने बताया कि ऐसी दशा में 33 / 11 केवी उपकेंद्र होलागढ़ से पोषित सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# भाजपा संकल्प पत्र 2024 का भाजपाइयों ने किया स्वागत

## गरीब कल्याण राष्ट्र नवनिर्माण और ऊंची इकोनॉमी की उड़ान भरेगा संकल्प पत्र

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में आगामी लोकसभा के चुनाव को लेकर जारी किए गए भारतीय जनता पार्टी का 2024 का संकल्प पत्र की भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए सराहना की।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 सालों में अपने संकल्प पत्र में जनता से जो वादा किया था उसे पूरा किया है। देशभर की जनता जनार्दन के सुझाव के बाद बनने वाला 2024 का भाजपा का संकल्प पत्र आने वाला 5 साल भी सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के लिए होगी यह मोदी की गारंटी है।

महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र गरीब कल्याण राष्ट्र का नवनिर्माण और ऊंची इकोनॉमी की उड़ान भरेगा और विकसित भारत के चार स्तंभ गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति को सशक्त करेगा।

इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र भारत को आत्मनिर्भरता और विकसित राष्ट्र के लिए समर्पित है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि भाजपा के संकल्प पत्र में वन नेशन वन इलेक्शन, और यूनिफॉर्म सिविल कोड उच्च लागू करना, दुनिया में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति, 70 साल के ऊपर बुजुर्गों को भी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान कार्ड से जोड़ना, आगामी 5 वर्षो तक मुफ्त अनाज गरीबों को जारी करना, भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी पावर बनाने की दिशा काम करना आदि मुख्य बिंदु रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित में बनाए गए। स्वागत करने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा, राम जी केसरवानी, राजेश केसरवानी, पार्षद किरन जायसवाल ,वरुण केसरवानी, रमेश पासी, विवेक अग्रवाल,राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, प्रशांत शुक्ला, सचिन जायसवाल ,सुभाष वैश्य , राकेश भारती, नटवरलाल भारती, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

# यूँ तो यह सपना है लेकिन शायद सच हो जाये- विश्वबंधु

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** ""संगीत-साहित्य एवं कला मंच प्रयागराज" द्वारा अपना वार्षिकोत्सव शान्ती देवी इंटरनेशनल स्कूल,मुंडेरा में वरिष्ठ शायर शाहिद इलाहाबादी की अध्यक्षता में कवि-सम्मेलन के रूप में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं सरस्वती देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कवि-सम्मेलन का उद्घाटन किया। संस्था के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र पाण्डेय ने मुख्य सुरेश जगजीत यादव एवं विशिष्ट अतिथि विंग कमांडर उपेन्द्र ठाकुर एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष रोशनलाल वत्स का पुष्पहार और अन्य उपस्थित श्रोतागण का शब्द-सुमनों से स्वागत किया।

अंतराष्ट्रीय शायरा प्रीता बाजपेई ने सरस्वती वंदना हे मां वाणी ऐसा वर



दो जीवन सफल बनाएं हम, गीत तुम्हारे गाएं हम से कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। वरिष्ठ कवि योगेन्द्र कुमार मिश्र ने देश-कल्याण की कामना से,÷यूँ तो यह सपना है लेकिन शायद सच हो जाये, हो जाये राग-द्वेष से मुक्त देश ये स्वर्ग-तुल्य हो जाये पढ़कर वाहवाही लूटी।डाज़्प्रदीप चित्रांशी ने पढ़ा ताल-तलैया कह रहे पढ़ लेना इतिहास, जल जीवन का नाम है और जल ही करे विनाश। फरमूद इलाहाबादी, हृदय नारायण पांडेय अनजान, शम्भूनाथ श्रीवास्तव शम्भु ने भी काव्य पाठ किया। रवीन्द्र कुशवाहा ने पढ़ा यह कैसी गिरावट आ गयी है, दोहरे व्यक्तित्व में गिरावट आ गयी है। उपेन्द्र पाण्डेय मनमौजी ने गरीबी की मढ़ई अमीरी के ठाट। विश्वनाथ प्रसाद श्रीवास्तव हंजी, शिवराम शिवहरे, श्रीराम सहज, वी सिंह पथिक,फरमूद इलाहाबादी, शरद श्रीवास्तव, शाहिद इलाहाबादी, सिलाल इलाहाबादी ने भी कविता-पाठ किया। संस्था के सचिव डाज़ विन्ध्यवासिनी शुक्ल ने संचालन के साथ कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार प्रकट किया। गुप्तेश्वर पाण्डेय, सुधा शुक्ला आदि विशिष्ट जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ.आंबेडकर की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** ग्राम पंचायत कल्याणपुर में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। बसपा समर्थको ने थम्हन के पूरा से दर्जनों की संख्या में लोग अंबेडकर की प्रतिमा के साथ जयकारा लगाते हुए बगियापुर कालोनी तक गए जहां पहले से स्थापित अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस मौके पर प्रधान पति रबीन्द्र राजा, विश्वनाथ, मोती लाल, उपेंद्र गौतम, सूर्य प्रसाद धुरिया, बच्चू लाल यादव और राम कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब के सम्मान में पंच तीर्थ का किया निर्माण- डॉ गौर

## बाबा भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया और विशाल पदयात्रा निकाली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भाजपा प्रयागराज महानगर के द्वारा सिविल लाइन कार्यालय में भाजपा नेता श्याम चंद्र हेला के संयोजन में संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर जी की 133 वीं जन्म जयंती के अवसर पर बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित व्याख्यान माला संगोष्ठी का आयोजन किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर दुनिया का सर्वोच्च संविधान भारत को दिया और सभी को समान अधिकार दिया। उन्होंने देश को नौजवानों को कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है इसलिए शिक्षित बनो और अपने अधिकार और कर्तव्य को पहचानो।



डॉ गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ भीमराव अंबेडकर के विजन को साकार कर रहे हैं।

इस अवसर पर एमएलसी सुरेंद्र चौधरी एवं एमएलसी निर्मला पासवान ने कहा कि वास्तव में मोदी सरकार ही अंबेडकर जी के सपनों को साकार कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व समाज के नेता और गरीब शोषित वंचितों के मसीहा थे और सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। इसके पूर्व छाया देवी,मुरारी लाल अग्रवाल ,वरुण केसरवानी, कुंज बिहारी मिश्रा, रमेश पासी, राजेश केसरवानी, संजय गुप्ता ने बाबा भीमराव अंबेडकर जी के जीवन चरित्र पर दर्शन डाला।

कार्यक्रम के संयोजक श्याम चंद्र हेला ने संचालन करते हुए आए हुए व्यक्तियों का स्वागत किया।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इसके अलावा अनुसूचित महानगर मोर्चा अध्यक्ष राजेश कुमार सोनकर के नेतृत्व में सुबह 7ः00 बजे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा को स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनोद वाल्मीकि, विवेक कनौजिया, राम आधार राम, राजीव वर्मा, नटवर लाल भारती, लाल चन्द्र, राजेश गोंड़, अशोक कुमार सरपंच, खुन्नू लाल बाल्मीकि, श्री प्रकाश वाल्मीकि, रीता पासी, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, आदि रहे।

# अंबेडकर सामाजिक समानता के प्रणेता थे- किशोर



**प्रयागराज।** यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब भीम राव अंबेदकर को सामाजिक समानता का प्रणेता बताया।133 जयंती पर हाईकोर्ट चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उन्होंने कहा कि वे एक प्रखर वक्ता, राजनेता और समाज सुधारक के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था रखते थे। आज उनके बनाये संविधान पर गंभीर खतरा है जिसे बचाने के लिए लोगों को एकजुट होना पड़ेगा। वह अस्पृश्यता और मैला सफाई जैसी कुव्यवस्था आज भी कायम है जो एक चुनौती है जिसके खिलाफ़ वे जीवन भर लड़ते रहे।

# आईटी में नौकरी पाने को कैरियर परामर्श सेमिनार में दी जानकारी




**प्रयागराज।** समाज में माध्यमिक शिक्षा के उपरान्त रोज़गार परक शिक्षा की अहमियत को देखते हुए दरियाबाद स्थित दरगाह हज़रत अब्बास में संगोष्ठी आयोजित कर सूचना प्रौद्योगिकी में नौकरी व उन्मुख कैरियर परामर्श छात्र छात्राओं को दिया गया। बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही। उन युवाओं को उन्मुख कैरियर के प्रति जागरूक किया गया जो कम समय अवधि में सूचना प्रौद्योगिकी के विभिन्न कार्य क्षेत्रों में प्रवेश करना चाहते है।

डायरेक्टर ऐनालेसिस यूएचजी सैय्यद कल्बे अब्बास ने ऑनलाईन प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से कोर्सेज के बारे में जानकारी दी। प्रेसेन्टर मोहम्मद बिलाल हैदर ने छात्र छात्राओं को बिसनेस ऑपरेशन , मैनेजमेंट इन्फारमेशन सिस्टम ,डेव उप्स , साफ्टवेयर डेवलपमेंट ,डाटा बिसनेस ऐनेलिस्ट , आर्टीफिशियल इन्टेलिजेन्स एम एल आदि क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए विस्तारपूर्वक प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी साझा की।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रज़ा अब्बास ज़ैदी ने किया। कार्यक्रम का आग़ाज़ मेंहदी अब्बास की तिलावत ए कलाम ए पाक से हुआ।

मौलाना अली गौहर ने युवाओ को हौसला बढ़ाते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा रिज़्क़ हासिल करना भी इबादत से कम नहीं। अगर हलाल रिज़्क़ हासिल करोगे तो नब्बे प्रतिशत कामयाबी मिलती ही है और अल्लाह रिज़्क़ में बरकत भी देता है।कहा जितना बलन्द मुक़ाम हासिल करना चाहते हो उतना मेहनत करना होगा।जिस तरह इस्लाम के बाक़ी फ़राएज़ मानना ज़रुरी है उसी तरहा इल्म हासिल करना भी वाजिबात में से है। वक्ताओं ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा शिक्षित बनो जागरुक रहो और समाज व देश का नाम उच्च शिखर तक लेकर जाने

# डॉ. अम्बेडकर जयंती पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रयागराज।** विगत वर्षो के भांति इस वर्ष भी महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूली छात्र एंव डालीगंज क्षेत्र की बस्तियों के बच्चो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

दौड़ प्रतियोगिता के आयोजक पुजारी राजेश वाल्मीकि ने सुबह 5 बजे स्थान डालीगंज बंधा रोड से हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतिभागियों को रवाना किया। दौड़ में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियो को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जवाबी बिरहा का भी आयोजन हुआ। समिति के अध्यक्ष पुजारी राजेश वाल्मीकि ने कहा देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबडेकर की आज 134 वीं जयंती है। हर साल 14 अप्रैल को उनका जन्मदिवस मनाया जाता है। इस खास मौके पर कई जगहों पर कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, पूरा देश आज बाबा साहेब को याद कर रहा है। उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुजारी राजेश वाल्मीकि ने बताया महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति एक गैर राजनीतिक संगठन है जो समाजिक जागरूकता, शिक्षा, निर्धन कन्या विवाह, संस्कृति कार्यक्रम एंव स्वस्थ को बढ़ावा देने जैसे आयोजन विषयो पर प्रदेश भर में कार्य करने के लिए प्रयासरत है।

# कांग्रेस ने डॉ आंबेडकर के संविधान की रक्षा का लिया संकल्प



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में हाई कोर्ट स्थित डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारतीय संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पार्टी जनों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज सत्ता में बैठी हुई शक्तियों के निशाने पर भारतीय संविधान है वे नहीं चाहती कि संविधान प्रदत्त लोकतंत्रतिक अधिकार जनता तक पंहुचें।

उन्होंने कहा कि एकाधिकार स्थापित करने का मंसूबा पाल चुकी मोदी सरकार इस देश के लोकतंत्र के लिए खतरा बन चुकी है जिससे हमें अपने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा कि आज यही वक्त की जरूरत है और यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी है।

इस अवसर पर प्रदीप मिश्र (अंशुमन), दिवाकर भारतीय, रविन्द्र सिंह, सैयद मोहम्मद साहब, प्रदीप नारायण द्विवेदी, विनय पाण्डेय, हरिश्चंद्र दुबे, निशांत रस्तोगी, अजेंद्र गौड़, अभिषेक शुक्ला, अशोक सिंह, विक्रम पटेल, दिलीप सिंह, हसीन अहमद, सौरभ चौधरी, पूनम यादव, रचना पाण्डे, तबरेज, नफीस कुरैशी आदि नेतागण उपस्थित थे।

# गैंदा और बहादुरपुर में भाजपा ने मनाई अंबेडकर जयंती



**होलागढ़ (प्रयागराज)।** होलागढ़ के गैंदा और बहादुरपुर गांव में भाजपा के वरिष्ठ नेता/विधान सभा संयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख कौड़िहार तुलसीराम सरोज,विधान सभा प्रभारी प्रशांत केशरी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष टी एन सिंह, देवी प्रसाद पांडेय,अनिल कुमार मिश्र,गुरु ओम मिश्र,संजीव मिश्र,संजय गुप्ता,राजेंद्र प्रसाद केशरवानी,शिव बहादुर सरोज, एस बी सिंह,महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# संविधान निर्माण में बाबा साहेब की अहम भूमिका



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने भारत के संविधान में पिछड़ों , दलितों, वाचिंतों समाज के लोगों के अधिकार को संविधान में सुरक्षित किया । भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा डा. भीमराव अंबेडकर की भूमिका अहम रही।उक्त बातें एसएम पब्लिक स्कूल कैथवल में रविवार को डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार कुशवाहा ने कहीं।उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को सशक्त बनाने में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। बसपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व कानूनगो राम अभिलाष, इंद्र बहादुर कुशवाहा ने भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्या संगीता कुशवाहा ने बताया कि ने बाबा साहेब के जीवन पर आधारित गीत प्रस्तुत किया।साहब लाल कुशवाहा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर जगजीवन कुशवाहा , पूनम सिंह , प्रीती सिंह, कामता प्रसाद सिंह, मनीष कुमार सिंह, नंदू प्रसाद सिंह पटेल, आदि लोग रहे।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर धूमधाम से निकाला गया शोभा यात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में झूंसी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में शोभा यात्रा निकालकर धूमधाम हर्षोल्लास के साथ बाबा साहब डॉक्टर अम्बेडकर का जयंती मनाया गया।

उक्त अवसर पर डीजे के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे। झूंसी पुलिस भी सुरक्षा के चाक चौबंद में जुटी रही। बताते चलें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। झूंसी क्षेत्र के पुरानी झूंसी पुलिया से त्रिवेणी पुरम गेट तक डॉक्टर अंबेडकर की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

इसी प्रकार डॉक्टर अंबेडकर एकता मंच उस्तापुर महमूदाबाद से त्रिवेणीपुरम होते हुए अंबेडकर पार्क तक जुलूस निकालकर बाबा साहब के विचारों से



अवगत कराया।

इस दौरान लोगों ने जमकर जय भीम के नारे लगाए और 'जय भीम' गाने पर युवा खूब थिरके। जुलूस त्रिवेणीपुरम कालोनी से वापस होकर अंबेडकर पार्क झूंसी पहुंचा जहां विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जलपान कराया गया। जुलूस के दौरान जीटी रोड पर कुछ देर जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। झूंसी पुलिस सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था के लिए जीटी रोड पर तैनात रही। इसी प्रकार हवेलियां गांव में बाबा साहब के जयंती के उपलक्ष्य में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया गया।

हवेलियां के एक मार्ग का अंबेडकर तिराहा के रूप में नामकरण कर एक बोर्ड भी लगाया गया। उक्त अवसर पर दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अमरनाथ मौर्य बने लोकसभा फूलपुर से सपा के उम्मीदवार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी ने अमर नाथ सिंह मौर्य को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी कार्यालय के अधिकृत पोर्टल पर जानकारी पाते ही समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी श्री मौर्य सहित आपस में एक दूसरे को दिन भर बधाई दी।

सपा के जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार अमरनाथ सिंह मौर्य शहर के जयंतीपुर, प्रीतम नगर मोहल्ले के निवासी हैं तथा पूर्व में सहकारी बैंक इलाहाबाद एवं कौशाम्बी के दोबार निर्विरोध अध्यक्ष रहें हैं। 4 अगस्त 1969 को जन्मे अमरनाथ मौर्य ने बी ए एल एल बी तक शिक्षा ग्रहण की है।पेशे से व्यवसायी हैं। छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे। शुरुआत जनता दल से हुई तो बसपा, भाजपा में विभिन्न पदों पर रहे। विगत 14जनवरी को समाजवादी पार्टी के लखनऊ कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।2022के



विधानसभा चुनाव में शहर पश्चिमी से समाजवादी पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया लेकिन किन्ही कारणों से इनका टिकट काट कर सुश्री ऋचा सिंह को प्रत्याशी बना दिया गया। लेकिन श्री मौर्य पूरी निष्ठा के साथ पार्टी में काम करते रहे। वर्तमान में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं शहर पश्चिमी के प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

सपा के पूर्व संसद कुंवर रेवती रमण सिंह, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद,प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामलाल पाल, रामानंद भारतीय,एम एल सी डॉ मानसिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिन्द, संदीप पटेल, पूर्व संसद धर्म राज पटेल,विधायक गण बासुदेव यादव, जोखूलाल यादव, अंसार अहमद, सत्यवीर मुन्ना, उज्जवल रमण सिंह,पंधारी यादव, कमल सिंह यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह, नरेन्द्र सिंह, अजय श्रीवास्तव, राजू पासी, मनोज पाण्डेय, सचिन श्रीवास्तव, रविन्द्र यादव, इसरार अंजुम, डॉ प्रेम चंद्र कुशवाहा, मुस्ताक काजमी, महबूब उस्मानी,दूधनाथ पटेल, शांति प्रकाश पटेल आदि ने बधाई दी है।

# धूमधाम से मनाई गई संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती आज सरायअकिल में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर के गांवों व कई संगठनों की ओर से कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा डॉ0 भीमराव अंबेडकर मूर्ति स्थल हर्रायपुर से रवाना हुई, जो फकीराबाद चौराहे पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह ने स्वागत किया। शोभायात्रा फकीरबाद चौराहा, बुद्धपुरी व सराय अकील बाजार होते हुए करनपुर चौराहे राव पैलेस तक चली। शोभायात्रा का कई स्थानों पर जलपान व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में कई हजारो की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। वहीं युवा हाथों में नीले झंडे



लेकर ओर बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे. इस दौरान अंबडेकर सर्किल पर सभी लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस मौके पर शोभायात्रा की अगुवाई महाबोधि धम्मचेतना समिति के अध्यक्ष राम प्रकाश बल्ला प्रधान व भीम वाणी के अध्यक्ष शरद कुमार राव व अन्य साथी सतीश गोयल, अमरेन्द्र कुमार आदि द्वारा की गई। शोभायात्रा में राजकिशोर, संक्रान्ति राव, अनुज राव, अनूप राव, स्वयं प्रकाश, नीरज कुमार, शिपूजन, भोला, जय सिंह गौतम, आर के राव, भीम प्रकाश, तिलक राज, बैजनाथ, विश्वप्रभाकर, भानू सहित हजारो लोग उपस्थित रहे।

### जयंती में हजारों महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

सरायअकिल में भीम जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुरुषों के बराबरी में अपना योगदान दिया

हजारो की तादात में महिलाओं ने शोभायात्रा में जय भीम के नारों के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## गेंहू की कतराई कराते समय अधेड़ हुआ बेहोश, मौत

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में गेहूं की कतराई कराते समय एक अधेड़ की मौत हो गयी।घटना के बाद परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार इस्माइलपुर निवासी खन्नू का 52 वर्षीय पुत्र अनीश गेंहू की कतराई का काम करता है।शनिवार की रात वह गांव में ही थ्रेसर से गेंहू की कतराई कर रहा था तभी वह बेहोश होकर गिर पड़ा।मौजूद लोगों ने आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच हुआ है।परिजनों ने नम आंखों से रविवार को मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है।बताया जा रहा है कि हृदय गति रुकने के कारण अधेड़ की मौत हुई है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जनपद मे प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है जनपद कौशाम्बी में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्रो मे स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने अर्बन पी.एच. सी. मंझनपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टेवा, सरसवा का निरीक्षण किया एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 एच0पी0मणि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर, का निरीक्षण किया उप मुख्य



चिकित्सा अधिकारी डॉ0 के0डी0 सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मूरतगंज का निरीक्षण किया।

उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। अन्य उप मुख्य चिकित्सा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 43 चिकित्साधिकारी व 123 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लागायी गयी थी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल (963) मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं 19 मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ साथ मेले मे कुल (052) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

## भीमराव अंबेडकर जयंती पर म्योहरा में निकाला गया जुलूस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** दारानगर कड़ाधाम नगर पंचायत के म्योहरा में अंबेडकर समिति दारानगर के तत्वधान में रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती के अवसर पर धूमधाम से डा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान लोगो ने उनकी प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हें नमन किया व उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। जुलूस दारानगर कस्बे के म्योहरा से होते हुए फरीदगंज पहुंचा। कार्यक्रम में शुभम गोयल , सचिन सोनकर, अरुण सोनकर , दीपू गौतम , विकास दिवाकर , विपुल सोनकर , गोलीदीन , राम आसरे दिवाकर , चेयरमैन रागिनी केसरवानी , अरुण केसरवानी , अनिल कुमार गोयल , पवन गौतम , वीरेंद्र कुमार उर्फविक्की साहू , पंकज केसरवानी , विकास , मिथिलेश केसरवानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बेकाबू ट्रक ने मारी बाइक सवार को टक्कर दो घायल



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना अंतर्गत रसूलपुर गिरसा चौराहे के पास एक अज्ञात ट्रक ने दोपहिया वाहन पर सवार रमेन्द्र पुत्र सुदामा (20) और बउआ पुत्र सत्यभवन (18 वर्ष ) को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार छिटककर दूर जा गिरे जिससे दोनों बाइक सवारों को गंभीर चोटे आ गयीं। उसी रास्ते से गुजर रहे राहगीर राजन ने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल मंझनपुर मे भर्ती करवाया।

# चरवा में मनाई गई बाबा साहब की 133 वी जयंती

### इतिहास से मिटने नही देंगे बाबा साहब का योगदान- गौरव पांडेय

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** चरवा में कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी का मल्यापण कर जयंती मनाई गई इसमौके पर गुलाब सरबत एवम मिठाई बांटी गई नमन करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा बाबा साहब का जीवन गरीबों मजलूमों के लिए समर्पित था जिन्होंने पूरा जीवन हिंदुस्तान से छुवा छूत भेदभाव को दूर करने के लिए संघर्ष किया है। हमारी पार्टी बाबा साहब के संविधान को इतिहास से मिटने नही देगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल सुरेंद्र शुक्ला, प्रदेश महासचिव सोसल मीडिया डिपार्टमेंट सचिन पाण्डेय, शुभम कुमार, निक्की पाण्डेय, मनोज शुक्ला, गंगा प्रसाद, हंसराज कुमार, धीरज शुक्ला, ज्ञान देव पाण्डेय, कुलदीप गौतम, मनीष सरोज, शिवकुमार पासी, गुड्डू गौतम, रामरसजन, सोनू, नथई, गुजरातिया



देवी, पुरुषोत्तम, राकेश पाल,सहित तमाम लोग उपस्थित रहे.!

### जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आज जिले में संभालेगें पदभार

कौशाम्बी। नगर पंचायत चरवा निवासी गौरव पाण्डेय पर इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी ने भरोशा जताते हुए ठीक लोकसभा चुनाव से पहले कौशाम्बी में पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया हैं। इसी क्रम में आगामी 15 अप्रैल को समय 11 बजे कान्हा गेस्ट हाउस में पदभार ग्रहण करेंगें। जिसकी तैयारी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम जी की अगुवाई में चल रही है। जिसे लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओ में जोश व उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## सकिपा ने मनाई बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे रविवार 14 अप्रैल को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे लड्डू का भोग लगाया गया। साथ ही पुष्प और दीप धूप जलाकर उन्हे नमन किया गया। रविवार 14 अप्रैल को समर्थ किसान पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में देश के प्रथम कानून मंत्री संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 133 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर उन्हें याद करते हुए उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि बाबा साहब महामानव थे। उन्होंने देश के करोड़ों लोगों को सम्मान से जीने का अधिकार दिलाया। दलितों, महिलाओं और समाज के वंचित लोगों समेत देशभर के कई वर्गों के लोगों के जीवन स्तर को उठाने मे उनका अहम योगदान हैं। वे सदैव पूज्यनीय और आदरणीय रहेंगे। देश उनका सदैव ऋणी रहेगा। इस मौके पर प्रेमचंद्र केसरवानी, आदित्य तिवारी, जुम्मन अली मौजूद रहे।

## ससुरालियों ने दहेज के खातिर महिला को बेरहमी से पीटा, मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर गांव में पखवाड़े भर पहले दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। घायल बेटी से जानकारी पाकर मायके से पहुंचे पिता ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पिता ने थाने जाकर आरोपी ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु कर दिया है

करैली कोतवाली के करेहदा उपरहार गांव निवासी कल्याणचंद्र पाल पुत्र मंशाराम पाल के अनुसार एक साल पहले बेटी पिंकी पाल की शादी एयरपोर्ट कोतवाली के बिलासपुर गांव निवासी पृथ्वीपाल के बेटे अनिल पाल के साथ किया था। उन्होंने बताया कि शादी में हैसियत के मुताबिक करीब 15 लाख रुपये खर्च कर बेटी को खुशी-खुशी विदा किया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुरालीजन कम दहेज लाने के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। चार अप्रैल की शाम को उन्होंने मायके से पांच लाख रुपये नकदी लाने की मांग की। बेटी के इंकार करने पर उन्होंने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल बेटी ने किसी तरह फोनकर मामले की जानकारी मायके में दी। मायके से पहुंचे पिता ने उसे इलाज के लिए प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित पिता ने थाने जाकर आरोपी पति अनिलपाल, सास बसंतीपाल, ससुर पृथ्वीपाल और देवर अतुलपाल के खिलाफ मामले की तहरीर दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## मकान कब्जा करने के विरोध पर दबंग दे रहा वृद्ध को धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय गांव में शनिवार की रात दबंग ने एक वृद्ध के मकान पर कब्जा कर लिया और वहां रखा उसका सामान गायब कर दिया। सुबह यह देख वृद्ध के होश उड़ गए। उसने दबंग से मकान पर कब्जा करने का विरोध किया। वृद्ध के विरोध करने पर दबंग ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित में थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पिपरी गांव निवासी चंद्रभान पुत्र रामखेलावन के अनुसार उसने 26 जून 2000 को गांव के एक व्यक्ति से मकान खरीदा था। जिस पर वह बराबर काबिज रहा। इसी मकान में वह अपने मवेशियों को भी बांधता है। आरोप है कि गांव का एक दबंग एक सप्ताह पूर्व उसी मकान पर कब्जा करने के लिए ताला बंद कर रहा था। उसने थाने में इसकी शिकायत की थी। थाने के एक सिपाही ने उसका मूल बैनामा लेकर अपने पास रख लिया। वृद्ध का आरोप है कि उसी पुलिस के शह पर उस दबंग ने शनिवार की रात दीवार तोड़कर उसके मकान पर कब्जा कर लिया और वहां रखा चार बोरी गेहूं और साइकिल गायब कर दिया। सुबह यह देख उसके होश उड़ गए। उसमें दबंग से मकान कब्जा करने का विरोध किया। विरोध करने पर दबंग ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## बाबा साहब की जन्म जयन्ती पर कमालपुर से निकाली गयी शोभा यात्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के कमालपुर में रविवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द्र सोनकर उपस्थित रहे।इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन करते हुए उनके बताए गए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के पश्चात गांव से शोभा यात्रा निकाली गयी।इस दौरान नीले ध्वज के साथ-साथ तिरंगा लहराता रहा।शोभा यात्रा में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रही।ढोल ताशे की धुन पर लोग नाचते गाते बाबा साहब अमर रहें का नारा लगाते रहे।शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।व्यापार मंडल देवीगंज द्वारा शोभा यात्रा में सम्मलित लोगों को देवीगंज चौराहे पर जलपान कराया गया।नगर अध्यक्ष नीरज साहू की अगुवाई में लोगों को मिष्ठान खिलाकर शीतल जल पिलाया गया।सम्पूर्ण देवीगंज भ्रमण के पश्चात शोभा यात्रा पुनः कमालपुर पहुंचकर समाप्त हुई।इस अवसर पर मोमिन अंसारी, खुरशेद अहमद, मोनू मोदनवाल, केएल गौतम, होरीलाल गौतम, मुन्ना साहू, अजय गौतम, डॉ रामहित, नौशाद अहमद, राजू मिस्त्री, अरविंद गौतम, शोएब खान, नीरज साहू, अमित केशरवानी, अमन अग्रहरि, सुमित साहू , संतराम गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

## सराय अकिल पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में चोरी की मोटर साइकिल व चार पहिया वाहन बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि ग्राम नन्दा का पुरवा पीपा पुल से एक चार पहिया सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर जो कि चोरी की है तथा उस पर गलत नम्बर प्लेट लगा है, निकलने वाली है। इस सूचना पर थाना सराय अकिलपुलिस व एसओजी टीम द्वारा संयुक्त रुप से ग्राम नन्दा का पुरवा पीपा पुल से 100 मीटर पहले बैरियर लगाकर आने-जाने वाले वाहनों व्यक्तियों की चेकिंग की जाने लगी। चेकिंग के दौरान प्रयागराज की तरफ से एक चार पहिया वाहन आता हुआ दिखाई दिया, जिसे टार्च की रोशनी का सहारा लेकर रुकने का इशारा किया गया तो गाड़ी में चालक सीट पर बैठा व्यक्ति निकलकर भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस बल द्वारा मौके पर ही घेर कर पकड़ लिया गया, गाड़ी में बैठा 01 अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर ग्राम उमरवल की तरफ भाग गया। पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम अमित कुमार कुशवाहा निवासी देवर पट्टी नरवल थाना संदीपन घाट बताया। जामा तलाशी से आरोपी के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा



315 बोर व02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि हम लोग दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चुराते हैं, यह स्विफ्ट डिजायर गाड़ी भी चोरी की ही है। आरोपी की निशानदेही पर मूरतगंज मेला बाग के खंडहर से विभिन्न कम्पनियों के 06 मोटर साइकिल बरामद की गयी। आगे उसने बताया कि वाहनों तथा उनके पाटर्स को ग्राहक तय कर औने-पौने दाम पर बेंच देते हैं।

बेचने से प्राप्त रुययों को अपने फिजूल खर्ची, शौक व भौतिक लाभ के लिए प्रयोग करते हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा गया।

## मेरे प्यारे वतन तुझे सत सत नमन एसबी कान्वेंट स्कूल मंझनपुर में आयोजित हुए कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर स्थित एसबी कान्वेंट स्कूल में विद्यालय में आंबेडकर जयंती व वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी व विद्यालय के प्रबंधक मनोज केसरवानी ने किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से देश में एकता कायम रखने और देश की सुरक्षा का संदेश दिया।मंझनपुर स्थित एसबी कान्वेंट में सोमवार को अंबेडकर जयंती हमें कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी व विद्यालय के प्रबंधक ने दीप प्रज्वलित व सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने डा. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक विकास हेतू अनेक कार्य किए। डा. आंबेडकर ने जीवन में संघर्ष करते हुए भारतीय संविधान का निर्माण किया। मंझनपुर के पूर्व अध्यक्ष नरेशन केसरवानी ने संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया। विद्यालय के प्रबंधक मनोज केसरवानी ने सभी से संविधान के प्रति निष्ठा रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों नेने जलिया वाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्रों ने योग से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया और कई आसान करके दिखाएं। स्कूल की छात्राओं ने मेरे प्यारे वतन तुझे सत सत नमन के गीत पर देश के प्रति लोगों में जगाया।

## भाजपा के जन आशीर्वाद कार्यक्रम को भारी संख्या में मिल रहा है जन समर्थन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा कौशांबी के प्रत्याशी व वर्तमान सांसद विनोद सोनकर लगातार चुनाव क्षेत्र में जन आशीर्वाद कार्यक्रम के अंतर्गत भ्रमण कर रहे हैं और भ्रमण के माध्यम से जन समर्थन जुटाकर भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जन समर्थन की अपील कर रहे हैं।

बता दें कि आज रविवार को सर्वप्रथम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर ओसा ग्राम स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जन आशीर्वाद कार्यक्रम की शुरुआत की जन्म जयंती कार्यक्रम में बोलते हुए सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि बाबा साहब के पंच तीर्थ का विकास का काम यदि किसी ने किया तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा किया गया और माननीय मोदी जी के नेतृत्व में हुआ। कांग्रेस की सरकार ने राजघाट में बाबा साहब को स्थान क्यों नहीं दिया इन्हें बताना चाहिए। भारत रत्न क्यों नहीं दिया यह भी जवाब कांग्रेस को देना चाहिए। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ना धर्म देखा और ना ही जाति देखा और सभी वर्ग को एक समान रूप सभी



सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है कोई भेदभाव नहीं किया जाता ।तथा जन आशीर्वाद कार्यक्रम पतौन चौराहा पहुंची जहां पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया यही यात्रा शमशाबाद चौराहा ,(करन चौराहा )पहुंची जहां पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा ।सिराथू नगर पंचायत में जन आशीर्वाद यात्रा पूरे नगर में भृमण किया और भ्रमण के माध्यम से जन समर्थन जुटाया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्या, पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल ,लोकसभा संयोजक राकेश पांडे ,प्रेमचंद केसरवानी , वीरेंद फौजी नगर पालिका अध्यक्ष, गुलाब कुशवाहा ,बबलू गर्ग ,चक्रेश मिश्रा ,फूलमती,पूर्व ब्लाक प्रमुख ,राजीव पासवान भूपेंद्र सिंह पटेल ,भोले शंकर कुशवाहा ,चक्रधर पांडे ,सुनीता त्रिपाठी, लवकुश मौर्य ,राजेश कसेरा ,प्रशांत केसरी ,सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडे ने दी।

## नमो नमो क्रांति संस्थान ने अवाना आलमपुर में मतदाता जागरूकता अभियान की निकला रैली




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** नमो नमो क्रांति फाउंडेशन के युवा जिला अध्यक्ष सुभम पाण्डेय के अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाल कर लोगो को जागरूक किया जिसमे कहा गया सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो के नारा के संपर्क अभिनय किया रैली के दौरान युवा जिला अध्यक्ष सुभम पाण्डेय,जिला उपाध्यक्ष अजय पांडेय,जिला युवा उपाध्यक्ष सुनील तिवारी,अमन ओझा,इंद्रबीर यादव ,जिलासह मंत्री आदर्श शुक्ला, रवि पांडेय,पिंटू तिवारी,अरुण पासवान सहित दर्जनों फाउंडेशन के सदस्य मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती पर गंगा हॉस्पिटल में हुआ कैम्प का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सराय अकिल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सराय अकिल पटेल चौराहा स्थित गंगा हॉस्पिटल में द्वितीय स्थापना दिवस पर अंबेडकर जयंती के दिन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 50 प्रतिशत की छूट सभी मरीजों को दी गई तथा अल्ट्रासाउंड शुल्क मरीज से 200 लिया गया। गंगा हॉस्पिटल में द्वितीय स्थापना दिवस व अंबेडकर जयंती सैकड़ो मरीजों को 50ः दवा व जांच में छूट दिया गया अस्पताल के मैनेजर अजय चौधरी ने बताया कि गंगा हॉस्पिटल के द्वितीय स्थापना दिवस मरीज से 200 रुपए अल्ट्रासाउंड के सुविधा शुरू किया जाएगा कैंप का लाभ मरीजों ने खूब उठाया गंगा हॉस्पिटल में सैकड़ो मरीज ने बताया कि गंगा हॉस्पिटल में कम खर्चे में बेहतर इलाज किया जाता है अंबेडकर जयंती पर सभी लोगों को अंबेडकर जी के अनुयाई लोगों को जलपान की व्यवस्था कराई गई,गंगा हॉस्पिटल की द्वितीय स्थापना दिवस एवम् बाबा भीम राव अम्बेडकर को जयंती के शुभ अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा कैंप जिसमे 500 मरीजों का 200 मेंअल्ट्रासाउंड किया गया और जांच में 50 प्रतिशत की छूट दवा में 50 प्रतिशत की छूट दिया गया ,इस कैंप में डा.सुधीर सिंह ,डा. पी.सिंह डा. वी.के.दिवाकर डॉ विकास केसरवानी डॉक्टर सी.एस.मौजूद रहे,20 गरीबों को निःशुल्क भर्ती किया गया 10 मरीजों का ऑपरेशन कम खर्चे में किया गया है।

# बाबा साहब के सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग चलें - जिलाधिकारी

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मनाई गई जयंती

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जनपद में आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 133वी जयंती मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने भी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जातिवाद, संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोध मानते थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब शोषित, दलित, पिछड़े व सर्वसमाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किए, उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा की बाबा साहब का पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित था।

उन्होंने अपना पूरा जीवन दलित वर्ग को समाज में समानता दिलाने के लिए संघर्ष में लगा दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलकर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब को जानने के लिए उनके विचारों को पढ़ने की जरूरत है। बाबा साहब सिर्फ एक नाम ही नहीं एक विचार है। जिन्होंने समाज को हमेशा राह दिखाया है। हम लोगो को उनके बताये रास्ते पर चलना है तभी हम भारत का निर्माण कर सकते है। इसके अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।



## डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालक और बालिका वर्ग के दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रतापगढ़।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में बालक और बालिका वर्ग के दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी संजीव रंजन जी ने किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत उनके व्यक्तित्व एवं उनके कृतित्व पर खिलाड़ियों से विस्तार पूर्वक चर्चा किया।

इस मौके पर मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, उप क्रीड़ा अधिकारी रंजीत कुमार यादव, एथलेटिक्स कोच शोभनाथ यादव, क्रिकेट कोच आदित्य शुक्ला, दुर्गेश तिवारी, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, गंगा पांडे तथा स्टेडियम के बहुत सारे खिलाड़ी वह गणमान्य नागरिक व्यक्ति उपस्थित रहे

## धूमधाम संग मनाई गई बाबा साहेब की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर रविवार को बाबागंज विकास खंड की ग्राम पंचायत उतरार स्थित बाबा साहेब स्मारक स्थल में समाज सुधार समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज बाजार व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव द्वारा माल्यार्पण कर धूमधाम से उनकी जयंती मनाई गई।इस दौरान शिक्षक कमलेश गौतम, अध्यक्ष रामआसरे गौतम, बीडीसी घनश्याम सरोज, राहुल सरोज, संरक्षक बाबा रामदयाल गौतम, महासचिव प्रेम नारायण गौतम, कोषाध्यक्ष सुभाष गौतम, परमेश्वर यादव, राजेंद्र गौतम, रामकैलाश गौतम, केशलाल मौर्य, अनिल सरोज, अमित मौर्य, राजेश गौतम, ओमप्रकाश गौतम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर आज निकलेगी शोभा यात्रा

**सगरासुन्दरपुर प्रतापगढ़ –** लक्ष्मणपुर विकासखंड क्षेत्र के हन्डौर में शीतला माता एंव काली माता के मंदिर में सोमवार को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । जिसमें भक्तों द्वारा भक्ति के रंग में सराबोर होकर मंदिर स्थल से कालीकन धाम अमेठी व प्रताप वाहिनी मां शीतला धाम प्रतापगढ़ तक शांतिपूर्ण तरीके से शोभा यात्रा निकाली जाएगी । उक्त कार्यक्रम की जानकारी राजकुमार दुबे एंव लक्ष्मीशंकर दुबे ने दी है ।

# अम्बेडकर जयन्ती पर आयोजनों की धूम, माल्यार्पण कर संविधान निर्माता को दी गयी श्रद्धांजलि





**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती लालगंज क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गयी। विभिन्न जगहों पर जुलूस तथा सभाओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भव्यता में दिखा। नगर पंचायत के अझारा वार्ड से अम्बेडकर जयन्ती पर जुलूस निकाला गया। बाबा साहब अमर रहे तथा संविधान के जयकारे के साथ जुलूस जैनपुर व शीतलमऊ होते हुए संगम चैराहे के नजदीक अम्बेडकर पार्क पहुंचा। यहां पार्क में हुई सभा में संविधान विशेषज्ञ डॉ0 अम्बेडकर के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। जयन्ती का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक दल ने समतापरक समाज के निर्माण की जनचेतना को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश यादव ने डॉ0 अम्बेडकर के सिद्धान्तों को समाज में समता का दर्पण कहा। कार्यक्रम का संयोजन सभासद धर्मपाल ने किया। समारोह में पूर्व जिला पंचायत सदस्य छोटे लाल सरोज, हरिशंकर सरोज, सोनू पासी, दिलीप गौतम, वीरू कौशल, हीरा आदि ने डॉ0 अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। जुलूस के दौरान बाबा साहब के अनुयायियों को उनके चित्र पर पुष्प वर्षा करते भी देखा गया।

जुलूस में एहतियातन पुलिस दल भी मुस्तैद दिखा। वहीं लालगंज में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर बाबा साहब की जयन्ती पर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। गोष्ठी का संयोजन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के0डी0 मिश्र ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख इं0 अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, राजू पाण्डेय, रामू मिश्र, दिनेश सिंह आदि रहे। इसी क्रम में भवरामबोझी गांव में भी बाबा साहब की जयन्ती समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का संयोजन धर्मराज व अशोक ने किया। इस मौके पर लवकुश कोरी, रामप्रकाश प्रजापति, देवनारायणवर्मा, देवराज वर्मा, अयोध्या प्रसाद, आदि रहे।

## एएसपी ने किया औचक निरीक्षण, गंदगी पर मातहतों को फटकार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने रविवार को लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस चैकी में चुनाव की तैयारियों पर नजर डाली। चैकी परिसर में गंदगी देख एएसपी चैकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह पर भड़क उठे। उन्होंने पुलिस कर्मियों को शान्ति व्यवस्था के तहत संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथों पर भ्रमणशील रहने के भी कड़े निर्देश दिए। एएसपी ने चिन्हित अपराधियों पर नजर रखने के साथ हिस्ट्रीशीटरों की भी गतिविधियों को खंगालने के भी निर्देश दिए। अचानक चैकी पहुंचने पर एएसपी को लेकर पुलिस कर्मियों में हड़कम्प भी दिखा।

## अपर जिला जज ने जिला कारागार में बंदियों की रिहाई से सम्बन्धित दायित्वों के निर्वहन के संबन्ध में दिया प्रशिक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रतापगढ़।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार जिला कारागार में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी कैमपेन की सफलता हेतु एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं, जेल विजिटिंग लायर्स एवं जिला कारागार में निरुद्ध चयनित पी एल वी को बंदियों की रिहाई से सम्बन्धित दायित्वों के निर्वहन के संबन्ध में प्रशिक्षण दिया गया । सचिव नीरज कुमार बरनवाल ने बताया कि उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा समय समय पर जारी निर्णयों के महत्वपूर्ण अंशों तथा एस ओ पी को संकलित कर जनपद न्यायालय की बेवसाइट पर अपलोड किया जाना है । इस सम्बन्ध में यू टी आर सी के संबन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई । इस अभियान में किस श्रेणी के बंदियों को लाभ दिलाया जा सकता है उसके लिए विस्तार से बताया गया। बंदियों को दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में बताया गया । इस अवसर पर तीन चक्रों में टेक्निकल सेशन का आयोजन करके प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर रिशोर्स पर्सन के रूप में अपर जिला जज एफ टी सी सुमित पंवार ने यू टी आर सी के अन्तर्गत आने वाले बंदियों के संबन्ध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे अभियान चलाकर पात्र बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता दिलाई जाएगी। इस अवसर पर जेलर अजय कुमार सिंह, उप जेलर आफताब अंसारी एवं शारदा देवी, विश्वनाथ त्रिपाठी एडवोकेट जेल विजिटर , महावीर प्रसाद यादव चीफ लीगल डिफेन्स कौंसिल, अभय सिंह डिप्टी चीफ, तजीन फातिमा ज्योति शुक्ला, असिस्टेंट लीगल डिफेन्स कौंसिल, डा0 प्रवीन रंजन सहित जेल के पी एल वी उपस्थित रहे ।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉ0 वीरेन्द्र, अर्पित हुई श्रद्धांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में प्रबंध समिति के अध्यक्ष रहे डॉ0 वीरेन्द्र कुमार मिश्र की प्रथम पूण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र व शिक्षकों ने डॉ0 वीरेन्द्र मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य डॉ0 शैलेन्द्र ने कहा कि चिकित्सा तथा शिक्षा के क्षेत्र में डॉ0 वीरेन्द्र का योगदान सदैव समाज के लिए मार्गदर्शक रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैन्य विज्ञान विभाग के संकाय अध्यक्ष डॉ0 राजेन्द्र मिश्र व संचालन डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ0 ऋचा पाण्डेय, डॉ0 महेश, डॉ0 श्यामनारायण त्रिपाठी, डॉ. एश्वर्य, डॉ0 आलोक दुबे, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0शैलेन्द्र सरोज, डॉ0 निशान्त पाण्डेय, संतोष द्विवेदी, वज्रघोष ओझा, अरविंद मौर्य, गोविन्द आदि रहे।

# जनपद में गेहूं की फसल का उत्पादन जानने को लेकर डीएम ने कराई क्राप कटिंग

## किसानों से सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने की किया अपील





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने तहसील पट्टी, विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के अंतर्गत आज ग्राम खभोर में गेहूं की फसल के उत्पादन जानने को लेकर क्रॉप कटिंग कराई। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम खभोर में राजस्व व कृषि विभाग की टीम के साथ किसान साकिर अली के खेत पर पहुंचकर अपने सामने क्षेत्रफल 43.30 वर्ग मीटर गेहूं की फसल की क्राप कटिंग कराई तथा तौल भी कराया गया जो 14.680 किग्रा निकला। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्राप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसान भाईयों से सीधा संवाद स्थापित किया और अपने नजदीक के क्रय केन्द्र पर गेहूं बेचने हेतु किसानों से अपील भी की। उन्होने कहा कि सरकारी गेहूं क्रय केन्द्र पर किसान भाई गेहूं बेचे ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने बताया कि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य रु. 2275 प्रति कुंतल निर्धारित है।

इसके साथ ही उन्होंने किसान भाइयों से अपने खेतों में फसल अवशेषों को ना जलाने की भी अपील किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित किसान भाइयों से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आगामी 25 मई 2024 को अपने व आसपास के लोगों को मतदान करने की अपील किया।

उन्होंने कहा कि जो लोग बाहर रह रहे हैं उनको फोन के माध्यम से वार्ता कर मतदान करने के लिए कहें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पट्टी देश दीपक सिंह , अपर सांख्यिकी अधिकारी करुणेश यादव, नायब तहसीलदार रामेश्वर तिवारी, राजस्व निरीक्षक श्याम नारायण तिवारी ,लेखपाल मनोज कमल सहित किसान भाई मौजूद रहे।

## नवरात्रि पर पूजी गई मां कात्यायनी, कन्या पूजन का उत्सव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वासन्तिक नवरात्रि में देवी भक्तों द्वारा जगह जगह कन्या पूजन व कन्या भोज के आयोजनों की धूम देखी जा रही है। रविवार को मंदिरों तथा घरों में मां कात्यायनी के स्वरूप का पूजन हुआ। वहीं मंदिरों में देवी आराधना के भी कार्यक्रम देवी भक्तों को मंत्रमुग्ध किए हुए है। रविवार को नगर के विद्या मंदिर मार्ग पर सामूहिक कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इसमें माताओं ने कन्याओं का तिलक अभिषेक करते हुए उनका पूजन किया। पूजन कार्यक्रम में कन्याओं को देवी मां का प्रसाद भी ग्रहण कराया गया। किरन शुक्ला, शिखा, माण्डवी, ऋषभ आदि ने नन्हीं-मुन्हीं कन्याओं का अभिषेक किया। बाबा घुइसरनाथ धाम में समाजसेवी डॉ0 रामशिरोमणि तिवारी के संयोजन में भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन शैलेन्द्र तिवारी व इं0 जितेन्द्र तिवारी ने किया।

## सीडीओ/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने कार्मिको के प्रशिक्षण स्थल राजकीय इंटर कॉलेज एवं सेंट एंथोनी इण्टर कालेज का किया निरीक्षण, सभी तैयारियां पूर्ण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा ने मतदान कार्मिक प्रशिक्षण स्थल राजकीय इंटर कॉलेज एवम सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण संकुशल सम्पन्न हो, प्रशिक्षण में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त उन्होने संबंधित अधिकारियों को अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। दिनांक 15 अप्रैल 2024 के प्रशिक्षण में दोनों प्रशिक्षण केंद्र पर प्रथम पाली में 1600 और दूसरी पाली में 1600 कार्मिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। दोनों प्रशिक्षण स्थलों पर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस दौरान जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज कुलश्रेष्ठ तिवारी सहित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मो0 अनीस, धर्मेन्द्र ओझा, नीरज मिश्रा आदि रहे।

## दो आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीओ की फटकार पर लालगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के राजातारा निवासी राधेश्याम सरोज के पुत्र राममिलन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रविवार को दिन में गांव के विवेक वर्मा पुत्र नारेन्द्र तथा विशाल ने रास्ते के विवाद को लेकर रंजिशन उसे जातिसूचक गालियां दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे तमंचे की बट से मारपीट कर चोटहिल कर दिया। शोर मचाया तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गए। पीड़ित ने सीओ को आपबीती सुनाई। सीओ रामसूरत सोनकर की फटकार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है।

# भाजपा के संकल्प पत्र में है सिर्फ मोदी की गारण्टी झूठ का दस्तावेज-प्रमोद तिवारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा के चुनावी घोषणा पर प्रतिक्रिया जताते हुए कहा है कि बीजेपी की घोषणापत्र में नीति व नियत को लेकर फिर खोट उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 एवं वर्ष 2019 का भाजपा का जो घोषणा पत्र था उसके दस प्रतिशत वायदे भी पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा है कि अब आज चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी का जो संकल्प पत्र/घोषणा पत्र आया है उन पीएम मोदी की गारण्टी दी गयी है जिनकी आज तक देश को दिए गए किसी वचन की गारण्टी पूरी नहीं हुई है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बतौर उदाहरण कहा है कि विदेशों से कालाधन की वापसी, प्रत्येक परिवार को पन्द्रह लाख रूपये, प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियों को रोजगार के हिसाब से दस साल में बीस करोड़ नौकरियों के रोजगार की पीएम मोदी की गारण्टी का कहीं अता-पता नहीं है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि किसानों की आय दो गुनी करने का भाजपा का वायदा था। उन्होंने तंजकसा कि किसानों की आय तो दोगुनी हुई नहीं बल्कि उनका कर्ज जरूर बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1949 में सैंतालिस हजार के स्थान पर अब चैहत्तर हजार रूपये प्रति किसान कर्ज हो गया है। रविवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी बयान में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि पिछले दस सालों में बेरोजगारी तीन गुना बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि महंगाई पर मोदी सरकार के द्वारा नियंत्रण करने की गारण्टी थी। उन्होंने कहा कि सत्यता यह है कि पिछले अड़तीस सालों में भाजपा सरकार ने महंगाई को सबसे ऊँचे पायदान पर लाकर पहुंचा दिया है। उन्होंने किसानों की आय दो गुनी करने के मोदी सरकार के वायदे को भी पूरी तरह झूठा करार दिया। उन्होंने कहा है कि दो गुनी आय की बात छोड़िए किसानों को अपनी लागत तक निकालना भी मुश्किल हो गया है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, खाद्यान्न, वस्तुएं, तथा डालर के मुकाबले रूपये की साख व निर्यात सभी में बेतहासा गिरावट आयी है। उन्होंने कहा कि चीन सहित अन्य सभी देशों में निर्यात में भारी कमी आना मोदी सरकार की विफलता हैं। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भाजपा के शासन में अग्निवीर योजना को युवाओं के लिए सबसे बड़ी धोखेबाजी कहा है। उन्होंने दावे भरे अंदाज में कहा है कि ऐसा लगता है कि भाजपा ने अपनी पराजय चुनाव में स्वीकार कर ली है। इसीलिए भाजपा के घोषणा पत्र में गारण्टी में किसान, नौजवान, चिकित्सा, शिक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मामलों पर चुप्पी साध ली है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को किसानों, नौजवानों और अग्निवीर जवानों से माफी मांगते हुए भाजपा के संकल्प पत्र का नाम प्रायश्चित पत्र का नाम देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि पीएम मोदी की जन सभाओं एवं रोड शो में घटती भीड़ यह साबित कर रही है कि भाजपा का संकल्प पत्र पूरी तरह से दस्तावेज के साथ यह भी मात्र जुमला पत्र है।



# बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात किये बिना बेहतर समाज की नही हो सकती स्थापना- रमेश





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** डॉ भीमराव अंबेडकर इंटर मीडिएट कालेज बिहामिदपुर में रविवार को संविधान निर्माता व भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ मनायी गयी।इस दौरान उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए बच्चों को प्रेरणा दी गयी।

कार्यक्रम का संचालन अभय यादव ने किया।इस दौरान विद्यालय के संचालक शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द्र सोनकर ने कहा कि जबतक हम बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात नहीं करेंगे, तबतक बेहतर समाज की स्थापना नहीं कर सकते।

उन्होंने विद्यालय के बच्चों को पेन व कॉपी देकर उनका उत्साह वर्धन किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन यादव ने आए हुए अतिथियों व अभिवावकों का आभार जताया।

इस अवसर पर रमेश चंद्र गौतम, मो सरफ़राज, अजहरुद्दीन, पूनम देवी, मुस्कान, अर्पिता, ज्योति, अनामिका,

रोहित सोनकर, मतेश कुमार, सत्यप्रकाश, पीताम्बर, अजीत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## बिदनपुर के पास ट्रेन से कटी महिला की हुई पहचान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार को लगभग 11 बजे प्रयागराज से कानपुर की तरफ जा रही सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ जाने से एक महिला की मौत हो गई थी। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को महिला की पहचान पुलिस द्वारा जारी फोटो को देखकर गिरधरपुर के बिंदेश्वरी प्रसाद मृतक महिला की शिनाख्त करते हुए बताया की मृतक उसकी पत्नी अनारकली थी जो शनिवार को सुबह करीब दस बजे घर से बेटी के यहां टीकरडीह जाने की निकली थी। बिदनपुर के पास रेलवे लाइन को पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई जिसकी उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया।

## पांचवे दिन श्री शतचण्डी महायज्ञ में देवताओं के पूजन अर्चन के साथ हुआ हवन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** दारानगर कस्बे में आयोजित श्री शतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें भोर काल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञशाला की विधिवत परिक्रमा करते हैं। पूरे दिन भक्तों का परिक्रमा हेतु यज्ञशाला में तांता लगा रहता है। स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज के सानिध्य में यह कार्यक्रम बहुत ही भव्य तरीके से किया जा रहा है। मुख्य यजमान राजनारायण मिश्र, कृष्ण कुमार केशरवानी, अमृत लाल केशरवानी के साथ एक दिवसीय यजमान के रूप में राजमणि तिवारी, दीनानाथ अवस्थी, रेवती रमण पांडेय, पवन कुमार तिवारी, नारायण नामदेव, मधुरेश मिश्र, दम्मू अग्रहरि, नीतीश केसरवानी सहित दस यजमान रहे। सभी यजमानों ने अपने परिवार के साथ वैदिक विधि के द्वारा मां भगवती की पूजन अर्चना की।कथा व्यास आचार्य डॉ0 कृष्ण देवाचार्य ने बताया कि देवी भागवत पुराण, जिसे देवी भागवतम, भागवत पुराण, श्रीमद भागवतम और श्रीमद देवी भागवतम के नाम से भी जाना जाता है।यह देवी भगवती आदिशक्ति दुर्गा जी को समर्पित एक संस्कृत पाठ है और हिंदू धर्म के अठारह प्रमुख महापुराणों में से एक है ,जोकि महर्षि वेद व्यास जी द्वारा रचित है। इस पाठ को देवी उपासकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह महापुराण परम पवित्र वेद की प्रसिद्ध श्रुतियों के अर्थ से अनुमोदित, अखिल शास्त्रों के रहस्य का स्रोत तथा आगमों में अपना प्रसिद्ध स्थान रखता है। यह सर्ग, प्रतिसर्ग, वंश, वंशानुकीर्ति, मन्वन्तर आदि पाँचों लक्षणों से पूर्ण हैं। पराम्बा श्री जगदम्बा भगवती दुर्गा जी के पवित्र आख्यानों से युक्त इस पुराण में लगभग अठारह हजार श्लोक है। छठवें दिन की कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का आयोजन हुआ जिसमें झांकियां के द्वारा भक्ति में श्रद्धालु भक्त आनंद लेते रहे। कार्यक्रम में नील कमल मिश्र, मूल प्रकाश त्रिपाठी , एडवोकेट लक्ष्मीकांत त्रिपाठी , प्रभाकर शुक्ला, कृष्ण प्रकाश तिवारी, हिमांशु केसरवानी,राजेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल में मौजूद रहे।

## खाना बनाते समय घर मे लगी आग, हजारों का सामान जलकर राख

**कड़ा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के अंतर्गत अंतूकापूरा में शनिवार की रात गरीब के आशियाने मे आग लग गयी। इस आगजनी में पीड़ित का कपड़ा, बिस्तर सहित अन्य जरूरत का सामान जलकर राख हो गया।घटना में पीड़ित को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।जानकारी के अनुसार अंतूकापूरा निवासी दिनेश गौतम पुत्र विशाल मेहनत मजदूरी करके गुजर बसर करता है।शनिवार की रात उसकी पत्नी मैकी देवी गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी।बताते हैं कि गैस लीकेज के कारण अचानक आग लग गयी।घर के लोग जबतक कुछ समझ पाते तबतक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर का सामान धू धू कर जलने लगा। पास पड़ोसियों की मदद से जबतक आग पर काबू पाया गया तब तक गरीब का हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

# छठे दिन भक्तों ने की कात्यायनी स्वरूप की पूजा

## महर्षि कात्यायन के नाम से पड़ा था माता का नाम कात्यायनी




**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** 51वीं शक्तिपीठ कडाधाम में नवरात्रि के छठे दिन भक्तों ने मां के छठवें स्वरूप की विधिवत पूजा पाठ की।पौराणिक मान्यता है कि एक प्रसिद्ध महर्षि ने जिनका नाम कात्यायन था,ने भगवती जगदम्बा को पुत्री के रूप में पाने की कठोर तपस्या की। कई हजार सालो की कठिन तपस्या के बाद महर्षि कात्यायन के यहां देवी जगदम्बा ने पुत्री रूप में जन्म लिया और कात्यायनी कहलायी।ये बहुत ही गुणवती थी इनका प्रमुख गुण खोज करना था इसीलिए वैज्ञानिक युग में देवी कात्यायनी का सर्वाधिक महत्व हैं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी है। इस दिन साधक का आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है और आज्ञा चक्र में स्थित होने के कारण मां कात्यायनी के सहज रूप से दर्शन प्राप्त होते है। साधक इस लोक में रहते हुए अलौकिक तेज से युक्त रहता हैं।एक मान्यता यह भी है कि गोपियों ने कृष्ण की प्राप्ति के लिए देवी कात्यायनी की पूजा की थी साथ ही विवाह संबंधी मामलो के लिए इनकी पूजा सबसे अचूक मानी जाती है।इनकी पूजा से योग्य और मनचाहा पति की मनोकामनाएं पूरी होती है।ज्योतिष में बृहस्पति देव का सम्बंध मां कात्यायनी से माना जाता है।कडाधाम नवरात्रि के छठे दिन भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचे।मेला में कोई अप्रिय घटना न हो सके इसलिए भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही वही भरी पुलिस फोर्स मेले का निरीक्षण करते रहे।

## अजुहा में भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से मनाई गई जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत अजुहा कार्यालय में अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने दलित शोषित वंचित के मसीहा संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए कहा की अच्छा देखने के लिए नहीं, बल्कि अच्छा बनने के लिए जियो , डा अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्षा शांति कुशवाहा ने नमन करते हुए कर्मचारियों सभासदों से कहा कि दलित शोषित वंचित के मसीहा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए हुए रास्ते पर हम सभी को चलना चाहिए। उन्होंने भारत ही नहीं पूरे विश्व में सुख शांति समृद्धि की अलख जगाई थी। इस मौके पर भाजपा नेता ओम प्रकाश कुशवाहा, सभासद प्रतिनिधि फूलचंद केसरवानी, सभासद रामबाबू मोदनवाल , सुरेश कुमार मौर्य , रमेश कुमार , दीपक कुमार उर्फ पप्पू गौतम , सुघर सिंह, सुरेश चंद्र केसरवानी सहित वरिष्ठ लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव , सुरेश यादव, करन सिंह, राजाराम ,राम प्रताप, मनोज कुमार, सूर्य प्रकाश साहू,गजराज सहित नगर पंचायत कर्मी उपस्थित रहे।

## सौरई बुजुर्ग में धूमधाम से मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानो , समाज के प्रत्येक वर्ग व राजनीतिक दलों के लोगो ने हर्षोल्लास के साथ मनाते हुये उनकी प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हें नमन किया । इसी कड़ी में विकास खंड कड़ा के सौरई बुजुर्ग गांव में राम सागर मोहल्ले के अंबेडकर पार्क से संरक्षक नियाज अहमद सिद्दकी पूर्व जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष बसपा व कार्यक्रम के आयोजक रितेश कुमार गौतम की अगुवाई में ग्रामीणों ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया व अपने विचार रखे। जिसके बाद डीजे की धुन पर ग्रामीणों ने जय भीम के जयकारे लगाते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस अंबेडकर पार्क में जुलूस का समापन हुआ तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया

जिसके बड़ी संख्या में मौजूद लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया । इस मौके पर नियाज अहमद सिद्दकी ने कहा की डा भीमराव अंबेडकर ने गरीबों , दलितों के लिए संघर्ष करते हुए उनको उनका हक दिलाया । असद सिद्दकी ने कहा की हम सबको भीमराव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए व उनके बताए रास्तों पर चलना चाहिए । इस मौके पर संरक्षक नियाज अहमद सिद्दकी , असद सिद्दकी , रितेश कुमार गौतम , रणविजय निषाद , जगरूप , धीरेंद्र कुमार , राहुल कुमार , वीरेंद्र कुमार , रिंकू , इंद्रजीत , धर्मेंद्र , पुनीत , सुरेंद्र , श्यामू , मुकेश , जितेंद्र , अरविंद , गोपी नाथ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे । वही सौरई बुजुर्ग का मजरा नौढीया गांव में डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद जुलूस निकाला गया जहां आयोजक राम अवतार गौतम सहित श्रीनाथ , जगरूप सरोज, शंकर लाल मौर्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## करेंट की जद में आने से इलाज के दौरान युवती की मौत,कोहराम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में करेंट की जद में आने से एक युवती झुलस गई जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सको ने युवती को मृत घोषित कर दिया , युवती की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जाता है की सैनी कोतवाली क्षेत्र के ननसेनी गांव की रहने वाली मनू मौर्या पुत्री स्व राम प्रसाद मौर्य 22 वर्ष रविवार की सुबह घर में टुल्लू मोटर चलाने के लिए प्लग लगा रही थी तभी अचानक करेंट की जद में आ गई और बुरी तरह झुलस गई घरवालों ने देखा तो आनन फानन में युवती को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने युवती को मृत घोषित कर दिया , युवती की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया। युवती तीन भाइयों में अकेली बहन थी जिसकी दो दिन बाद सगाई की रस्म होनी थी।

## नगर पंचायत कार्यालय में मनायी गयी बाबा साहब की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम कार्यालय में रविवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी।नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी की अगुवाई में नगर पंचायत कार्यालय में बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गयी।इस दौरान नगर अध्यक्षा ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा शोषितों, वंचितों और महिलाओं के लिए कार्य किया। उन्होंने दलितों व गरीबो के उत्थान के लिए काम किया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 12 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना पश्चिम शरीरा से 04, थाना पिपरी से 02, थाना कोखराज से 02, थाना कड़ाधाम से 04) कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## ससुरालियों ने दहेज की खातिर नव विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

### पति बुलेट और 1लाख रुपए की कर रहा है मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के कशिया पूर्व गांव में एक नवविवाहिता को ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके शरीर को चाकू से गोद डाला और शनिवार को पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने फोन कर अपने मामा को बुलाया और उनको मामले की जानकारी दी।पीड़िता ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

प्रयागराज के थरवई थानाक्षेत्र अंतर्गत बढ़नपुर गांव की सना के अनुसार उसका विवाह 25 दिसंबर 2023 को संदीपन घाट थानाक्षेत्र के कशिया पूर्व गांव निवासी आरिफ पुत्र रईस के साथ हुआ था।उसके मामा पप्पू ने शादी में अपनी हैसियत के मुताबिक काफी सामान दहेज में दिया था। ससुरालीजन दहेज में मिले सामान से संतुष्ट नहीं थे।

वह दहेज में बुलेट और 1लाख रुपए की मांग करने लगे। उन्होंने यह दोनों मांगें पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। आरोप है कि शनिवार को मांगें पूरी न होने पर पति ने ससुर, सास और देवरों के साथ मिलकर उसके शरीर को चाकू से गोद डाला और जमकर पिटाई करने के बाद धक्के मार कर घर से निकाल दिया।उसने रोते हुए मोबाइल से अपने मामा को मामले की जानकारी दी।भांजी की आपबीती सुनकर उनके होश उड़ गए।घायल पीड़िता ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## कब्र के चबूतरे से टकराकर बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के लोधौर गांव के समीप शनिवार की रात अनियंत्रित बाइक कब्र के चबूतरे से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।पिपरी क्षेत्र के रसूलपुर ब्यूर मजरा पिपरहाई गांव निवासी वीरेंद्र कुमार मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। उसका 20 वर्षीय पुत्र धीरेंद्र कुमार हैंडपंप की बोरिंग करने का काम करता था।परिजनों के अनुसार शनिवार को वह सयपार गांव निवासी छोटू को साथ लेकर बाइक से किसी काम के सिलसिले में नेवादा गया हुआ था। वहां से वह रात करीब दस बजे घर लौट रहा था।इसी दौरान लोधौर गांव के समीप किसी वाहन को बचाने के चक्कर में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित कब्र के चबूतरे से टकरा गई। हादसे में गंभीर चोट लगने से धीरेंद्र कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। वह रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को सूचना दिए बिना ही परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## पुलिस लाइन में मनाई गई डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती, दिलाई गई शपथ




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी साथ ही संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर समस्त अधिकारी कर्मचारीगण को देश की अखण्डता व एकता की शपथ दिलाई गयी।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व क्षेत्राधिकारी पुलिस लाईन सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा अपने सर्किल कार्यालय में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी साथ ही संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर समस्त अधिकारी कर्मचारीगण को देश की अखण्डता व एकता की शपथ दिलाई गयी।

## स्किल टॉपर्स क्लासेज में धूमधाम से मनी अंबेडकर जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अवाना, कौशाम्बी।** स्किल टॉपर्स क्लासेज में अंबेडकर जयंती समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह विशेष अवसर भारतीय संविधान के निर्माता और समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस आयोजन में संस्थान के छात्रों, शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अंबेडकर के जीवन, कार्य और उनके आदर्शों का सम्मान किया।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और डॉ0 अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद छात्रों ने अंबेडकर के योगदान और उनकी उपलब्धियों पर विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने अंबेडकर के जीवन पर आधारित भाषण, स्किल टॉपर्स क्लासेज के छात्र आकाश कुमार ने संविधान के प्रस्तावना पर भाषण दिया । इस अवसर पर शिक्षकों ने अंबेडकर के विचारों की आज के संदर्भ में प्रासंगिकता पर चर्चा की और उनके सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को समझाया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने अंबेडकर की विरासत को जीवंत किया और उनके संघर्षों और उपलब्धियों को सम्मानित किया। समारोह के अंत में स्किल टॉपर्स क्लासेज के निदेशक शिवदयाल ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि अंबेडकर के सिद्धांतों और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने के महत्व पर भी जोर दिया।

इस कार्यक्रम में स्किल टॉपर्स क्लासेज के शिक्षक अजय कुमार , मनीष कुमार, हरिलाल ने बच्चो को अंबेडकर जयंती के बारे में जानकारी साझा किया। इस तरह से स्किल टॉपर्स क्लासेज में अंबेडकर जयंती समारोह ने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को याद करते हुए उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा प्रकट की।

## सम्पादकीय

### हाईकोर्ट के बेबाक फैसले से सबसे मुश्किल विपक्ष

अरविंद केजरीवाल मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के बेबाक फैसले ने कई भ्रमों को दूर कर दिया है। यही कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करना गलत है।इसलिए कि वह झूठे तथ्यों और डराए गए गवाहों से बलात लिए बयानों पर आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार को जमींदोज के इरादे से रची गई साजिश के तहत है। यह आम चुनाव में भागीदारी के समान अवसर के अधिकार से वंचित करना है। इनके पीछे केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार है, जिसके इशारे पर ईडी काम कर रहा है।न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 25 मिनट तक पढ़े गए अपने फैसले में केजरीवाल की याचिका के सभी मुद्दों को बिंदुवार स्पष्ट किया है। फैसले के मुताबिक उनकी गिरफ्तारी नियमत− और साक्ष्य-आधारित है। रिमांड जायज है। ईडी के आठ-आठ समनों के बाद भी पूछताछ में न आना और पर्याप्त सबूत भी हों तो गिरफ्तारी लाजिमी है।इसमें हैसियत के हिसाब से फेरबदल नहीं किया जा सकता। दिल्ली के मुख्यमंत्री कीआबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के करोड़ों रुपये के मामले में प्रमाणित संलिप्तता रही है। वे इससे व्यक्तिगत रूप से और बतौर आप संयोजक जुड़े रहे हैं। इसकी पुष्टि ईडी के समक्ष नहीं, बल्कि अदालत में धारा 164 के तहत गवाहों के बयानात से भी होती है। हालांकि आप नेता इन्हें ईडी का गढ़ा मान रहे हैं। उनका यह रवैया जनता को तथ्यों से गुमराह करने वाला है, चुनावी मौसम में वह चाहे जितना सही हो।यह अदालत की मान्यता के भी विरु द्ध है। हालांकि उच्च न्यायालय ने इन गवाहों से आगे मुकदमे की सुनवाई के दौरान केजरीवाल के बहस के हक को नकारा नहीं है। न्यायालय का यह स्पष्टीकरण महत्त्वपूर्ण है कि यह मामला केंद्र नहीं बल्कि ईडी बनाम अरविंद केजरीवाल का है।यह कोई राजनीतिक नहीं, सीधे-सीधे भ्रष्टाचार का मामला है। इसके आरोपित को जांच के तरीके तय करने या इसमें कोई सुविधा मांगने का हक नहीं है। उसे एक आम नागरिक की तरह ही लड़ाई लड़नी होगी। इस फैसले ने मुख्यमंत्री को पैदल कर दिया है। उन्हें सहानुभूति पाने के लिए नया तर्क गढ़ना होगा।केजरीवाल की सबसे बड़ी चुनौती न्यायालय के इस आकलन को गलत ठहराने की होगी, जो ईडी से सहमत है कि आप एक पार्टी नहीं, बल्कि कंपनी की तरह है और वे खुद निदेशक की तरह काम करते हैं। उनके लिए फैसले का यह सबसे मुश्किल विपक्ष है। केजरीवाल अब सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष हैं, जहां इन टिप्पणियों पर भी गौर किया जाएगा।




**मेष राशि:** आज आपका दिन घूमनेफिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाए, रुके हुए पैसे वापस मिलेंगे।

**वृष राशि :** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज कोई काम शुरू करते वक्त आपको सोंच विचार करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। नेत्र संबधित समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है। मां दुर्गा को पान का पत्ता अर्पित करें, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

**मिथुन राशि:** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वॉइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। माता के आगें माथा टेके, करोबार में बढ़ोतरी होगी।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों केसाथ बाहर खाने का प्लान बनायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर कोई भी फैसला लेना चाहिए। आज आप कोई नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं। व्यापार में थोडा बदलाव लायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आज किसी कन्या के पैर छूकर आशीर्वाद लें, आपकी मेहनत रंग लाएगी।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज बड़ों का सपोर्ट आपको मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे। स्कंद माता को फूल अर्पित करें, मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस में कोई डील आज फाइनल होगी। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बितायेंगे। किसी के सहयोग से आपको लाभ होगा। मां दुर्गा की उपासना करें, आपके आय में बढ़ोतरी होगी।

**तुला राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने मे सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। दुर्गा जी की आरती करें, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।


**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। इस राशि के प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों को समझदारी से तैयारी करनी चाहिए। माता पिता की जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। माता के सामने घी का दीपक जलाएं, जीवन में दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

**धनु राशि :** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। कोई पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य अनुसार सहायता करेंगे। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। दुर्गा स्त्रोत का पाठ करें, स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**मकर राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कोई मशीनरी खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेमभाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। स्कंदमाता को मीठे का भोग लगाएं, किस्मत का साथ मिलता रहेगा।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का प्रोजेक्ट जल्द पूरा हो जाएगा, लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बेहतर बनेगा। परिवार के साथ माता दुर्गा की पूजा करें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

**मीन राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे। सिविल इंजीनियर्स का आज कोई पहले का प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आपके सभी रूके हुए काम बनेंगे।




# अमेठी और रायबरेली के बारे में गांधी परिवार क्या सोच रहा है ?



**अशोक भाटिया**

यदि हम पिछले 2019 के चुनाव पर नज़र फेरे तो तब कांग्रेस की 15 उम्मीदवारों की पहली सूची में अमेठी और रायबरेली शामिल थे। इस बार कांग्रेस ने 15 सूची में 244 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए लेकिन इन दोनों सीटों के नाम सामने नहीं आए। रायबरेली से चुनाव लड़ती रही सोनिया गांधी अब राजस्थान से राज्यसभा सांसद बन चुकी है। ऐसे में वे अब लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। उनकी जगह कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का नाम कई बार सामने आया, लेकिन पार्टी ने अधिकृत तौर पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा ने जरूर यहां से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। अमेठी में 2019 में राहुल गांधी भाजपा की स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए जबकि वायनाड से जीते थे। वायनाड से राहुल के बतौर उम्मीदवार नाम पहली सूची में आ गया, लेकिन अमेठी की घोषणा रोक दी। रायबरेली से प्रियंका के चुनाव लड़ाने का विकल्प खुला हुआ है।कांग्रेस नेता तर्क देते हैं कि अमेठी-रायबरेली में चुनाव 20 मई को है इसलिए अभी फैसले के लिए काफी समय है। दूसरी ओर कांग्रेस वाराणसी, देवरिया, बांसगांव, महाराजगंज सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है जहां अंतिम चरण में एक जून को मतदान है। ऐसे काफी समय होने का पार्टी का तर्क दमदार नजर नहीं आता।कांग्रेस के रणनीतिकारों को यह डर भी सता रहा है कि दोनों सीट से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ता है तो भाजपा चुनाव में यह मुद्दा बना सकती है वह डर गए हैं। ऐसे में पार्टी ने सारे विकल्प खुले रखे हैं और सोच विचार के बाद ही इस पर फैसला किया जाएगा।सूत्रों की मानें तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी वायनाड के साथ-साथ अमेठी सीट से भी लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस के आला नेता का कहना है कि अमेठी से चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस सांसद का मन बदल रहा है। पहले वायनाड छोड़ू तो अमेठी नाराज और अमेठी छोड़ू तो वायनाड नाराज के चलते राहुल गांधी अमेठी से दूरी बनाए हुए थे, लेकिन हाल में जब राहुल पर हार के डर से भागने की तोहमत बीजेपी ने लगाई, तो कांग्रेस नेता ने भी अपने फैसले पर गंभीरता से विचार करना शुरू कर दिया है।कांग्रेस की अंदरूनी बैठक में राहुल गांधी ने कहा, ÷हम डरने वाले नहीं हैं। मेरी व्यक्तिगत वजहें थीं, लेकिन डर के भागने जैसी बात की जा रही है। आप लोग भी कह रहे हैं कि उत्तर भारत में संदेश ठीक नहीं जाएगा, पारंपरिक सीट है, तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा, क्योंकि डर कर भाग गया। ये संदेश गलत है, इसको नेस्तनाबूत करना होगा।कांग्रेस के भीतर भी नेता अपने अपने तरीके से कयास लगा रहे हैं। भले ही वे मीडिया के सूत्र बनकर कुछ न कुछ बोल दे रहे हैं, लेकिन वे भी हवा में ही कयास लगा रहे हैं - लेकिन अमेठी पर फैसले में वायनाड फैक्टर की एक खास भूमिका जरूर लगती है। रही बात रायबरेली लोकसभा सीट की तो उसे सोनिया गांधी की चिट्ठी से समझने की थोड़ी कोशिश की जा सकती है। राजस्थान से राज्यसभा का नामांकन दाखिल करने के बाद सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों के नाम बड़ी ही इमोशनल चिट्ठी लिखी थी - और पुराने रिश्तों को कायम रखते हुए आगे भी परिवार के लिए सपोर्ट सिस्टम बने रहने की सोनिया गांधी ने अपील की थी। अपनी चिट्ठी के जरिये रायबरेली को लेकर जो संकेत सोनिया गांधी ने देने की कोशिश की थी, राहुल गांधी ने कभी ऐसे भाव नहीं व्यक्त किये। हां, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान



वो अमेठी और रायबरेली गये जरूर थे - लेकिन उस दौरे को लेकर वहां के कांग्रेस नेताओं की नाराजगी ही सामने आई थी। स्थानीय कांग्रेस नेताओं का कहना था कि कांग्रेस नेता के स्वागत के लिए जगह जगह जरूरी इंतजाम किये गये थे, लेकिन राहुल गांधी किसी भी जगह अपनी गाड़ी से नहीं उतरे। राहुल गांधी की नाराजगी स्वाभाविक लगती है। हैं तो वो भी इंसान ही, नेता और राजनेता होने से क्या होता है? वैसे भी अमेठी के लोगों ने जो सलूक राहुल गांधी के साथ किया है, रायबरेली के लोगों ने तो सोनिया गांधी के साथ नहीं किया। 2019 में भी रायबरेली के लोग सोनिया गांधी के साथ खड़े रहे, लेकिन अमेठी के लोगों ने राहुल गांधी का साथ छोड़ दिया। कांग्रेस नेताओं को हराने के लिए बीजेपी ने अपनी समझ से अमेठी की ही तरह रायबरेली में भी तो कभी गांधी परिवार के करीबी रहे कांग्रेस नेता को सोनिया गांधी के खिलाफ उतार दिया था। हां, दिनेश प्रताप सिंह और स्मृति ईरानी में बड़ा फर्क तो है ही।बहरहाल, सीनियर कांग्रेस नेता एके एंटनी ने अमेठी और रायबरेली को लेकर जो संकेत दिया है, वो अपनेआप में काफी महत्वपूर्ण है। खासकर ऐसे वक्त जब दोनों सीटों पर आम लोगों के साथ साथ बीजेपी की निगाहें टिकी हुई हों। क्योंकि कांग्रेस ही नहीं, बीजेपी ने भी अमेठी और रायबरेली में से किसी भी जगह के लिए उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है - वैसे भी अमेठी और रायबरेली में वोटिंग वायनाड के बाद ही होनी है। गांधी परिवार के लिए ये भी बहुत बड़ी राहत की बात हो सकती है।एक इंटरव्यू में एके एंटनी से अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों कांग्रेस उम्मीदावार को लेकर सवाल पूछा गया था। एंटनी ने साफ साफ तो कुछ नहीं बताया लेकिन काफी हद तक तस्वीर साफ भी कर दी - कम से कम ये तो साफ कर ही दिया है कि गांधी परिवार ने यूपी छोड़ देने का फैसला नहीं किया है। वैसे भी यूपी छोड़ देने के मतलब तो उत्तर भारत ही छोड़ देने जैसा समझा जाएगा। एके एंटनी का कहना है कि अमेठी और रायबरेली को लेकर कयास लगाये जाने की जरूरत नहीं है। एके एंटनी कहते हैं, आप अमेठी और रायबरेली लोक सभा सीटों पर फैसले का इंतजार कीजिये। और इंटरव्यू में एके एंटनी ने जो सबसे खास बात कही है, वो है - %नेहरू परिवार का एक सदस्य उत्तर प्रदेश के चुनाव मैदान में होगा।एके एंटनी का ये जवाब एक चीज तो स्पष्ट कर ही रहा है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के अमेठी और रायबरेली से नाता तोड़ लिये जाने की बातें पूरी तरह बकवास हैं - लेकिन दायरा बढ़ा कर एके एंटनी ने नये नये कयासों को दावत दे डाली है।

कांग्रेस नेता ने सिर्फ गांधी परिवार का नाम न लेकर नेहरू परिवार की बात कही है, यानी गांधी परिवार से बाहर का भी कोई व्यक्ति अमेठी या रायबरेली से उम्मीदवार हो सकता है - हालांकि, रॉबर्ट वाड्रा के नाम पर एके एंटनी ने फुल स्टॉप लगा दिया है। इंटरव्यू में एके एंटनी से अमेठी और रायबरेली सीटों को लेकर तो सवाल पूछा ही गया, अमेठी लोकसभा सीट से प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को उम्मीदवार बनाये जाने की संभावनाओं पर भी पूछ लिया गया। जवाब तो एके एंटनी ने अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों को लेकर भी दिये, लेकिन सबसे ज्यादा स्पष्ट रिस्पॉन्स उनका रॉबर्ट वाड्रा को लेकर ही लगा। असल में हाल ही में एक इंटरव्यू में रॉबर्ट वाड्रा ने एक साथ कई दावे किये थे। रॉबर्ट वाड्रा का कहना था कि चाहते तो वो यही हैं कि पहले प्रियंका गांधी ही संसद पहुंचें, और उसके बाद उनका नंबर आये।

अमेठी के लोगों का हवाला देते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था कि वे चाहते हैं कि अगर मैं चुनाव लड़ने का फैसला करूं तो अमेठी से ही - और लगे हाथ, रॉबर्ट वाड्रा ने ये भी दावा कर डाला था कि कांग्रेस के राजनीतिक विरोधी दलों से भी उनके पास टिकट के ऑफर हैं। कांग्रेस नेता ने रॉबर्ट वाड्रा के नाम को तो खारिज कर दिया है लेकिन जो बात कही है, उसमें तो राहुल और प्रियंका के साथ साथ वरुण गांधी भी शामिल हो जाते हैं।

अभी तक ऐसे कोई संकेत तो नहीं मिले हैं कि वरुण गांधी के लिए कांग्रेस ने नो-एंट्री वाला बोर्ड हटा लिया है, लेकिन पीलीभीत से बीजेपी ने उनकी जगह जितिन प्रसाद को टिकट देकर ऐसी संभावनाओं के द्वार तो खोल ही दिये हैं। सुनने में तो ये भी आ रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा का रायबरेली से चुनाव लड़ना करीब करीब पक्का है। लेकिन जो स्थिति है उसमें प्रियंका गांधी वाड्रा अमेठी में राहुल गांधी की तुलना में बीजेपी की स्मृति ईरानी को ज्यादा कड़ी टक्कर दे सकती हैं - और जिस तरह से राहुल गांधी को वारिस के तौर पर पेश किया जाता रहा है, रायबरेली का मैदान उनका ज्यादा सूट करता है। अमेठी को लेकर राहुल गांधी के अलावा दो नाम चर्चा में हैं। एक नाम है एमएलसी रह चुके कांग्रेस नेता दीपक सिंह का - और दूसरा नाम है, बीजेपी सांसद वरुण गांधी का। दीपक सिंह को सोशल मीडिया पर स्मृति ईरानी से बड़े ही सख्त लहजे में दो-दो हाथ करते देखा जा सकता है - और वरुण गांधी के बारे में यहां तक बातें हो रही हैं कि वो संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार हो सकते हैं। अमेठी सीट तो वैसे भी समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में कांग्रेस के ही पास है। वरुण गांधी को लेकर ऐसी चर्चाओं को एक ही बात कमजोर करती है वो है मेनका गांधी का ताज़ा बयान कि %हम ऐसे लोग नहीं हैं।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### पांचवां, छठा व सातवा नवरात्र

पांचवें दिन नवरात्रि के करते हैं, जन स्कंद माता का ध्यान ,
कार्तिकेय की माता जगदंबा है, दयालु कृपा निधान।
पांच तत्वों की होती है शुद्धि, विशुद्धि चक्र पर मां विराजमान,
खोल मुक्ति का द्वारा मां, देती अमृत स्वर का ज्ञान ।
स्कंदमाता की कर उपासना,भक्त पाते हैं अद्भुत वरदान,
सांसारिक बंधनों से मुक्त हो,राह पकड़ते आध्यात्मि की लो जान।
षोडश कलियां चक्र की खिल जाती,देवी स्कंद माता होती जब भक्त पर प्रसन्न,
कष्टों को पल में हर लेती माता सारे,सुख समृद्धि बरसा अवगुणों का करती हनन ।
छठे दिन नवरात्रि के ध्यान करते हैं, मां का कात्यायनी रूप में,
कात्यायन ऋषि के घर जन्म लिया, माता ने पुत्री रूप में ।
आज्ञा चक्र पर आसान है माता का ,नवदुर्गा का छठा स्वरूप,
देवी देवताओं की आराधना से प्रसन्न हो, वध किया महिषासुर का कपूत ।
लोग व परलोक में सिद्धि पाता, जो जन माता के इस रूप को ध्याता,
अर्थ, धर्म,काम, मोक्ष की प्राप्ति हो जाती, वह परम तेजस्वी बन जाता ।
चतुर्भुजी मैया का है यह, चमकीला सुंदर तेजोमय रूप,
कमल पुष्प, तलवार धारण करती मां, अभय वर देती अनूप ।
राधा जी संग गोपीकाओं ने की द्वापर युग में, मां के इस रूप की आराधना,
कुंवारी कन्या करती है श्रेष्ठ वर पाने को, कात्यायनी मां की अनुपम साधना ।
भीतर और बाहर में सामंजस्य बैठाती मां, श्वासों का होता है मंथन,
तीसरे नेत्र की शक्ति जागृत होती, फिर पुण्य कर्मों का होता प्रबंधन ।
कात्यायनी मां का ध्यान धरो, पाओ आज्ञा चक्र की शक्ति,
गुरु कृपा से भर लो तुम जीवन में, अद्भुत मां की प्यारी भक्ति ।
सातवें चक्र पर विराजमान है, महामाई कालरात्रि देवी,
समस्त सुख बरसाने वाली, महाकाली, शुभंकरी, शुभांगी स्नेही ।
नवदुर्गा का रूप है या अति पावन, सहस्त्रार्ध चक्र पर है निवास,
खोल देती है मां ब्रह्मांड की, समस्त सिद्धियों का द्वार करो तुम यह विश्वास।
गदर्भ मां का वाहन, चमकीली बिजली की माला,व मानव खोपड़ी है हार,
विद्युत सा प्रकाश है मां का, त्रिनेत्र गोल विशाल बरसाते ज्वाल विकराल ।
खड्ग खप्पर धारिणी चामुंडा करती है, हर नकारात्मकता का विनाश,
भूत प्रेत,भाग जाते, ग्रह बाधाएं होती समाप्त, फिर स्वछंद होता मन का आकाश ।
क्षमाशील देवी क्षमा करती सब पूर्व जन्मों के संचित अपराध ,
प्रसन्न हो माता सहस्त्र दल कमल खिला, देती भक्त को ÷आनंद÷ अभय जीवन का वरदान ।

**मोनिका डागा ÷आनंद÷ , चेन्नई , तमिलनाडु**



### जय अंबे जय शेरावाली

जय दुर्गे जय जय महाकाली।
भक्तों का बेड़ा पार करें
जीवन सबका खुशहाल करें।
कष्ट हरिणी विपदा संहारे,
मैया आती सबके द्वारा।
हाथ जोड़कर शीश नवाते,
दूर करें हिय के अंधियारे।
सांचा दरबार है मैया का,
डोलती जब जीवन नैया।
आकर पार लगाती हो,
एक खिवैया कहलाती हो।
आशीष जब मैया का मिलता,
हिय में खुशियों का फूल खिलता।
बन जाऊं मैं तेरी चहेती,
इतनी कृपा बस मुझ पर बनती।।

**मधु अरोरा**




### अब वक्त नहीं लगता है..

रिश्तों के बेनाम होने में,
अपनों से जुदा होने में,
लोगों के बदल जाने में,
अब वक्त नहीं लगता है!
जो मिला उसको खोने में,
अपने रिश्तों को तोड़ने में,
प्यार के मायने बदलने में,
अब वक्त नहीं लगता है!
किसी के भी हो जाने में,
किसी से नफ़रत होने में,
जो हासिल उसे खोने में,
अब वक्त नहीं लगता है!
फूलों के मुरझा जाने में,
बसंत से पतझड़ आने में,
जीते जी ही मर जाने में,
अब वक्त नहीं लगता है!
ज़ख्मों के गहरे होने में,
बेमौसम बारिश होने में,
ज़ख्मों के नासूर होने में,
अब वक्त नहीं लगता है!

**भारतेन्द्र कुमार त्रिपाठी**
**शिक्षक**
**प्रयागराज**



### रथ का पहिया

रथ पर बैठा हाँक रहा जो,उसको देखा नही कभी।
ढूंढ रहे हैं सभी उसी को,जिसको देखा नही कभी।
कौन कहाँ से क्यो आया है, और कहाँ पर जाना है।
डोरी हाथ उसी के है और, नाच रहे हम आप सभी।
दर्द खुशी गम साथ साथ चलते रहते चुपचाप सभी।
कौन कहाँ से कब आयेगा, कौन कहाँ कब जायेगा।
ऐक मदारी नचा रहा है, नाच रहे हम आप सभी।
श्वांसे ज्यों पदचाप अश्व की, रथ का पहिया खींच रही हैं।
सींच रहे अपनी वाणी से, हर रिश्ता हम आप सभी।
रिश्ता वो ही टिक पायेगा, स्वार्थ न जिस रिश्ते मे हो।
झूठे रिश्ते निभा रहे सब, सच्चे है चुपचाप सभी।
जिस क्षण पता चलेगा, जग से रिश्तेदारी झूठी है।
उस अन्तिम क्षण हाथ मलेंगे, बैठ कहीं हम आप सभी।



**रोहित मित्तल**
**गाजियाबाद**

### अम्मा

घिघियाती, चिल्लाती, विवश
दिखाई दीं अम्मा।
जर्जर काया में सिमटी परवश,
अकुलायी सी अम्मा।
कोई न सुनता टेर बुढ़ापे में अब,
बतलाई थीं अम्मा।
मैं अवाक सी देख रही थी उनको,
रो-रो कर उसे बुलाई थीं अम्मा।
वह मोबाइल पर दिग्दर्शन में डूबा था,
उसे नहीं सुनाई दीं अम्मा।
पत्नी संग लगा कहकहे डूबा था,
कहाँ दिखें, मुरझाई सी अम्मा।
दीन-दुनियां से बेखबर डूबे से थे देख रहे,
तभी अचानक चिल्लाई थीं अम्मा।
उठने का प्रयास कर रहीं थी कबसे,
तभी नीचे गिर आई थी अम्मा।
सबने खूब फजीहत की श्रवण की जब,
सिसक-सिसक उसे बचाई थीं अम्मा।
आंखें नम हो आई मेरी, यह दृश्य देख,
बेटे की ममता में भकुआई थीं अम्मा।
निश्चल प्रेम की गागर ले अपने मन में,
आज नहीं दिखाई दीं अम्मा।

**अनुपम चतुर्वेदी**
**सन्त कबीर नगर, उ0प्र0**



### कब लौटेंगे अब दिन वो (रुचिरा छंद )

अंतर्मन शोर बहुत है, कैसे प्रियतम तुम्हें बताऊँ
कब लौटेंगे अब दिन वो, तुम रूठो मैं तुम्हें मनाऊँ
मम जीवन के कागज में, खिचपिच कोई क्यूँ खींच गया।
लख कर उसके कर्मो को, भोला मन मेरा भींच गया।
बहुत थका है मन मेरा, कैसे मन की थकन हटाऊँ।
कब लौटेंगे अब दिन वो, तुम रूठो मैं तुम्हें मनाऊँ।
मन पर क्यूँ डाका डाले,क्यूँ पैसा ही सब मान लिया।
अधिकारी बना भिखारी,सोचो सच्चा क्या काम किया।
घड़ा पाप का छलकेगा, कहती स्वप्निल मन समझाऊँ।
कब लौटेंगे अब दिन वो,तुम रूठो मैं तुम्हें मनाऊँ।


**कल्पना भदौरिया स्वप्निल**
**लखनऊ उत्तर प्रदेश**



### कन्याओं पर संकट भारी...

कन्याओं पर संकट भारी, माँ दुर्गा हुंकार भरो।
गलियों में बैठे हैं दानव,शस्त्र उठा संहार करो।।
अक्सर सुनती रहती हूँ,बेटी गुमसुम सी रहती है,
मन की पीड़ा कहना चाहे,फिर भी चुप चुप सहती है।
क्यों पाया यह तन बेटी का,प्रश्न यही है आँखों में,
शक्ति स्वरूपा माँ साहस दो,यह विनती स्वीकार करो।
लाज बचाने पांचाली की कान्हा बनकर आयी तुम,
अग्निपरीक्षा सीता ने दी शीतलता बरसायी तुम।
सबसे कहकर हार गई हूँ,एक तुम्हीं से आस बची,
सबके मन में देव बसे माँ,इतना ही उपकार करो।।
तेरा ही हैं अंश बेटियां,सबको यह विश्वास रहे,
कस्तूरी हैं घर आँगन की,जन्में तो उल्लास रहे।
उन्हें मिटा दो इस धरती से,जिनकी नीयत खोटी है,
करते जो सम्मान भँवर से, उनका बेड़ा पार करो।।

**अर्चना द्विवेदी**
**अयोध्या उत्तरप्रदेश**



# सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए लघु बालकों के निर्माण में चरित्र प्रधान शिक्षा आवश्यक-दण्डीस्वामी

## संतनगर में शिवगंगा गुरूकुलम् में वैदिक शिक्षा की उपयोगिता पर हुआ मंथन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के रैंठ नोती के संतनगर में चतुर्वेद एवं भारतीय संस्कृति के पुनरूत्थान पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिवगंगा राम गुरूकुलम् आवासीय संस्कृत विद्यालय के कार्यालय भवन का दण्डीस्वामी ब्रम्हचारी जी हंसराज जी एवं समाजसेविका उर्मिला तिवारी व धनंजय जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य लोकार्पण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गौ पूजन तथा तुलसी पूजन एवं मां गंगा आरती से हुआ। मुख्य वक्ता दण्डीस्वामी हंसराज जी ने कहा कि राम और कृष्ण की संस्कृति को समृद्धिशाली बनाने के लिए गुरूकुल को वेदज्ञाता पीढ़ी तैयार करना होगा। प्रयागराज से पधारे धनंजय जी महाराज ने कहा कि भारत की संस्कृति विश्व पटल पर संस्कृत शिक्षा के उद्भव से ही बलवती बनाये रखी जा सकती है। प्रख्यात विचारक प्रो0 डॉ0 शक्ति पाण्डेय ने कहा कि आधुनिक शिक्षा को चकाचैंध से





सुरक्षित रखने के लिए वेद तथा उपनिषद् का बालकों को सम्यक् ज्ञान होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सशक्त आधार ठहराया। वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि चरित्र ही भारत के मेधा शक्ति की पूंजी हैं। इसलिए हमें ज्ञानवान तथा चरित्रवान पीढ़ी तैयार करना होगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं गुरूकुलम् के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी जितेन्द्र तिवारी ने कहा कि आवासीय विद्यालय से संस्कृति एवं संस्कृत की गरिमा को मजबूती प्रदान करने का ध्येय है। वैदिक कार्यशाला में गौ संरक्षण, गीता गायत्री गंगा पूजन व सनातन संकल्प पर बिन्दुवार परिचर्चा सार्थक दिखी। संस्कृत शिक्षक समिति के पूर्व अध्यक्ष आचार्य राजेश मिश्र ने धर्म और सनातन परम्परा की मजबूती पर जोर दिया। संचालन आचार्य कृष्णानंद शुक्ल ने किया।

प्रारम्भ में आचार्य उमाकांत मिश्र ने वटुक छात्रों के भविष्य निर्माण की कार्यवृत्ति प्रस्तुत की। व्याख्यान माला में स्वामी जितेन्द्र तिवारी एवं सहसंयोजक राजबल्लभ तिवारी, प्रेमशंकर तिवारी एवं मोनू तिवारी ने दण्डीस्वामी समेत संस्कृत विद्वानों का अंगवस्त्रम् व धार्मिक ग्रंथ प्रदान कर मंगलम् सम्मान किया। आभार प्रदर्शन महेश प्रताप तिवारी ने किया। समारोह में आचार्य त्रिवेणीधर शुक्ल, पं0 अशोक शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, राहुल मिश्र, संजय मिश्र, पारसनाथ ओझा, धीरेन्द्र तिवारी, अनिल मिश्र, एस.एन. त्रिपाठी, धर्मेश्वर मिश्र, योगेश शुक्ल, दुर्गेश पाण्डेय, इन्द्रानंद तिवारी, फूलचन्द्र पाण्डेय, मनोज शुक्ल, प्रीतेन्द्र ओझा आदि रहे।

# भगवान के प्रति अनुराग हो तो जीवन का स्वयं हो जाता है मंगल-स्वामी सम्पूर्णानन्द



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के घुइसरनाथ रोड़ पर हो रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी दिखी। कथा व्यास प्रयागराज से पधारे स्वामी सम्पूर्णानंद जी महाराज ने कहा कि प्राणी सदैव भगवान की कृपा पर ही जीवन का संचालन कर सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान मनुष्य के जीवन के क्षण क्षण पर अपनी दृष्टि रखा करते हैं। सम्पूर्णानंद जी महाराज ने कहा कि इसीलिए मनुष्य को वरदान और फल की अपेक्षा करने के स्थान पर श्रीराम के प्रति अनुराग का जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान का अवतार सदैव धर्म की रक्षा के लिए हुआ करता है। सम्पूर्णानंद जी ने कहा कि श्रीराम चरित्र मानस भगवान श्रीराम के संसार की रक्षा का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि जिसने मन से श्रीराम को भज लिया उसका खुले हृदय से श्रीराम भी उद्धार किया करते हैं। कथा के संयोजक समाजसेवी रामलखन जायसवाल ने व्यासपीठ का वैदिक पूजन किया। शिवकुमार जायसवाल व मीरा तथा कैलाश नाथ व रामजी जायसवाल ने कथा व्यास का सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर ध्रुव नारायण मिश्र, अनुराग पाण्डेय, दीपक जायसवाल, रामप्रकाश गामा, अनिल त्रिपाठी महेश, धीरेन्द्र मणि शुक्ल, अनीता, संजय, पूनम, शिवकुमार जायसवाल, आशीष जायसवाल, मक्खन शुक्ल, मोती लाल जायसवाल, रामखेलावन जायसवाल आदि रहे।

# दो घरों में हुई चोरी, भय व दहशत का बना माहौल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एक ही रात में दो घरों में चोरी की घटना से लोगों में भय का माहौल बना दिखा। लालगंज कोतवाली के खपराही गांव में रामचन्द्र मिश्र के घर बीती शनिवार की रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घुस गये। चोरों ने मकान के अंदर चोरी की वारदात अंजाम देते हुए लाखों के महिलाओं के गहने व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इसी तरह बगल के भट्टाचार्य गांव में भी गांव के भरतराज पाण्डेय के भी घर चोर छत के रास्ते पहुंच गये। यहां भी चोरी की घटना में पीड़ित के घर से बदमाशों ने नकदी व सोने चांदी के जेवरात उड़ा लिए। रविवार की सुबह पीड़ितों को चोरी की घटना हुई दिखी तो आवाक् रह गए। घटना को लेकर पुलिस को अज्ञात के खिलाफ अलग अलग तहरीर दी गयी है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि जांच कर इन घटनाओं का खुलासा किया जाएगा। इधर लालगंज कोतवाली क्षेत्र में पखवारे भर के भीतर उमापुर समेत आधा दर्जन गांवों में चोरी की वारदातें लगातार घटित हो रही हैं। पुलिस इन घटनाओं को लेकर जांच के आश्वासन के अलावा हाथ पर हाथ धरे ही दिख रही है।

# बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर की मनाई गई जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरासुंदरपुर प्रतापगढ़ -** भारत रत्न, बोधिसत्व संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल लीलापुर, लालगंज भी धूमधाम से मनाई गई। सर्व प्रथम बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित, दीपदान कर नमन किया गया। तत्पश्चात् त्रिशरण एवं पंचशील का वाचन किया गया। कुंवर दक्ष सिंह कुशवाहा ने डा भीम राव अम्बेडकर बन कर हाथ में संविधान लेकर सभी को बताये कि सभी के घर में संविधान की किताब होना चाहिए। सभी को अपने अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए । संचालन विवेक कुशवाहा, ने किया। इस अवसर पररूपेश मौर्य, डा अमरनाथ राव, आनंद मौर्य, मनोज कुमार, विजय गौतम, रंजीत धुरिया, दीक्षा सिंह कुशवाहा ,आलोक कुशवाहा, प्रदीप मौर्य, आदि उपस्थिति रहे।

# माँ बेल्हा देवी धाम में भक्ति संध्या 'आराधन' का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भारत विकास परिषद विशाल द्वारा नवरात्रि में नगर की अधिष्ठात्री देवी माँ बेल्हा देवी धाम में सई नदी के तट पर भक्ति संध्या 'आराधन' का आयोजन अपने संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ आचार्य आलोक मिश्र सहित पुरोहितों के स्वस्ति वाचन और माँ बेल्हा देवी की वंदना से शुरू हुआ।अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद प्रयाग प्रान्त के अध्यक्ष अनूप जैन ने इस अवसर पर कहा कि सेवा, सहयोग और संस्कार भारत विकास परिषद की परम्परा है। पूरे देश में परिषद अपनी विविध शाखाओं के द्वारा अनेक प्रकल्पों के माध्यम से सेवा और संस्कार के कार्यों को कर रही है। भारत को जानों, समूह गायन, गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन आदि संस्कार प्रकल्प इसके उदाहरण है जिनके माध्यम से युवा पीढ़ी को संस्कारित करने का उपक्रम चल रहा है।इसके बाद जयति शुक्ला ने जयति जय माँ सरस्वती, दुर्गे मइया हे !, राम नाम के साबुन से मन



का मैल मिटा ले भजन, आराध्या ओझा और ऋचा श्रीवास्तव ने रात रुको मैया सवेरे चली जाना और झिलमिल सितारों का मंदिर होगा भजन, श्वेता उमरवैश्य ने जागो री मैया, जब जब नवरात्रि आये और तेरी गोदी में सर है मैया, अनुष्का शर्मा नें ऐसे हैं मेरे राम, अस्मिता उपाध्याय और स्कन्धा उपाध्याय नें होके शेर पर सवार और बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आये हैं, अनीता पांडेय ने सोने के रथ पर सवार भवानी आयी हैं, खुशी मौर्य नें जो भी माँ के दर पर आये, अंजली मिश्रा नें छोटी मोटी माई कै मन्दिरिया, आदि भजनों की प्रस्तुति दी।तबले पर गर्व मिश्रा और भूपेन्द्र विश्वकर्मा तथा मंजीरे पर दिव्यांशु शुक्ला रहे। संचालन प्रोफेसर पीयूष कान्त शर्मा और अनामिका उपाध्याय ने किया। सुरभारती संगीत महाविद्यालय के संस्थापक श्यामल चटर्जी का सारस्वत सम्मान किया गया।

उपस्थित जनों को इस अवसर पर प्रोफेसर पीयूष कान्त शर्मा द्वारा मतदाता जागरूकता विषयक शपथ दिलायी गयी।इस अवसर पर विशेष रूप से सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, मन्दिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष प्रमोद सिंह मुन्ना भइया, प्रान्तीय वित्त सचिव आर एस सिंह,गिरिजा शंकर मिश्रा, उदयभानु सिंह, गोविन्द खण्डेलवाल, शिशिर खरे, अश्विनी केसरवानी, प्रोफेसर बृजभानु सिंह, राकेश शुक्ला, शरद केसरवानी, संजीव आहूजा, मनीष केसरवानी, उमेश सिंह, राजेश मिश्रा, सन्तोष भगवन, राजेश सिंह, नारायण खंडेलवाल, डॉ घनश्याम अग्रवाल, डॉ आर के मिश्रा, डॉ सुधांशु उपाध्याय, डॉ सौरभ पांडेय, प्रोफेसर अरुण श्रीवास्तव, आनन्द केसरवानी, संजय खरे, सुनील अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ क्षितिज श्रीवास्तव, श्रद्धा सिंह, बीना सिंह, वंदना सिंह, रेखा सिंह, आशा सिंह, शकुंतला खंडेलवाल, पूर्णिमा त्रिपाठी, डॉ वंदना श्रीवास्तव, सरोज सिंह, डॉ कामायनी उपाध्याय, पुष्पांजलि शुक्ला, कंचन सिंह, मालिनी केसरवानी, क्षमा खण्डेलवाल, शशि शर्मा, मैथिली सिंह, पूनम केसरवानी, कविता केसरवानी, मीनू खंडेलवाल, आदि उपस्थित रहे।

# जयंती पर बाबा साहेब को किया नमन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** आज भारत रत्न, बोधिसत्व संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल लीलापुर, लालगंज भी धूमधाम से मनाया गया, सर्व प्रथम बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित, दीपदान कर नमन किया गया, तत्पश्चात् त्रिशरण एवं पंचशील का वाचन किया गया, कुंवर दक्ष सिंह कुशवाहा ने डा भीम राव अम्बेडकर बन कर हाथ में संविधान लेकर सभी को बताये कि सभी के घर में संविधान की किताब होना चाहिए, तभी को अपने अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए, इस अवसर पर संचालक विवेक कुशवाहा, ने किया। इस अवसर पर रूपेश मौर्य, राकेश कनौजिया, डा अमरनाथ राव, आनंद मौर्य, मनोज कुमार, विजय गौतम, रंजीत धुरिया, दीक्षा सिंह कुशवाहा ,आलोक कुशवाहा, प्रदीप मौर्य, आदि उपस्थिति रहे,

# भगवान दुष्टो पापो को नाश के लिए अनेकों रूप में लेते हैं जन्म- अजय जी महाराज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रानीगंज ,प्रतापगढ़।** गौरा के अंतर्गत पूरे बदल गौरा गांव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास अजय पाडेय जी महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई,जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया अजय पाडेय महाराज ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीङ्क'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है कथा में राधे कृष्ण गोविंद गोपाल राधे राधे भजन मुख्य आयोजक अर्चना देवी पत्नी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह पत्रकार इस दौरान आचार्य विशाल जी महाराज सत्यम उपाध्याय भजन गायक, मोहित दुबे ,नीतेश तिवारी पत्रकार, राजेंद्र सिंह ,रविंद्र सिंह, श्यामलाल प्रधान ,विजयपाल कोटेदार, विवेक मिश्रा, दिनेश सिंह, गोविंद, राकेश सिंह ,अंकुर समेत काफी संख्या में भक्त रहे उपस्थित

## अवैध शराब के साथ धराया युवक मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** चालीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ धराया युवक मुकदमा दर्ज । स्थानीय थाना लीलापुर से उ0नि0 अमरेश कुमार यादव मय हमराह हे0का0 अजय प्रजापति, म0का0 पारुल यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र लीलापुर के बल्दियान हण्डौर के पास से राधेश्याम सरोज पुत्र स्व0 रामलखन सरोज निवासी ग्राम बल्दियान हण्डौर थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़ को 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 141/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## वीयन आइटीआई प्रतापगढ़ के चार छात्रों का सिकंदराबाद रेलवे में चयन



**सगरासुंदरपुर प्रतापगढ-** तहसील के पहाड़पुर स्थित वीयन आइटीआई के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा खुशी जाहिर की गई है । उल्लेखनीय है कि वीयन आइटीआई के अभिषेक सिंह, रामपूजन, मुकेश प्रजापति व तवशीफ का चयन रेलवे प्रोजेक्ट में हो गया है ।रविवार को विद्यालय परिसर में चयनित छात्रों का अभिनन्दन करते हुये प्रबंधक भूपेश त्रिपाठी ने कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है और इस सफलता से उत्साहित होकर शैक्षणिक कार्य मे लगे प्राध्यापकों का भी सम्मान बढ़ा है । इसलिये भविष्य में वह और मेहनत व लगन से अध्यापन व प्रशिक्षण कार्य मे अभिरुचि के साथ कार्य करेंगे ।

# राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था संगठन में तीसरी बार पुन: प्रतापगढ़ युवा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष बनाएं गए वरिष्ठ समाज सेवक पत्रकार विवेक कुमार मिश्र

## समर्थकों एवं इष्ट मित्रों में फैली खुशियाली,एक दूसरे को माल्यार्पण कर मिठाईयां खिलाकर मनाई खुशियाँ

**लोकमित्र ब्यूरो**

कुण्डा-प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश जनपद प्रतापगढ़ के कुण्डा तहसील क्षेत्र के थाना हथिगवां अन्तर्गत ग्राम सभा -मिश्रदयालपुर हनुमान नगर गांव के निवासी सम्मानित वरिष्ठ समाज सेवक पत्रकार विवेक कुमार मिश्र महराज जी एक वरिष्ठ समाज सेवक हनुमान जी महराज के परम भक्त है। जो निरंतर समाज की सेवा, बेजुबानों की सेवा और उनकी आवाज को बुलंद कर हमेशा मदद में लगे रहते है। बतादें कि विवेक जी समाज सेवक के साथ ही इस वक्त एलएलबी पंचम सेमेस्टर के छात्र और पत्रकार भी है। उनकी संस्कार ब्राह्मण समाज के प्रति श्रद्धा और समाज सेवा की भावना को देखते हुए अनुशंसा व अनुशासन केन्द्रीय प्रतिनिधि मण्डल के निर्णय अनुसार राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय आदरणीय श्री आदित्य मिश्रा जी एवं पंडित धर्मराज शुक्ला जी आदि समस्त कमेटी द्वारा राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था में समाज सेवी पत्रकार पंडित श्री विवेक कुमार मिश्र महराज जी को *तीसरी बार पुनः प्रतापगढ़ युवा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष*



नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एवं पंडित धर्मराज शुक्ला जी,पंडित सोमराज शुक्ला जी ने आगे बताया कि हम सभी को आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि आप ऐसे ही समाज हित में कार्य करते हुए ब्राह्मण एकता को और मजबूती से ऊँचे शिखर तक ले जाएंगे। और विवेक जी को तीसरे बार पुनः जिला उपाध्यक्ष बनाएं जाने पर उनके सहयोगी,शुभचिंतक और इष्ट मित्रों में भारी खुशियाली फैल गई है। विवेक जी के आवास पर बधाई देने के लिए सुबह से देर शाम तक लोगों ने जुटे रहे और उधर फोन,वाट्शप,मैसेंजर, फेसबुक आदि के माध्यम से लगातार बधाईयां मिल रही है।

जिससे विवेक कुमार मिश्र महराज जी ने सभी का बहुत-बहुत हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए एक दूसरे से मिलकर मुंह मीठा कराया।

# पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** घर में घुसकर मारने व तोड़फोड़ के आरोप में पिता-पुत्र के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज। स्थानीय थाना क्षेत्र के तेजगढ़ बाजार निवासी अमित कुमार मौर्य पुत्र राम आसरे मौर्या ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तेरह अप्रैल को पड़ोस के ही राजेन्द्र प्रसाद वैश्य पुत्र चंदिका प्रसाद वैश्य लाठी-डंडे से लैस होकर गालियां देते हुए मेरे दरवाजे पर चढ़ आये जब मैं गालियां देने का विरोध किया तो यह लोग मुझे मारने लगे जान बचाकर जब मैं अपने घर में भागी तो यह लोग मेरे घर में घुसकर मारेपीटे और घरेलू सामान तोड़फोड़ डाले हल्ला मचाने पर आसपास के लोगों को आता हुआ देखकर पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकियां देते हुए चले गए। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**आवश्यकता है**

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037

# अज्ञात कारणों से जंगल में लगी आग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा मेदनीगंज-** कोतवाली देहात अंतर्गत भूपियामऊ रेलवे स्टेशन के बगल जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे उसमें लगे कटहल आम नीम शीशम यूकेलिप्टस आदि के पेड़ जलने लगे। आग लगी देख स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। प्रतापगढ़ शहर से 15 मिनट में पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने ग्रामीणों की सहयोग से जल रहे जंगल की आग पर काबू पाया । आग बुझ जाने के बाद अगल-बगल के निवासियों ने राहत की सांस ली।

# भक्तों के कष्ट हरने के लिए अवतरित होते हैं भगवान- प्रमोद दास महाराज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रानीगंज ,प्रतापगढ़।** चौराहे के करीब स्थित माता रानी मंदिर पर चल रही श्री राम कथा में पांचवे दिन कथा वाचक प्रमोद दास महाराज ने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही कथा है श्रीराम कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए श्रीराम कथा से बडा कोई सत्य नहीं है राम कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है। यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। राम कथा व भागवत कथा को पांचवां वेद कहा गया है जिसे पढ सकते हैं और सुन सकते हैं। कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदु कुल के वंश में हुआ था श्रीराम के जीवन गाथा का विस्तार पूर्वक विवरण कर संगतों को राम के जीवन लीला के बारे में बताया गया कार्यक्रम की व्यवस्थापक रानी माता मंदिर के संस्थापक दीपक पांडेय उर्फ (मठठलू) ने बताया कि 15 को तथा समापन 16 तारीख को राम नाम का जाप शिवम 17 तारीख को भंडारे का आयोजन किया गया है इस दौरान कथा में मीडिया अध्यक्ष बच्चा मिश्रा श्री राम कथा व्यास राजन उपाध्याय कमला नंदन महाराज ,अरुण तिवारी सत्यम पांडेय, शिवम पांडेय, राजाराम पांडे संतोष मिश्रा संतोष सिंह ,हरकेश पांडेय समेत काफी संख्या में भक्त रहे उपस्थित

# जनपद में धूमधाम से मनाई गई डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती

## विभिन्न जगहों पर आयोजित किए गए कार्यक्रम





**चित्रकूट ब्यूरो:** भारत देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती रविवार को जनपद के सभी सरकारी व गैरसरकारी कार्यालयों में धूमधाम के साथ मनाई गई। विभिन्न जगहों पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों में लोगों को बाबा साहब की बातो पर अमल करने को प्रेरित किया गया।

कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने समाज को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विद्वता को देखते हुए उन्हें भारत का संविधान बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सामाजिक न्याय व अवधारणा के तहत सभी लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ व समान अवसर देने का कार्य करें। यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक महान प्रतिभा थी। इतने बडे लोकतांत्रिक देश को चलाने के लिए उन्होंने संविधान बनाया। ऐसी महान शख्सियत को हम नमन करते हैं। हम सबको उनके बताए हुए मार्गो पर ही चलना चाहिए। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को महत्व दिया है व्यवहार के बाद उन्होंने परिस्थितियों को भी ठीक करने में अपनी जी-जान लगा दी थी। उन्होंने केवल दलित समाज के लिए ही काम नहीं किया, बल्कि उन्होंने हर वंचित लोगों के लिए कार्य किया है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्गो पर चलकर आम जनमानस को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, आयुक्त सहायक मनोज कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सम्बोधित किया। इस मौके पर अपर पुलस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी एलआईयू सूर्यकान्त अरुण राय, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निशिकान्त राय, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, वाचक पारितोष दिक्षित, डायल 112 प्रभारी शिवमूरत यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी जनपद के 11 मंडलो के सभी 851 बूथो पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनायी गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने खोह में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बनाये सम्विधान से आज देश चल रहा है। बाबा साहब ने समाज के शोषित व वंचितो को समाज में बराबरी का सम्मान दिलाने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, तीरथ तिवारी, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, अंजू वर्मा, दिव्या त्रिपाठी, महेन्द्र कोटार्य, बृजेश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, कैलाश रलिहा, अभिषेक ओझा, राखी चौबे, रवि गुप्ता, सुरेश अनुरागी, बृजेन्द्र शुक्ला, भवानी जोशी आदि मौजूद रहे।

बहुजन समाज पार्टी द्वारा भी पुरानी कोतवाली मैदान बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी मंडल बांदा एडवोकेट कौशल कुमार व बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने का सभी को संकल्प दिलाया। इस मौके पर शिव अवतार त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी, प्रमोद कुमार वर्मा, जमुना प्रसाद पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा, रामविशाल वर्मा, सोनपाल वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, राजा सोनकर, राजेश रैकवार, नगर अध्यक्ष श्यामलाल, गया प्रसाद सविता, फूल कुमार वर्मा, हनुमान प्रताप, शिवराज, जीवन, वरुण कुमार वर्मा, लाल सिंह, जगत सिंह पटेल, जगदीश यादव, सहदेव कुशवाहा, रामभजन वर्मा, संतोष कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

भारतीय बौद्ध महासभा के अंतर्गत डॉ बी आर अम्बेडकर जयंती समिति द्वारा भी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शाखा के पदाधिकारियों द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ज्ञानचंद बौद्ध ने उपस्थित लोगों को समाज में फैली कुरीतियों को त्याग कर भगवान बुद्ध के सिद्धांतों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डॉ अंबेडकर के विचारों पर अमल करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कहा कि डॉ अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान को हर घर में होना चाहिए और सभी लोगों को संविधान पढ़ना चाहिए। इस दौरान डॉ अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में प्रदेश एवं जनपद में स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें कीर्ति मिश्रा, धर्मेंद्र यादव, हर्ष पाण्डेय, प्रिंसी सिंह, रक्षा यादव, गार्गी गुप्ता, हिमांशु, सरस्वती, कमल, रेशमा, कीर्ति राज, करण यादव, अनुज कुमार, अंतिम कुमार, स्वतंत्र कुमार, अनीता, तन्नू देवी को पुरस्कृत किया गया। साथ ही मार्च 2024 में सेवा निवृत शिक्षक जैनुलाब्दीन, बालकृष्ण चतुर्वेदी, हेमेशचन्द्र श्रीवास्तव, दशरथ प्रसाद, बद्रीप्रसाद, चन्द्रभान आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इं. गुरु प्रसाद, दिनेश कुमार, मतगंजन प्रसाद, इं. गिरीश माहौर, इं. जयप्रकाश, इं. सर्वजीत कुमार, दिनेश कुमार सनेही, पूर्व शिक्षक माता प्रसाद, सुंदरलाल, शिव प्रसाद, भैयालाल, जाहर सिंह, अभिषेक कुमार, गणेश शंकर, शंकर दीन, कमलेश कुमार, कपिल गौतम, रामलखन, विजय कुमार, चंद्रप्रकाश वर्मा, रेवती, विमल कुमार बौद्ध, प्रेमलता, गीता वर्मा, नगीना कुमारी, डॉ सुदामा प्रसाद, दीपक कुमार, संघमित्रा, रोहित, रितिक, शिवनारायन वर्मा, अजय कुमार त्यागी, सुरेश चंद्र, विनोद कुमार, वर्षा, विश्वदीप, सुमन आदि मौजूद रहे।

# डा भीमराव अम्बेडकर की 133वे जयंती पर अम्बेडकर वनवुवक दल द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा व बाइक रैली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** (विकास गुप्ता)प्रतापगढ नगर कोतवाली के चिलबिला में अम्बेडकर वनवुवक दल की ओर से बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर की 133वे जयंती के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में करीब दर्जनों डीजे के साथ महिलाएं ,बच्चे, पुरुष, नवयुवक छात्र छात्राएं डीजे की धुन में नाचते झूमते नजर आए व बाइक रैली के भी निकला गया बाइक रैली पर युवाओं द्वारा बाबा साहब अमर रहे,जयभीम, जबतक सूरज चाद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा के नारे लगाए गए। अम्बेडकर वनवुवक दल की ओर से प्रतापगढ जिला मुख्यालय में सम्मनित धमबंधुओ का स्वागत सम्मान व विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोभायात्रा बेनीपुर से निकल कर मौर्य चौराहा पर चिलबिला चौकी प्रभारी सुमित सिंह हमराही




संजय चौहान, सीतिन कुमार,मानसिंह ,विशाल पूरी,दिलीप कुमार,अनिल यादव,दीवान विनोद सिंह ,मो नासिर दीवान ने मिलकर शोभा यात्रा को सकुशल चिलबिला चौराहा होते हुए सदर बाजार की तरफ रवाना किया उसके बाद शोभायात्रा सदर बाजार से होते हुए तेलियार चौराहा, राजपाल टंकी होते हुए अम्बेडकर चौराहे पर पहुंचकर समापन किया गया । इस कार्यकम के मौके पर अखिलेश मौर्य,सुरेश चंद्र,सुरेंद्र प्रताप बौद्धचार्य एडवोकेट हाईकोर्ट लखनउ प्रधान अंबेडकर नव युवक उत्तर प्रदेश, बंशीलाल प्रेमी,कामता प्रसाद बौद्ध,आदि लोग मौजूद रहे।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए निकाली गई साइकिल जागरूकता रैली



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** पर्यावरण सेना द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन के निर्देशानुसार ग्रीन वोटिंग अभियान के अंतर्गत स्वीप के ब्रांड एंबेसडर एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में मान्धाता में लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान दिवस पर बूथ पर पहुंचकर शत प्रतिशत मतदान हेतु ग्रामीणों,युवाओं और महिलाओं को वोट देने के लिए जागरूक किया गया। वोट करेंगे,पेड़ लगाएंगे।लोकतंत्र और पर्यावरण बचायेंगे।।के नारे का उद्घोष करते हुए लोगों को मतदान अवश्य करने हेतु प्रेरित किया गया।पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि मतदान दिवस पर वोट करना हम सभी मतदाताओं का पहला राष्ट्रीय कर्तव्य है।बिना किसी लोभ- लालच और दबाव के सभी लोग सही प्रतिनिधि का चुनाव करें।साथ ही उन्होंने सभी लोगों से वोट देने के बाद एक एक पौधा लगाकर लोकतंत्र के साथ सृष्टि को बचाने का आह्वान किया।इस मौके पर सभी लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।इस मौके पर आशीष पटेल,अभिषेक कुमार,दिलीप कुमार,विजय कुमार एवं नमन कुमार तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाइक सवार व्यक्ती को कार ने मारी टक्कर हालत गंभीर



**दुर्गागंज प्रतापगढ़ ।** रानीगंज थाना क्षेत्र के कौलापुर नंदपट्टी गांव निवासी अजय कुमार पटेल(40)पुत्र वसुदेव रविवार दोपहर वह घर से कछरा के पुल पर स्थित अपने किराना की दुकान पर जा रहे थे। कछरा के पुल के पास पहुंच ही रहे थे तभी सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार अजय कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगो ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया वही कार चालक मौके का फायदा उठा कर भाग निकला।

# महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनाजरूरी- मंडलायुक्त

## पूरे जनपद में धूमधाम से मनाई गई डॉ.आंबेडकर की जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** सरकारी कार्यालयों सहित अन्य संगठनों द्वारा पूरे जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह से मनाई गई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के तरकापुर से एक शोभा यात्रा राजेश भारतीय के नेतृत्व में निकली गई जो नगर भ्रमण के बाद एक सभा में परिवर्तित हो गई। शोभा यात्रा में बाबा साहेब के जीवन पर तथा अन्य महापुरुषों के जीवन से संबंधित झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं।



मंडलायुक्त कार्यालय पर बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए मंडलायुक्त डा. मुथुकुमार स्वामी बी ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने के पीछे ये उद्देश्य रहता है कि उस दिन हम उनके जीवन और कृत्यों से परिचित हों तथा उनके गुणों को आत्मसात करने की प्रेरणा लें।

जिलाधिकारी कार्यालय पर आयोजित उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने नई पीढ़ी का आह्वान किया कि महापुरुषों के त्याग और बलिदान से कुछ सीखें तथा इस दिशा में कार्य करें कि राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता सुरक्षित रहे तथा देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

राजदीप कालेज कैलहट में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कालेज के प्रबंधक राज बहादुर सिंह ने कहा कि बाबा साहेब की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था तथा अपने सिद्धांतों के प्रति बहुत ही ईमानदार थे। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित करते हुए कहा कि हिदुओं में व्याप्त छुआ छूत से आहत होकर समाज को सावधान करते हुए बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया किंतु अन्य धर्म इसलिए स्वीकार नहीं किया कि उनका मानना था कि अन्य धर्मावलंबियों की निष्ठा भारत के प्रति अक्षुण्ण न रहती।

# समाजसेवी का निधन होने पर शोक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार /प्रतापगढ़** क्षेत्र के कुशहा गांव निवासी समाजसेवी कमलनाथ मिश्रा उर्फ लल्ला मिश्र 49 वर्ष का आज दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया। समाजसेवी के निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। संरक्षक देवीशंकर मिश्रा व अध्यक्ष व्यापार मंडल डाक्टर बांकेलाल चौरसिया ने शोक जताया है।

# छात्रों ने कलम थामकर राष्ट्र निर्माण की शपथ ली

## केक काटकर मनाया बाबा साहेब का जन्मदिन बीबीएफजी के भंडारे में उमड़ी भीड़, लगे जय भीम के जयकारे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। पेन बैंक की तरफ से दो सौ से अधिक छात्रों को निशुल्क पेन बांटा गया। उन्हें राष्ट्र निर्माण की शपथ दिलाई गई। भंडारे में सैकड़ों की भीड़ उमड़ी रही। आर्ट प्रतियोगिता में सिमरन



प्रजापति प्रथम, साहिल सेकेंड और मुस्कान तीसरे स्थान पर आई। भाषण प्रतियोगिता में नैतिक प्रजापति को प्रथम स्थान मिला।

लाजू,प्रिया, सिमरन, खुशी, ओबी का नृत्य सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन टीचर दामिनी ने किया। प्रिंसिपल शनि ने डाक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। टीचर दीपू ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की समारोह में रागिनी, हिमांशु, अजय, साहिबा, अंशू, शुभम समेत कई छात्रों का सराहनीय योगदान रहा।

# पुनीत कार्य करने से मिलती है आत्मा को संतुष्टि- देवी प्रसाद मिश्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लीलापुर प्रतापगढ़ ।** विकास खण्ड लक्ष्मणपुर अंतर्गत ग्राम सभा हरिहरपुर कैलाहा में ग्राम प्रधान देवी प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने सरकार की योजना के तहत सुकन्या समृद्धि योजना अन्तर्गत पंद्रह हिमांशी मिश्रा सुरभि मिश्रा खुशबू वर्मा महिमा वर्मा जया मिश्रा नदिया बानो आंचल सिंह अंशिका महक वर्मा आयुषी वर्मा सोनाली वर्मा सोनाक्षी प्रजापति सलोनी अंशिका सहित पंद्रह बालिकाओं का खाता खुलवाया ग्राम प्रधान ने बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती व नवरात्र के पावन पुनीत पर्व पर बालिकाओं को समाज मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया गया ग्राम प्रधान देवी प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने कहा कि गरीबों मजलूमों की सेवा व पुनीत कार्य करने से मुझे आत्मिक सन्तोष मिलता है इस लिए मैं अपनी क्षमता के अनुसार समय समय पर नेक कार्य करने का प्रयास करता रहता हूं ।इस अवसर पर राजेंद्र मिश्रा बब्लू ,दीपक मिश्रा,जगन्नाथ, शरीफ भाई फौजी ,रवि मिश्रा ,फूल्लन भाई आदि लोग मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक त्रिलोकीनाथ मिश्रा एवं उनकी टीम आरक्षी विनोद कुमार व महिला आरक्षी नेहा अहिरवार द्वारा आरोपी कमलेश निषाद निवासी मकरी थाना पहाड़ी को 30 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। इस समबन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना पहाड़ी में धारा 60(2) आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# केंद्र और प्रदेश सरकार अंबेडकर के सपनों का भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध -राजेंद्र मौर्य



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** अम्बेडकर चौराहे पर भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत आज भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में धूम धाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य उपस्थित रहे।जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव बताया कि बाबा साहब ने किस तरह वंचित समाज को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया।

बाबा साहब का सपना था कि सभी वर्गों को समानता का अधिकार मिले।मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र मौर्य ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश सरकार भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के सपनों का भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सरकार गरीबों एवं वंचितों की सरकार है।विधायक ने बताया कि बाबा साहब का कहना था हमारे आदर्शों/मूल्यों /सिद्धांतों पर जो चलेगा वह सच्चा अंबेडकरवादी है।जो हमारी पूजा करके हमें देवता बना देगा वो मिथ्या में विश्वास करता है, हमारे आदर्शों पर नहीं और वो कभी अंबेडकरवादी नहीं हो सकता है।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष देवानंद त्रिपाठी त्रिपाठी, जिला मंत्री रामआसरे पाल, गजराज सिंह, आलोक गर्ग , शुशील दुबे पंकज सिंह, देवराज ओझा, संतोष सिंह, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश सिंह ने किया।

# सीओ सदर एवं बाघराय एसओ ने किया पैदल गस्त



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार /प्रतापगढ-** बाघराय एसओ निकेत भारद्वाज और सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता ने बाघराय थाना क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाली बाजारों में मय फोर्स के पैदल गश्त किया। इस दौरान बिहार बाजार में भीम राव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में बिहार बाजार में निकली रैली के दौरान भी सीओ सदर और बाघराय थानाध्यक्ष सक्रिय रहे। बाजारों में भ्रमण के दौरान मुख्यत- बाघराय,बिहार बाजार सकरदहा बाजार, कमासिन बाजार आदि जगहों पर पैदल गश्त करते हुए आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।

# धूमधाम संग मनाया गया एमएलसी गोपाल जी का जन्मदिन

## समर्थकों ने केक काटकर ईश्वर से की लंबी उम्र की कामना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** पूर्व सांसद वर्तमान एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी का 54 वां जन्मदिन रविवार को लखनऊ निवास पर समर्थकों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया । पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार ने केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से लंबी उम्र की कामना किया। क्षेत्र से पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। सुबह से ही क्षेत्र के लोग मोबाइल फोन पर शुभकामनाएं देते रहे। लखनऊ निवास पर संजय सिंह बछरौली ,वरिष्ठ पत्रकार रूपेंद्र शुक्ला राजापुर ,बलबीर सिंह चौहान, ,राजापुर ग्राम प्रधान संरक्षक सुमित प्रताप सिंह, ठेकेदार विनीत पांडेय रामनगर, लल्ला तिवारी पहिले पार, सामाजिक कार्यकर्ता जनसत्ता दल के सक्रिय सदस्य सूरज द्विवेदी डीह बलई, आदित्य सिंह सिंह ,ने एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान पूर्व चेयरमैन मानिकपुर अबू जैद गुड्डू, शाहनवाज, रहविर, बिंकू तिवारी, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# डां.अम्बेडकर ने सर्वसमाज के लिए किया संघर्ष-जन अधिकार पार्टी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**जौनपुर।** जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूसिंह कुशवाहा के निर्देशन में संविधान निर्माता भारत रत्न से सम्मानित डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती विधानसभा मुंगराबादशाहपुर के सराय रैचन्दा में पार्टी कार्यालय पर धूमधाम से मानया गया। जिसमें मुख्य अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज मनु विश्वकर्मा रहे। वक्ता के रुप में चुनाव प्रभारी व राष्ट्रीय संगठन मंत्री पटेल विजय नारायण वर्मा,कौशाम्बी जिलाध्यक्ष इन्द्राज कुशवाहा, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष राजेश मौर्य, प्रयागराज मण्डल प्रभारी विजय सिंह कुशवाहा रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक डाक्टर साहब के सिद्धांत भारतीय राजनीति के लिए हमेशा से प्रासंगिक रहे हैं। दरअसल वे एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था के हिमायती थे, जिसमें राज्य सभी को समान राजनीतिक अवसर दे तथा धर्म, जाति, रंग तथा लिंग आदि के आधार पर भेदभाव न किया जाए। उनका यह राजनीतिक विचार व्यक्ति और समाज के परस्पर संबंधों पर बल देता है। उनका यह दृढ़ विश्वास था कि जब तक आर्थिक और सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होगी, तब तक जनतंत्र अपने वास्तविक स्वरूप को ग्रहण नहीं कर सकेगी। दरअसल सामाजिक चेतना के अभाव में जनतंत्र आत्मविहीन हो जाता है। ऐसे में जब तक सामाजिक जनतंत्र स्थापित नहीं होता है, तब तक सामाजिक चेतना का विकास भी संभव नहीं होता है।

चुनाव प्रभारी व राष्ट्रीय संगठन मंत्री पटेल विजय नारायण वर्मा ने कहा कि डॉ.अम्बेडकर जनतंत्र को एक जीवन पद्धति के रूप में भी स्वीकार करते हैं, वे व्यक्ति की श्रेष्ठता पर बल देते हुए सत्ता के परिवर्तन को साधन मानते हैं। उनका विचार था कि कुछ संवैधानिक अधिकार देने मात्र से जनतंत्र की नींव पक्की नहीं होती। उनकी जनतांत्रिक व्यवस्था की कल्पना में 'नैतिकता' और 'सामाजिकता' दो प्रमुख मूल्य रहे हैं जिनकी प्रासंगिकता वर्तमान समय में बढ़ जाती है।

दर असल आज राजनीति में खींचा-तानी इतनी अधिक बढ़ गई है कि राजनैतिक नैतिकता के मूल्य गायब हो गए हैं। हर राजनीतिक दल वोट बैंक को अपनी तरफ करने के लिए राजनीतिक नैतिकता एवं सामाजिकता की दुहाई देते हैंद्य लेकिन सत्ता प्राप्ति के पश्चात इन सिद्धांतों को अमल में नहीं लाते हैं।

वहीं कौशाम्बी जिलाध्यक्ष इंद्राज कुशवाहा ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर समानता को लेकर काफी प्रतिबद्ध थे। उनका मानना था कि समानता का अधिकार धर्म और जाति से ऊपर होना चाहिए।

प्रत्येक व्यक्ति को विकास के समान अवसर उपलब्ध कराना किसी भी समाज की प्रथम और अंतिम नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। अगर समाज इस दायित्व का निर्वहन नहीं कर सके तो उसे बदल देना चाहिए। वे मानते थे कि समाज में यह बदलाव सहज नहीं होता है, इसके लिए कई पद्धतियों को अपनाना पड़ता है। आज जब विश्व एक तरफ आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है तो वहीं दूसरी तरफ विश्व में असमानता की घटनाएँ भी देखने को मिल रही हैं। इसमें कोई दो राय नही है कि असमानता प्राकृतिक है, जिसके चलते व्यक्ति रंग, रूप, लम्बाई तथा बुद्धिमता आदि में एक-दूसरे से भिन्न होता है। लेकिन समस्या मानव द्वारा बनायी गई असमानता से है, जिसके तहत एक वर्ग, रंग व जाति का व्यक्ति अपने आप को अन्य से श्रेष्ठ समझ संसाधनों पर अपना अधिकार जमाता है। जो आज भी समाज में व्याप्त असमानता को प्रकट करता है। भारत में इस स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद 14 से 18 में समानता का अधिकार का प्रावधान करते हुए समान अवसरों की बात कही गई है। यह समानता सभी को समान अवसर उपलब्ध करा सकें, इसके लिए शोषित, दबे-कुचलों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। इस प्रकार अम्बेडकर के समानता के विचार न सिर्फ उन्हें भारत के में, बल्कि विश्व के संदर्भ में भी प्रासंगिक बनाते हैं

प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष राजेश मौर्य ने कहा बाबा साहब ने सर्वसमाज के लिए संघर्ष किया उन्होंने किसी के साथ कोई भेदभाव नही किया।यह वह दौर था जब छुआछूत अपने चरम पर थी।उन्होंने कठिन परिश्रम शिक्षा ग्रहण की और आजाद भारत का संविधान लिखा हमे उनसे प्रेणा लेना चाहिए और उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर ही आप सब आगे बढ़ सकते है। उन्होंने आयोजको को बधाई देते हुए कहा ऐसे आयोजनों से समाज मे चेतना आती है।उन्होंने आगे कहा शिक्षा शेरनी का दूध है इसे जो पियेगा वही दहाड़ेगा।इस लिए आप सभी अपने बच्चों को शिक्षित करने का काम करे।

जयंती में प्रतापगढ़ जिला उपाध्यक्ष गोविन्द मौर्य, अरविंद कुमार कुशवाहा, सुभाष कुशवाहा,अशोक पाल, श्रीराम सरोज, राजेन्द्र विश्वकर्मा ,राज कुमार,जयन्ती प्रसाद, श्री प्रकाश मौर्य, मुन्नीलाल, लक्ष्मी कान्त,आलोक,अनूप,अम्बुजा कुमार, उमाशंकर, राकेश मौर्य, रमेश चन्द्र,राहुल कुमार, आशीष,शिवबली कुशवाहा ,भानु प्रताप,ओम प्रकाश, विकास कुमार मौर्य, राहुल कुशवाहा, राजकुमार मौर्य,सत्यप्रकाश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहेब डॉ0 अंबेडकर के जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन



**सुलतानपुर।** रविवार को संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी आयोजित की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(प्रशासन), मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र सिंह, अपर उप जिलाधिकारी प्रवीन कुमार, नवागत ज्वांइट मजिस्ट्रेट वैशाली, कर्मचारी प्रन्तीय अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना ÷हम भारत के लोग, भारत को एक (संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य) बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना को स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और (राष्ट्र की एकता और अखंडता) सुनिश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में एतद्धारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है। इसी प्रकार वहां उपस्थित अधिकारियों द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर विचार व्यक्त किये गये। इसी प्रकार विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा अनवर शेख, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीसी मनरेगा व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इसके साथ ही वहां उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। डीसी मनरेगा व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

# अग्निशमन सेवा दिवस पर वाहन को एसपी ने दिखाई हरी झंडी




**सुल्तानपुर।** अग्निशमन केन्द्र सुलतानपुर में अग्निशमन सेवा दिवस पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय कुमार शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर सोमेन बर्मा को अग्निशमन सेवा दिवस का फ्लैग लगाया गया। अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के शुभारम्भ पर पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर सोमेन बर्मा द्वारा अग्निशमन आपात सेवा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय कुमार शर्मा की तरफसे लोगों को जागरूक किया गया कि गर्मी के मौसम में वह आग लगने की घटनाओं पर नियंत्रण पाने को जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। आग जलाने के बाद चूल्हे समेत अन्य स्थानों पर तत्काल बुझा दी जाए। आपकी चिंगारी से अग्निकांड की अधिकांश घटनाएं होती हैं। हमारी जागरूकता ही अग्निकांड को रोकने के लिए पर्याप्त है।

# कल से सांसद मेनका का तूफानी दौरा विभिन्न कार्यक्रमों में होगी शामिल



**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर की सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी चुनावी कैंपेन को धार देने 15 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर आ रही है। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी 15 अप्रैल को प्रातः 8:00 बजे दिल्ली से सड़क मार्ग होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 123 किलोमीटर कूरेभार बाईपास पहुंचेंगी। यहां पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद श्रीमती गांधी शास्त्रीनगर स्थित संदीप सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करने के बाद रात्रि विश्राम करेंगी। श्रीमती गांधी 16 अप्रैल को लंभुआ विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगी। श्रीमती गांधी 10:00 बजे वजूपुर कुडिया, 10:30 सराय आचल, 11:00 संत मनोगी दास मंदिर के पास हरिपुर बनवा, 11:30 बजे दुर्गा पूजा स्थल गौरा, 12 बजे अनिल तिवारी की आवास बरसड़ा, 12:30 बजे रामगढ़ बारात घर, 1:00 बजे शाहपुर हरिवंश मरीमाई धाम के पास, 1:30 बजे सर्वोदय रोड लंभुआ, 1:45 बजे राम आसरे की गली सर्वोदय नगर, 2:00 बजे देवरी, 2:15 बजे जफरापुर मिश्रपुर, 2.45 बजे जमुखुरी, 3:15 बजे सबसुखपुर, 3:30 बजे खुनशेखपुर ,4:00 बजे आईटीआई स्कूल गोपीनाथपुर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगी। श्रीमती गांधी लगातार लोकसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा करेंगी।

# बसपा ने उदराज वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर लगाया दांव



**सुलतानपुर।** लोकसभा 38 सुलतानपुर से बसपा ने उदराज वर्मा को लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया है। शहर के गभड़िया स्थित गंगा गार्डेन मैरिज लॉन में आयोजित गोष्ठी में बसपा के अयोध्या, देवीपाटन, वारणसी, आजमगढ़ मण्डल के मुख्य सेक्टर प्रभारी घनश्याम चंद्र खरवार व बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की मौजूदगी में बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा के नाम की घोषणा हुंई। बसपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा को माला पहनाकर बधाई दी।

# बाइक स्टंट से रोकने पर सगे भाइयों ने सिपाही से की अभद्रता, संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

**सुल्तानपुर।** दो सगे भाइयों ने कानून हाथ में लेते हुए सिपाही को खुलेआम दबंगई दिखाई। आरोप है कि सगे भाइयों ने सिपाही की वर्दी की कालर पकड़ा, उसके हाथ हाथापाई और गाली-गलौज किया। जिसके बाद सिपाही ने दोनों भाइयों के विरुद्ध बल्दीराय थाने में तहरीर दिया। जिस पर संगीन धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

मामला बल्दीराय थानाक्षेत्र के पारा चौराहे का है। बताया जा रहा है कि दो सगे भाई थानाक्षेत्र के अलियाबाद निवासी नदीम उर्फशालू व उसका भाई पुत्रगण जहीर चौराहे पर दो दिन पूर्व बाइक लेकर पहुंचे। यहां दोनों भाई बाइक से स्टंट करने लगे। वहां लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। खतरा मंडरा रहा था कि कही दोनों भाई किसी अनहोनी का शिकार न हो जाए। ऐसे में वहां ड्यूटी पर मौजूद बल्दीराय थाने के सिपाही अयोध्या साह ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। बताया जा रहा है कि सिपाही ने दोनों भाइयों को ऐसा करने से मना किया तो ये बात उन्हें नागवार गुजर गई और दोनों दबंगई पर उतर आए। आरोप है कि दोनों ने सिपाही की कालर पकड़कर उसके साथ हाथापाई व गाली गलौज किया। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद सिपाही ने थाने पर नामजद तहरीर दी। जिसमें एससी/एसटी समेत कई गंभीर धाराओं में दोनों सगे भाइयों पर आज केस दर्ज किया गया है। बल्दीराय थानाध्यक्ष आरबी सुमन ने बताया कि आरोपी नदीम उर्फ शालू व उसके भाई के खिलाफ जाति सूचक शब्द, गाली गलौज करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है।

# बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया याद

## बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन





**सुलतानपुर।** अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) गौरव शुक्ला की अध्यक्षता में रविवार को संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी आयोजित की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(प्रशासन), मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र सिंह, अपर उप जिलाधिकारी प्रवीन कुमार, नवागत ज्वांइट मजिस्ट्रेट वैशाली, कर्मचारी प्रन्तीय अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना ÷हम भारत के लोग, भारत को एक (संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य) बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना को स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और (राष्ट्र की एकता और अखंडता) सुनिश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में एतद्धारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है। इसी प्रकार वहां उपस्थित अधिकारियों द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर विचार व्यक्त किये गये। इसी प्रकार विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा अनवर शेख, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आशीष कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीसी मनरेगा व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इसके साथ ही वहां उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। डीसी मनरेगा व जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया।

इसी प्रकार डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर समस्त तहसीलों , कार्यालयों,शिक्षण संस्थाओं में भी उनके जीवन दर्शन व व्यक्तित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

# डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि





**बलरामपुर।** रविवार को जिले में संविधान शिल्पकार बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती स्कूलों में मनाई गई अवकाश होने के बाद भी विद्यालयों के प्रिंसिपल शिक्षकों ने जयंती मनाई है।

बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज में बौद्ध सत्य महान समाज सुधारक संविधान शिल्पकार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई विद्यालय प्रधानाचार्य रेखा देवी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन देते हुए उनके आदर्शों को आत्म सात करने का संकल्प लिया है। विद्यालय प्रवक्ता अविनाश मिश्रा ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर समाज सुधारक के साथ विद्वान भी थे। प्रवक्ता मधुकर सिंह ने बाबा साहब को दलित शोषित वंचितों को अधिकार दिलाने वाला व्यक्तित्व करार दिया इस दौरान विद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता वंदना पांडे एकता सिंह सहित अन्य शिक्षक शिक्षकों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया है। इसी क्रम में एमपीपी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

विद्यालय के अध्यापकों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया है प्रिंसिपल ने कहा कि भारतीय संविधान में बाबा साहब भीमरावअंबेडकर का अविस्मरणीय योगदान है शिक्षक नेता सुरेश कुमार यादव ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर सदैव पूंजीवाद के खिलाफ थे दलित शोषित वंचित को अधिकार दिलाना उनका उद्देश्य था बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का शिक्षकों ने संकल्प लिया है इस अवसर पर अनुराग मोहन पांडे गीता गौतम उमाशंकर सिंह सहित विद्यालय के कई शिक्षक मौजूद रहे हैं।

## दीप जलाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया अंबेडकर जयंती

**अयोध्या।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह कर्मचारी परिषद साकेत महाविद्यालय व मां शांति सेवा फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम प्रबंध संयोजक बसन्त राम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शांति सेवा फाउंडेशन एवं कर्मचारी परिषद ने संयुक्त रूप से भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो अनिल कुमार सिंह मुख्य नियंता एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य अभय कुमार सिंह एवं मंच अतिथियों को कार्यक्रम प्रबंध संयोजक बसंत राम, मुख्य संयोजक भूपेश्वर गुप्ता, इंद्रजीत व डॉ विनय प्रकाश मौर्य सहित सभी सदस्यों ने माल्यार्पण एवं बैज लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो अनिल कुमार सिंह ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

# बीसीएम पेराई सत्र का हुआ समापन

## मौजूदा सत्र में 1 करोड़ 52 लाख 41000 कुंतल गन्ने की हुई पेराई



**बलरामपुर।** बलरामपुर चीनी मिल्स प्रिंस सत्र 2023 24 का रविवार को समापन हुआ है इस बार चीनी मिल ने एक करोड़ 52 लाख 41000 कुंतल गन्ने की पेराई की है।

चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक निष्काम गुप्ता ने बताया कि पेराई सत्र 2023 24 में बीसीएम बलरामपुर ने एक करोड़ 52 लाख 41000 कुंतल गाना पेराई कर बीते रात्रि समापन किया है उन्होंने बताया कि चीनी मिल हमेशा की तरह गन्ना मूल भुगतान में इस वर्ष भी अग्रणी रहा है चीनी मिल द्वारा 1 अप्रैल तक खरीदे गए गाने का भुगतान किसानों के खाते में निर्गत किया जा चुका है उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रति एकड़ गन्ने का कम उत्पादन होने की वजह से चीनी मिल को उसकी आवश्यकता 178 लाख कुंतल की अपेक्षा काफी काम करना मिला किसानों से गाने की बुवाई पेड़ी प्रबंधन के साथ-साथ आगामी पिराई सत्र के लिए अधिक से अधिक गन्ने की बुवाई करने की अपील की गई है सत्र समापन के अवसर पर चीनी मिल के महाप्रबंधक मानव संसाधन राजीव अग्रवाल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा पूर्वक एवं सफलतापूर्वक पेराई सत्र समापन की बधाई दी है इस अवसर पर गन्ना प्रबंधक श्याम सिंह महाप्रबंधक योगेंद्र सिंह बिष्ट महाप्रबंधक उत्पादन सोमेश देव पांडे अतिरिक्त महाप्रबंधक बीएन ठाकुर उपमहाद प्रबंधक क्वालिटी कंट्रोल उदयवीर सिंह आईटी दिनेश सिंह चौहान गन्ना विभाग के योगेंद्र शुक्ला संजय सिंह अरुण श्रीवास्तव दिनेश कुमार केपी सिंह यांत्रिक एवं उत्पादन विभाग के श्रीनिवास सिंह दिनेश यादव क सिंह गोपाल चौबे संजय सेन हिमांशु शर्मा राजेश अग्रवाल हरीश सिंह एसपी सिंह आदि मौजूद रहे हैं।

# जनपद में धूमधाम से मनाई गई डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती

## विभिन्न जगहों पर आयोजित किए गए कार्यक्रम






**चित्रकूट ब्यूरो:** भारत देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती रविवार को जनपद के सभी सरकारी व गैरसरकारी कार्यालयों में धूमधाम के साथ मनाई गई। विभिन्न जगहों पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों में लोगों को बाबा साहब की बातो पर अमल करने को प्रेरित किया गया।

कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने समाज को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विद्वता को देखते हुए उन्हें भारत का संविधान बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सामाजिक न्याय व अवधारणा के तहत सभी लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ व समान अवसर देने का कार्य करें। यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर एक महान प्रतिभा थी। इतने बडे लोकतांत्रिक देश को चलाने के लिए उन्होंने संविधान बनाया। ऐसी महान शख्सियत को हम नमन करते हैं। हम सबको उनके बताए हुए मार्गो पर ही चलना चाहिए। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को महत्व दिया है व्यवहार के बाद उन्होंने परिस्थितियों को भी ठीक करने में अपनी जी-जान लगा दी थी। उन्होंने केवल दलित समाज के लिए ही काम नहीं किया, बल्कि उन्होंने हर वंचित लोगों के लिए कार्य किया है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्गो पर चलकर आम जनमानस को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, आयुक्त सहायक मनोज कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सम्बोधित किया। इस मौके पर अपर पुलस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी एलआईयू सूर्यकान्त अरुण राय, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निशिकान्त राय, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, वाचक पारितोष दिक्षित, डायल 112 प्रभारी शिवमूरत यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी द्वारा भी जनपद के 11 मंडलो के सभी 851 बूथो पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनायी गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने खोह में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बनाये सम्विधान से आज देश चल रहा है। बाबा साहब ने समाज के शोषित व वंचितो को समाज में बराबरी का सम्मान दिलाने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल, तीरथ तिवारी, अश्वनी अवस्थी, राजेश जायसवाल, अंजू वर्मा, दिव्या त्रिपाठी, महेन्द्र कोटार्य, बृजेश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, कैलाश रलिहा, अभिषेक ओझा, राखी चौबे, रवि गुप्ता, सुरेश अनुरागी, बृजेन्द्र शुक्ला, भवानी जोशी आदि मौजूद रहे।

बहुजन समाज पार्टी द्वारा भी पुरानी कोतवाली मैदान बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी मंडल बांदा एडवोकेट कौशल कुमार व बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा ने बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने का सभी को संकल्प दिलाया। इस मौके पर शिव अवतार त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी, प्रमोद कुमार वर्मा, जमुना प्रसाद पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा, रामविशाल वर्मा, सोनपाल वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, राजा सोनकर, राजेश रैकवार, नगर अध्यक्ष श्यामलाल, गया प्रसाद सविता, फूल कुमार वर्मा, हनुमान प्रताप, शिवराज, जीवन, वरुण कुमार वर्मा, लाल सिंह, जगत सिंह पटेल, जगदीश यादव, सहदेव कुशवाहा, रामभजन वर्मा, संतोष कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

भारतीय बौद्ध महासभा के अंतर्गत डॉ बी आर अम्बेडकर जयंती समिति द्वारा भी डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शाखा के पदाधिकारियों द्वारा शोभायात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ज्ञानचंद बौद्ध ने उपस्थित लोगों को समाज में फैली कुरीतियों को त्याग कर भगवान बुद्ध के सिद्धांतों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डॉ अंबेडकर के विचारों पर अमल करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कहा कि डॉ अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान को हर घर में होना चाहिए और सभी लोगों को संविधान पढ़ना चाहिए। इस दौरान डॉ अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में प्रदेश एवं जनपद में स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें कीर्ति मिश्रा, धर्मेंद्र यादव, हर्ष पाण्डेय, प्रिंसी सिंह, रक्षा यादव, गार्गी गुप्ता, हिमांशु, सरस्वती, कमल, रेशमा, कीर्ति राज, करण यादव, अनुज कुमार, अंतिम कुमार, स्वतंत्र कुमार, अनीता, तन्नू देवी को पुरस्कृत किया गया। साथ ही मार्च 2024 में सेवा निवृत शिक्षक जैनुलाब्दीन, बालकृष्ण चतुर्वेदी, हेमेशचन्द्र श्रीवास्तव, दशरथ प्रसाद, बद्रीप्रसाद, चन्द्रभान आदि को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इं. गुरु प्रसाद, दिनेश कुमार, मतगंजन प्रसाद, इं. गिरीश माहौर, इं. जयप्रकाश, इं. सर्वजीत कुमार, दिनेश कुमार सनेही, पूर्व शिक्षक माता प्रसाद, सुंदरलाल, शिव प्रसाद, भैयालाल, जाहर सिंह, अभिषेक कुमार, गणेश शंकर, शंकर दीन, कमलेश कुमार, कपिल गौतम, रामलखन, विजय कुमार, चंद्रप्रकाश वर्मा, रेवती, विमल कुमार बौद्ध, प्रेमलता, गीता वर्मा, नगीना कुमारी, डॉ सुदामा प्रसाद, दीपक कुमार, संघमित्रा, रोहित, रितिक, शिवनारायन वर्मा, अजय कुमार त्यागी, सुरेश चंद्र, विनोद कुमार, वर्षा, विश्वदीप, सुमन आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन करने आधा दर्जन क्रेषर मालिकों पर कसा सिकंजा

## डीएम ने ठोका जुर्माना

**चित्रकूट ब्यूरो:** अवैध खनन के मामले में हुई जांच में भरतकूप के आधा दर्जन पट्टेधारक फंस गए हैं। स्वीकृत खनन क्षेत्र से बाहर खनन करने के मामले में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इन आधा दर्जन पट्टेधारकों पर 84,45,120 रु का जुर्माना ठोंका है।जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पट्टा क्षेत्रों का औचक निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भरतकूप में ग्रेनाइट/गिट्टी/बोल्डर के खनन पट्टा क्षेत्रों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान ग्रेनाइट/गिट्टी/बोल्डर के 6 पट्टाधारकों द्वारा अवैध खनन किया जाना पाया गया। जिसमें अनिल सिंह द्वारा 1,610 घन मीटर, राहुल यादव द्वारा 651 घन मीटर, महेश प्रसाद जायसवाल द्वारा 624 घन मीटर, शिवमंगल सिंह द्वारा 1,300 घन मीटर, अर्चना सिंह पत्नी धनंजय सिंह द्वारा 1,352 घन मीटर, राजेंद्र कुमार शर्मा द्वारा 135 घन मीटर उपखनिज ग्रेनाइट/गिट्टी/बोल्डर का खनन अपने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर किया जाना पाया गया। उत्तर प्रदेश उपखनिज नियमावली के अंतर्गत अनिल सिंह पर 20,45,600 रु, राहुल यादव पर 11,24,960 रु, महेश प्रसाद जायसवाल पर 10,99,040 रु, शिव मंगल सिंह पर 17,48,000 रु, अर्चना सिंह पत्नी धनंजय सिंह पर 17,97,920 रु व राजेंद्र कुमार शर्मा पर 6,29,600 रु का जुर्माना करते हुए संबंधित पट्टा धारकों को 84,45,120 रु की धनराशि को एक सप्ताह के अंदर खनिज विभाग में जमा करने के आदेश जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने दिए हैं। साथ ही संबंधित पट्टा धारकों को अपने स्वीकृत खनन क्षेत्र में ही खनन कार्य करने को कहा गया है, अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# गुरुकुल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार



**चित्रकूट ब्यूरो:** संत रणछोड़दास महाराज की पावन तपोस्थली एवं उनके द्वारा जानकीकुण्ड में स्थापित गुरुकुल श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय अंतर्गत श्री रघुवीर मन्दिर (बड़ी गुफा) में 151 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ।धर्मनगरी में चैत्र शुक्ल पक्ष तिथि षष्ठी को प्रातः ग्रहशांति यज्ञ, गुरुपूजन, मंत्रदीक्षा, दण्डधारण एवं भिक्षाटन के विधान मंदिर परिसर में आचार्यों के निर्देशन में संपन्न किये गए। इस अवसर पर बटुकों के माता-पिता, गुरुकुल के आचार्यगण एवं सद्गुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही श्री राम संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार के उपरांत ही गुरुकुल के विद्यार्थियों को वेद-शास्त्रों के अध्ययन का अधिकार प्राप्त होता है एवं प्राचीन वैदिक-सनातन परम्परा में यह ब्रह्मचर्य आश्रम की आवश्यक क्रिया एवं सोलह संस्कारों में से एक है। उपनयन को शास्त्रों में द्विज का दूसरा जन्म भी माना गया है।

इस अवसर पर श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विषद भाई मफ्तलाल की धर्म पत्नी रूपल बहन, ट्रस्टी डॉ बी के जैन, अध्यक्षा ऊषा जैन, गुरु-भाई बहन, आचार्यगण, विद्यार्थी, अभिभावक एवं सद्गुरु परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# एक घंटे के अंदर लापता बच्ची को किया परिजनों के सुपुर्द

**चित्रकूट ब्यूरो:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपहृतों एवं गुमशुदा की बरामदगी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बरगढ़ पुलिस ने घर से बाहर खेलने गई बच्ची के गुमशुदा होने पर बच्ची को बरामद कर सकुशल बरामद पर परिजन को सुपुर्द किया। गौरतलब है कि रविवार को यशोदा देवी पत्नी स्व अशोक कुमार निवासी जमीरा थाना बरगढ़ द्वारा सूचना दी गयी कि दुखी प्रजापति पुत्री स्व सियाराम प्रजापति (08) घर के बाहर खेलते-खेलते कही गुम हो गई है। इस पर प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य द्वारा सूचना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए बच्ची की बरामदगी के लिए अपनी टीम आरक्षी अखिलेश कुमार व महिला आरक्षी समीक्षा यादव के साथ बच्ची की खोजबीन शुरु की और महज एक घंटे में बच्ची को गांव के ही पास से बरामद कर महिला सिपाही समीक्षा यादव के देखरेख में महिला हेल्पडेस्क पर बैठाया गया तथा बच्ची की दादी यशोदा देवी को बुलाकर पहचान कराकर उनके सुपुर्द किया गया। बच्ची को पाकर दादी के चेहरे की मुस्कान वापस आयी।

# महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनाजरूरी- मंडलायुक्त

## पूरे जनपद में धूमधाम से मनाई गई डॉ.आंबेडकर की जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** सरकारी कार्यालयों सहित अन्य संगठनों द्वारा पूरे जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह से मनाई गई। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर के तरकापुर से एक शोभा यात्रा राजेश भारतीय के नेतृत्व में निकली गई जो नगर भ्रमण के बाद एक सभा में परिवर्तित हो गई। शोभा यात्रा में बाबा साहेब के जीवन पर तथा अन्य महापुरुषों के जीवन से संबंधित झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं।



मंडलायुक्त कार्यालय पर बाबासाहेब के चित्र पर माल्यार्पण के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए मंडलायुक्त डा. मुथुकुमार स्वामी बी ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने के पीछे ये उद्देश्य रहता है कि उस दिन हम उनके जीवन और कृत्यों से परिचित हों तथा उनके गुणों को आत्मसात करने की प्रेरणा लें।

जिलाधिकारी कार्यालय पर आयोजित उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने नई पीढ़ी का आह्वान किया कि महापुरुषों के त्याग और बलिदान से कुछ सीखें तथा इस दिशा में कार्य करें कि राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता सुरक्षित रहे तथा देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे।


राजदीप कालेज कैलहट में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कालेज के प्रबंधक राज बहादुर सिंह ने कहा कि बाबा साहेब की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं था तथा अपने सिद्धांतों के प्रति बहुत ही ईमानदार थे। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित करते हुए कहा कि हिदुओं में व्याप्त छुआ छूत से आहत होकर समाज को सावधान करते हुए बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया किंतु अन्य धर्म इसलिए स्वीकार नहीं किया कि उनका मानना था कि अन्य धर्मावलंबियों की निष्ठा भारत के प्रति अक्षुण्ण न रहती।

# चार पर की गई गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस ने भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले चार आरोपियों पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की।जिसमें प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह द्वारा आरोपी बुद्धविलास उर्फबडन उर्फबडा भइया निवासी रामपुर कल्याणगढ़ व कपिल सोनकर निवासी पटा थाना मानिकपुर के विरुद्ध तथा प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार' द्वारा आरोपी सत्येन्द्र उपाध्याय निवासी महुआ गांव व शिवसहाय निवासी कुसियापुरवा कस्बा व थाना राजापुर के विरुद्ध धारा 3 यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# प्रभु के जयकारों से गूंज उठा कथा स्थल

## कथा का पांचवा दिन



**चित्रकूट ब्यूरो:** संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में अरविंद भाई मफ्तलाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम से पधारे कथा व्यास किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

कथा के पांचवे दिन कथा व्यास ने देश के विभिन्न प्रांतों से आए कथा श्रोताओं को प्रभु श्री राम के जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि साक्षात नारायण त्रिभुवन पति ने अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ की पहली संतान के रूप में उनकी बड़ी रानी कौशिल्या के गर्भ से जन्म लिया। प्रभु ने चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को अवतरित हुए। कथा व्यास ने बताया कि जब प्रभु ने जन्म लिया उस समय चारों ओर हरियाली छा गई। फूल खिल उठे सुर, नर, मुनि, गंधर्व सब अयोध्या धाम में भेष बदलकर पहुंच गए। स्वर्ग से सारे देवी-देवता शंख नाद करते हुए पुष्पों की वर्षा करने लगे। अयोध्या में बधाइयां बजने लगी। प्रभु जन्म की कथा सुनते ही कथा स्थल प्रभु के जयकारों से गूंजने लगा और कथा प्रेमी बधाई गीत में नचाने लगे। कथा श्रोताओं में तमाम साधु संत, आम जनमानस, तमाम प्रांतों से पधारे गुरु भाई बहन एवं सदगुरू परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# कामदगिरि स्वच्छता समिति ने चलाया 111वां सफाई अभियान




**चित्रकूट ब्यूरो:** कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत कामतानाथ परिक्रमा स्थिति लालबाई आश्रम के ठीक सामने 111वां स्वच्छता अभियान चलाया गया।कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि स्वच्छता समिति का यह अभियान कामतानाथ परिक्रमा में जन जागरूकता को लेकर लगातार चलाया जा रहा है। समिति का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति बनाना तथा उनकी जिम्मेदारी समझाना है। कहा कि प्रशासन के साथ-साथ हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि मंदाकिनी नदी व कामतानाथ पर्वत को स्वच्छ रखें। स्वच्छता अभियान में जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केशरवानी, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा, मनोज कुमार, वन विभाग से रसूल बख्श आदि लोगों ने सहयोग किया।

# अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पहाड़ी के उपनिरीक्षक त्रिलोकीनाथ मिश्रा एवं उनकी टीम आरक्षी विनोद कुमार व महिला आरक्षी नेहा अहिरवार द्वारा आरोपी कमलेश निषाद निवासी मकरी थाना पहाड़ी को 30 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। इस समबन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना पहाड़ी में धारा 60(2) आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# सक्षम युवा विकास फाउंडेशन ने भारत रत्न बाबा साहब की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** सक्षम युवा विकास फाउंडेशन द्वारा संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का जन्म दिन विजिया चौराहा में बड़े धूम धाम से मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार रहे सर्व प्रथम मुख्य अतिथि ने बाबा साहब की प्रतिमा में मलयर्पण किया उसके बाद लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि हमारे देश में हर साल 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है। इस साल पूरा देश उनकी 134वीं जयंति मनाने जा रहा है। बाबासाहेब अंबेडकर एक विद्वान, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने अपना जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया वहीं मौजूद वरिष्ठ शिक्षक सत्य देव ने भारत रत्न सविधान निर्माता के संघर्षों पर प्रकाश डाला और कहा कि अंबेडकर संविधान निर्माता के साथ प्रख्यात शिक्षाविद् व समाज सुधारक भी थे इसी प्रकार दिनेश कुमार चौधरी ने कहा शिक्षा के प्रति बाबा साहब ने हमे एवं हमारे देश के एक नई ऊर्जा के जागरूक किया समाज का विकास तभी संभव है इसी प्रकार सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के उपाध्यक्ष रोहित मिश्र ने कहा कि जाति पाती ऊंच नीच को त्याग कर हमे निरंतर आगे बढ़ने के भारत रत्न प्रेरणास्रोत रहे जो हमारे आदर्श के रूप में है। इसी प्रकार उपस्थित लोगों ने अपने संबोधन दिए इस कार्यक्रम में सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष कौशिक अग्रहरि, संजय शुक्ला,योगेंद्र त्रिपाठी,सुभम दुबे, सहीन हसन,मुकेश यादव,प्रमोद चौधरी, रामू अग्रहरि,सहित तमाम युवा मौजूद रहे। इसी प्रकार सरिता गैस एजेंसी के प्रोपाइटर राजेश कुमार अगुवाई बाबा साहब की जयंती सरिता इंडियन गैस एजेंसी में मनाया गया।

# 20 मई को मतदान में बढ-चढ़कर ले हिस्सा- पाठक



**मऊ, चित्रकूट:** मऊ के उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक और राजापुर की क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने रविवार को मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। साथ ही बूथों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हनुमान गंज और बेलरी गांव का भ्रमण रविवार को मऊ उपजिलाधिकारी और राजापुर क्षेत्राधिकारी ने किया। यहां इन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए इस क्षेत्र में आगामी 20 मई को मतदान होना है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं को भयमुक्त होकर स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकारी का प्रयोग करना चाहिए। यदि अपने पक्ष में मतदान के लिए कोई व्यक्ति दबाव बनाता है, धमकाता है या प्रलोभन देता है, तो इसकी सूचना दे ताकि सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा सके। इस दौरान उन्होंने गांव के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें प्रकाश, पेयजल, रैम्प आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस मौके पर रैपुरा थाना प्रभारी शैलेंद्रचंद्र पाण्डेय व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# संत गाडगे धोबी धर्मशाला समिति मनाई बोधिसत्व बाबा साहब की जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** संत गाडगे धोबी धर्मशाला समिति कौशांबी के तत्वाधान में आज दिनांक 14 अप्रैल 2024 को संत गाडगे चौराहा मंझनपुर में बोधिसत्व बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी के 133 वी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई जिसमे धोबी समाज के सैकड़ों सम्मानित लोग मौजूद रहे कार्यक्रम में सर्व प्रथम बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं पूर्व प्रत्याशी विधानसभा मंझनपुर हेमंत कुमार टुन्नू जी द्वारा किया गया कार्यक्रम में वरिष्ट समाजसेवी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति प्रत्याशी उमेश दिवाकर लोगो को संबोधित करते हुए बाबा साहब के जीवनी के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर लोगो को उनके बताए रास्ते में चलने एवं एकजुट होने को कहा कार्यक्रम में बहुत बहुत से वक्त अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में 2024 लोकसभा चुनाव के बारे में समाज के सभी लोगो से एकजुट मत देने हेतु चर्चा परचर्चा किया गया धोबी समाज को कौशांबी एवं कई जिलों में भागीदारी न मिलने से नाराजगी जाहिर की कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीरेंद्र निर्मल,मथुरा प्रसाद ,सेहंदी लाल,दिलीप चौधरी,राम नरेश, राजेश कुमार, छितानी लाल, महेश चौधरी, लवकुश निर्मल, पवन निर्मल, जिलेदार निर्मल, विद्यासागर, एवं कई अन्य समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# नयापुरवा मार्ग पर कोचिंग संचालकों का अवैध कब्जा, कब होगी कार्यवाही?

## विवेकानन्द कोचिंग का बीच सड़क पर रखा है जनरेटर, अमेरिकन का लगा है बोर्ड






**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** नयापुरवा मोहल्ले में कई कोचिंग संचालकों द्वारा मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जा कर आवागमन बाधित करना स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है,लेकिन जिला प्रशासन हाथ पर हाथ रख कर बैठा हुआ है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला नयापुरवा का है। बताते चलें कि शहर के फिरोज गाँधी डिग्री कॉलेज के सामने स्थित सिटी कार्ट शॉपिंग माल के सामने से नयापुरवा मोहल्ले को जाने वाला मुख्य मार्ग अवैध कब्जेदारों की भेंट चढ़ चुका है,जिससे नयापुरवा मोहल्ले में चौपहिया वाहन तथा ट्रैक्टर ट्रालियों का आवागमन बड़ा ही मुश्किल हो रहा है।गौरतलब है कि दबंग किस्म के कोचिंग संचालकों की मनमानी का आलम यह है कि किसी ने मुख्य मार्ग को अपना अवैध वाहन स्टैंड बना रखा है तो किसी ने बीच सड़क पर जनरेटर रख कर अवैध कब्जा जमा रखा है,इतना ही नही बल्कि एक दूसरे को देखते हुए कुछ संचालकों ने अपना बोर्ड सड़क के बीचो बीच लगा कर अपना कब्जा जमाया हुआ है।

### बीच सड़क पर खड़े होने वाले सैकड़ों वाहनों की वजह से आये दिन होता है बवाल..

बताते चलें कि वैसे तो सिविल लाईन - डिग्री कॉलेज चौराहा मुख्य सड़क से वार्ड नम्बर 25 के मोहल्ला नया पुरवा को जाने वाले दोनों मुख्य मार्गों पर स्थित कोचिंग सेंटरों में पढ़ने के लिए आने वाले विद्यार्थियों के सैकड़ों की संख्या में दोपहिया वाहन तथा साईकिलें मुख्य मार्ग पर ही खड़ी होती हैं जिसके चलते मोहल्ले के लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,परन्तु कुछ कोचिंग संचालकों ने तो अवैध कब्जे की सारी हदें तोड़ते हुए मुख्य सड़क के बीचो बीच जनरेटर रखवा कर तथा सड़क पर ही बोर्ड लगा कर लगभग रास्ता ही अवरुद्ध कर रखा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिलाधिकारी को इस दिशा में विशेष गौर करते हुए जहाँ नयापुरवा मोहल्ले में संचालित कई अवैध कोचिंग सेंटरों की जाँच करानी चाहिये वहीं सड़क से अवैध कब्जा हटवा कर आवागमन का मार्ग सुलभ कराना चाहिये,ताकि आपातकालीन स्थिति में मोहल्ले के अंदर तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ तथा एम्बुलेंस आदि सहजता से पहुंच सकें।

# अतुल सिंह ने मृतक परिजनों के घर पहुँच प्रकट की शोक संवेदना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** विधानसभा ऊंचाहार के दौलतपुर निवासी विभव (11) पुत्र मनोज सविता की संदिग्ध परिस्थितियों में विगत दिनो पेड़ से लटके मृत पाए गए,इसकी सूचना पाकर कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने पीड़ितजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की एवं पीड़ित परिवार ने श्री सिंह से न्याय की गुहार लगाई।श्री सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक से बात कर न्याय दिलाया जाएगा,दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की कराई जाएगी।इस अवसर पर प्रमुख रूप से शैलेन्द्र सिंह,रामदत्त पाण्डेय,दीपू सिंह,कप्तान सिंह,जीतेन्द्र सिंह,गोलू अग्रहरि,भोला साहू,मनोज मौर्य,श्रेष्ठ त्रिपाठी,रवि सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में अंबेडकर जयंती का हुआ आयोजन, बाबासाहेब को किया याद

## भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर हम सभी के लिए पूजनीयः मनदीप सिंह छाबड़ा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। निर्धन व पिछड़े हुए लोगों की सेवा की बाबासाहेब की दी हुई शिक्षा का अनुसरण करते हुए इस शुभ अवसर पर अंबेडकर भवन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति एसोसिएशन के सौजन्य से वस्त्र व मच्छरदानी इत्यादि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें परिसर के आसपास के ग्रामीणों व सफाईकर्मियों को ये सामग्री महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अतुल कमलाकर देसाई, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, प्रियदर्शिनी



लेडीज क्लब की अध्यक्षा तरूणा छाबड़ा सहित अन्य वरिष्ठ सदस्याएं द्वारा वितरित की गई।इसके पूर्व सूर्योदय के साथ ही जयंती समारोह के प्रति उत्सुकता से भरे कर्मचारियों, महिलाओं एवं बच्चों ने एसोसिएशन द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। गत एक सप्ताह से ही नारा-निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के साथ जयंती सप्ताह मनाने की शुरुआत कर दी गई थी।बाबासाहेब की 133वीं जयंती को यादगार बनाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें नन्हें कलाकारों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह के अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर हम सभी के लिए पूजनीय हैं। संविधान निर्माता के तौर पर उनका सहयोग अतुलनीय रहा है। संविधान पर हरेक भारतीय का विश्वास उनकी निष्पक्ष कार्यनीति का ही परिणाम है। इस अवसर पर मैं आप सभी से अपील करता हूं कि बाबासाहेब के विषय में अधिक से अधिक पढ़ें और एक गौरवान्वित व सक्षम भारत के योगदान में सहयोग करें।यंती समारोह के दौरान एससी एसटी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र कुमार व महासचिव राहुल कनौजिया ने कहा कि बाबासाहेब हरेक भारतीय के आदर्श हैं। हमारी एसोसिएशन भी उन्हीं से मिली प्रेरणा के साथ पिछड़े वर्गों की सहायता करने का प्रयास करते हुए निरंतर रूप से जनकल्याण कार्यक्रमों को आयोजित करने का प्रयास करते हैं।संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अतुल कमलाकर देसाई, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) कडेदीन यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मधु सिंह,सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, एससी एसटी एसोसिएशन के सभी सदस्य, बड़ी संख्या में कर्मचारी, महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे और बाबासाहेब को याद किया।

# लालगंज मंडी समिति की समस्याओं को लेकर मंत्री दिनेश सिंह से मिला लालगंज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

**लालगंज रायबरेली।** व्यापारियों के हित में सदैव सक्रिय रूप से समस्याओं को उठाने वाले संगठन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश सिंह से रायबरेली आवास पर मिलकर मंडी समिति में बनने वाली दुकानों के बाबत एक ज्ञापन सौंपा और कहा कि चबूतरे पर दुकानें बनने से करीब एक सैकड़ा छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी चली जाएगी और वह भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे। विवेक शर्मा ने कृषि उद्यान मंत्री दिनेश सिंह से कहा कि चबूतरे पर नई दुकाने ना बनवाकर मंडी समिति में खाली पड़ी अन्य जगहों पर दुकानों का निर्माण कराया जाए जिससे छोटे दुकानदारों की भी रोजी-रोटी चलती रहे । जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि दुकानें बनाने को लेकर



ठेकेदार ने मंडी परिसर में व्यापारियों की जगह पर सीमांकन के लिए मटेरियल गिरा दिया है जिससे व्यापारियों में अपनी रोजी-रोटी जाने का संकट एवं भय का माहौल बना हुआ है स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश सिंह ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि भाजपा की योगी सरकार जनहित के मुद्दों पर विशेष ध्यान देती है। अगर कोई व्यापारियों की समस्या है तो उस पर विचार कर ही निर्णय लिया जाएगा । बताते चले कि मंडी समिति में निर्मित चबूतरे पर एक सैकड़ा से अधिक किसान रोज अपनी दुकान लगाते हैं।इस अवसर पर जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय ,अध्यक्ष मंडी समिति सुरेश सोनकर, श्रवण मौर्य ,रहम अली, कुलदीप सोनकर ,राम सजीवन सोनकर, राजू सोनकर ,श्यामलाल मौर्य जवाहरलाल मौर्य, व्यापारी मौजूद रहे।

# भीमराव अंबेडकर जी के जन्म दिवस पर कांग्रेसियों ने विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन



**रायबरेली।** भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि सर्व प्रथम हाथी पार्क स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया,तत्पश्चात कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विचार गोष्ठी आयोजित की गई, साथ ही रायबरेली जनपद के समस्त ब्लाकों में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के विचार सदैव जीवित रहेंगे, उन्होंने अपना सारा जीवन छुआ-छूत और सामाजिक भेदभाव को रोकने में लगा दिया।शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहब न सिर्फसंविधान निर्माता थे बल्कि सच्चे समाज सुधारक भी थे जिन्होंने बालविवाह,जाति भेदभाव को समाप्त किया, नगरपालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के संघर्षों और प्रयासों से ही आज समाज में छुआछूत और ऊंचनीच का भेद मिट पाया है,उनके द्वारा निर्मित सविंधान में सभी को समान अधिकार प्राप्त है,प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने देश को एक मजबूत संविधान दिया, जिसकी प्रसंशा विश्व में होती है, दुर्भाग्यवश आज राजनीतिक द्वेष के चलते बाबा साहब के विचारों को समाप्त करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है, कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बाबा साहेब के विचारों को जिंदा रखने के लिए वचनबद्ध है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से वी.के.शुक्ल,सुरेश पासी,विजय शंकर अग्निहोत्री,सईदुल हसन,अजीत सिंह,सूर्यकुमार बाजपेई,हाफिज रियाज,सर्वोत्तम मिश्रा,जेपी त्रिपाठी,आर.के.सिंह,मनोज मिश्र,दिनेश गौतम,सुमित कुमार विमल,अंशुमान गांधी, राघवेंद्र सिंह,दुर्गेश सोनकर,अंकुर सिंह चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के गैस पाइप, चूल्हा और रेगुलेटर आदि की सुरक्षा की जांच नि:शुल्क

**महराजगंज रायबरेली।** घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के गैस पाइप, चूल्हा और रेगुलेटर आदि की सुरक्षा की जांच अब नि:शुल्क होगी। पहले यह जाँच पाँच वर्ष मे एक बार शुल्क लेकर होती थी इंडियन आयल कारपोरेशन ने गैस लीकेज के कारण आग लगने की घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया है।इंडियन आयल कारपोरेशन के फील्ड ऑफिसर सुनीत सोनकर तथा अदिति इण्डेन गैस सर्विस के प्रबंधक एम पी सिंह ने बताया हमारे डिलीवरी मैन रोज घर घर जाकर गैस चूल्हा,पाइप, रेगुलेटर, किचेन प्लेटफार्म की जांच कर रहे है। गैस पाइप क्रेक अथवा पांच वर्ष से ज्यादा की होने पर उपभोक्ताओं से बदलने का आग्रह कर रहे है और किफायती दर मे बदल रहे है। फील्ड ऑफिसर श्री सोनकर ने बताया की यह नि:शुल्क जांच उपभोक्ता की सुरक्षा और कोई हादसा ना हो खतरे को कम करने के लिए शुरु किया गया है।

# मतदाता जागरूकता के लिए खेले गए मैच में चौहान गुट ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**रायबरेली।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में जिला प्रशासनिक 11 की टीम और बिरला सीमेंट कोऑपरेटिव के बीच एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारीध्जिलानिर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत सिक्का उछाल कर मैच की शुरुआत की। जिला प्रशासनिक 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते 16 ओवरों में 6 विकेट पर 132 रन बनाए। प्रशासनिक टीम के लिए ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिरला सीमेंट कॉर्पोरेशन ने 15 ओवरों में ही 5 विकेट पर 136 रन बनाकर मैच जीत लिया। बिरला सीमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से सर्वाधिक 47 रन उपेंद्र पटेल ने बनाए। जिला प्रशासनिक 11 टीम के कप्तान उप जिला निर्वाचन अधिकारी पर प्रफुल्ल त्रिपाठी और बिरला सीमेंट कॉरपोरेशन टीम के कप्तान साहेब यादव थे।जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई और इसके साथ ही सिगनेचर कैंपेन चलाकर लोगों को जागरूक भी किया। ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट द्वारा सभी खिलाड़ियों को मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने कहा कि हमारा व्यापार मंडल लगातार मतदाता जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। हम सभी का एक ही उद्देश्य है की आगामी लोकसभा चुनाव के मतदान में जनपद रायबरेली में शत प्रतिशत मतदान कराना और इसके लिए शहर से लेकर गांव तक मतदाताओं को जागरूक करना। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान सहित प्रदेश महामंत्री सरदार अवतार सिंह मोंगा, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, जिलाध्यक्ष मो0 उमर, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, प्रदेश युवा संगठन मंत्री अमित फैजी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, प्रदेश सचिव हाजी सन्ने, नगर अध्यक्ष आशीष कुमार, निलेश, राज वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा राज में सामाजिक स्वतंत्रता पर पाबन्दी - इं0 वीरेन्द्र यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट रायबरेली में गरिमापूर्ण रूप से मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि वह सुप्रसिद्ध विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनेता एवं समाज सुधारक थे डॉ0 अम्बेडकर का मानना था कि जब तक व्यक्ति को सामाजिक स्वतंत्रता नहीं प्राप्त होगी कानून द्वारा प्रदान की गयी कोई भी स्वतंत्रता किसी काम की नहीं है। वर्तमान भाजपा सरकार में सामाजिक स्वतंत्रता पर पाबंदी लग गयी है इसलिए भाजपा



सरकार विपक्षी नेताओं की आवाज दबाने के लिए कानून की स्वतंत्रता का दुरूपयोग कर रही है। आगामी लोक सभा चुनाव संविधान बचाने का अवसर है।जिला उपाध्यक्ष डी0पी0 पाल ने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर का उद्देश्य शोषित, पीड़ित एवं वचित समाज का विकास करना व मानवीय अधिकार दिलाना था। उनके चिंतन में स्वतंत्रता, समानता, बन्धुता व न्यायप्रिय के दर्शन है। भाजपा सरकार में संविधान सुरक्षित नहीं है।विचार गोष्ठी को वरिष्ठ नेता शिवनारायण सोनकर, सुरेश निर्मल, धनीराम मौर्या, मुशीर अहमद, राजीव गौतम, अरविन्द चौधरी, विनायक सोनकर, हसीन अहमद, अरूण यादव, सुरजीत सिंह, राजेश मौर्या, शिवबरन यादव, आफ्ताब अहमद, प्रदीप तिवारी, नैय्यर इस्लाम, सौरभ सिंह, पुत्तन सिंह यादव, शिवकुमार यादव, संदीप शुक्ला, डॉ0 नरेन्द्र यादव, शिवदुलारी यादव, रमेश मौर्या, चन्द्र प्रकाश आजाद, मो0 फहीम, रवीन्द्र सिंह, विनय यादव, रामखेलावन प्रजापति, रेहान अहमद आदि ने सम्बोधित करते हुए डॉ0 अम्बेडकर के जीवन दर्शन, देश के निर्माण में किए गये कार्य, सामाजिक न्याय पर विचार प्रकट किया।इस अवसर पर श्रवण चौधरी, मो0 मजहर, विजय कुमार, जीतेन्द्र बारा, राजेन्द्र बहादुर राममनोहर, बिन्दा प्रसाद मौर्य, अभिषेक यादव, आदित्य सिंह, विमल विश्वकर्मा, सुरेन्द्र सरोज, सुशील यादव, आकाश बाल्मीकि, नीता, सुनीता देवी, विवेक पाण्डेय, रणन्जय सिंह, आशीष कुमार सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# भाजपा के द्वारा बूथो पर मनाई गई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा सरेनी विधानसभा में बूथो पर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई ।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जहां डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया वहीं उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला और मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि बाबा साहेब हम सभी के मसीहा थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश के कल्याण के लिए अर्पित कर दिया। बाबा साहेब के बनाये हुए संविधान का अनुसरण पूरा



देश कर रहा है। उन्होंने जीवन पर्यंत समाज को एक सूत्र में बांधने का भी काम किया।विदेश से डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद भारत में दलित समाज के उत्थान के लिए काम करना शुरू किया। आजादी के बाद संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष बनकर राष्ट्र को एक दिशा देने का काम किया। इस मौके पर प्रसाद वितरण भी हुआ। कार्यक्रमों में श्याम प्रसाद दीक्षित, नीरज बाजपेई, जगन्नाथ पांडे, विकेश द्विवेदी, महेश सोनी ,बच्चा लाल प्रधान,राम शंकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीपीए शिक्षक एसोसिएशन के सतांव अध्यक्ष बने शीलभद्र शेखर



**रायबरेली।** बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर डीपीए शिक्षक एसोशिएशन की सतांव कार्यकारिणी का गठन किया गया। सतांव विकास क्षेत्र की बागडोर शीलभद्र शेखर को सौंपी गई।डीपीए शिक्षक एसोशिएशन के प्रभारी राजवंत सिंह ने बताया कि डीपीए का अध्यक्ष शीलभद्र शेखर, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, महामंत्री मुनीश कुमार, मंत्री कृष्ण कुमार, कोषाध्यक्ष अंबिया कलाम तथा संगठन मंत्री प्रदीप कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी सौरभ कुमार को मनोनीत किया गया। उन्होंने बताया कि मनोनीत की गई कमेटी द्वारा भारत रत्न डा0 बाबासाहेब अंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण किया गया व संगठन की रीति नीति पर चलते हुए संगठन हित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील यादव,प्रांतीय महामंत्री अशोक प्रियदर्शी मौजूद रहे।

# बाबा साहेब के कार्यों को कभी नहीं भुलाया जा सकता:बजंरगी गौतम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती के मौके पर जगह-जगह आज बाबा साहेब को याद किया जा रहा है। रविवार को राही ब्लॉक के भुएमऊ में अम्बेडकर जी को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बजरंगीलाल ने कहा कि बाबा साहेब को याद करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि बाबा साहेब ने जिस तरीके से काम किए हैं, उनको कभी भूलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने समाज के वंचित वर्ग को उठाने के साथ ही शिक्षा पर अधिक बढ़ावा दिया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव मुख्य अतिथि गौरा इंटर कॉलेज के प्रवक्ता सुनील दत्त, सचिन चंद्रा और देशराज भारतीय



ने कहा कि बाबा साहेब ने जिस तरह से समाज में सभी को आगे बढ़ाने का काम किया। शिक्षक रिषि कुमार और समाजसेवी जगदीश शर्मा ने कहा किव बाबा साहेब ने दलितों, पिछड़ों और वंचितों को आगे बढ़ाने का काम किया। भुएमऊ के ग्राम प्रधान दिलीप विश्वकर्मा, राजकुमार, रूस्तमपुर प्रधान प्रदीप मौर्य ने कहा कि बाबा साहेब ने जिस तरह से शिक्षा ग्रहण की थी उस हिसाब से अब शिक्षा के दरवाजे सभी के लिए सुलभ तरीके से उपलब्ध हो गए हैं। स्वराज इंडिया के जिलाध्यक्ष राम विलास यादव ने कहा कि हमें समाज के हर वर्ग को पढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। अब समाज का कोई भी बच्चा पढ़ने से वंचित नहीं रहना चाहिए। कार्यक्रम मे बच्चो ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उन्होने भीम आयेंगे तो अंगना सजाएं जैसे कई गानो पर नृत्य किया।इस मौके पर जीकेश यादव, जितेंद्र गौतम, सौरभ सिंह, संतोष गौतम, इंद्रपाल सरोज, शिवमोहन, कमलेश गौतम, लल्लन, रूपेश विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सूचना कार्यालय में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**रायबरेली।** डॉ0 अंबेडकर की 133वीं जयंती विकास भवन स्थित सूचना कार्यालय में भी मनाई गई। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने डॉ0 अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ा कर उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा बाबा साहब हम सभी के प्रेरणा स्रोत है एवं उन सभी व्यक्तियों के लिए पथ प्रदर्शक दर्शन है जो अपने जीवन में संघर्ष कर रहा है। हमें उनके जीवन दर्शन से सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर सूचना कार्यालय के कर्मचारी लेखाकार इफ्तिखार खान, राम बहादुर यादव, रंजीत और विकास उपस्थित रहे।

# पहाड़ी इलाके के दर्जनों गांवों में पेयजल संकट गहराया

## जल स्रोतों से कीचड़युक्त पानी आने से लोग हो रहे हलकान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** मौसम के तल्ख होते मिजाज से मेजा ब्लॉक के पहाड़ी अंचल में पेयजल की किल्लत शुरू हो गयी है।तेज धूप और जलती पहाड़ी की वजह से जल स्तर तेजी से गिर रहा है,आलम यह है कि अधिकांश जल स्रोतों से कीचड़युक्त पानी मिलने से संकट गहराता जा रहा है।

मौसम का पारा चढ़ने से बढ़ी गर्मी की वजह से विकास खण्ड मेजा के पाठा इलाके में पेयजल की कमी हो गई है। भूजल स्तर काफी नीचे खिसक जाने से क्षेत्र के पटेहरा, सिलौधी, सिरहिर, चांद खम्हरिया,खूंटा, सलैया खुर्द, सलैया कला, नई गढ़ी सहित दर्जनों गांवों में पेयजल का संकट बढ़ गया है। क्षेत्र के नंदलाल, कृष्णापाल, राजमणि कोल, सूर्य लाल, राजकुमार सहित कई लोगो ने बताया कि एक बाल्टी पानी के लिए घण्टों लाइन लगानी पड़ रही है।इसकी वजह है कि गिनती के हैण्डपम्प व कुंओं से ही पानी मिल पा रहा है।मई और जून में यह स्थिति और भयावह हो जाती है। गर्मी के दिनों में विकास खण्ड मेजा के पहाड़ी इलाके के दर्जनों गांवों में एक लंबे अर्से से पेयजल से जूझना पड़ता है।इसके लिए तहसील प्रशासन द्वारा टैंकर से जलापूर्ति की जाती है।पानी किल्लत दूर करने के लिए सरकार द्वारा सैकड़ो ब्लास्टिंग कूप के निर्माण कराए गए लेकिन यह योजना कारगर नही हुई।इस क्षेत्र में पटेहरा, सिलौधी, नई गढ़ी एकल पेयजल योजना को आकार दिया गया लेकिन जलापूर्ति नही सम्भव हो पाई।क्षेत्र के पँचायत प्रतिनिधियों ने इस अहम मसले पर कई बार जन प्रतिनिधियों सहित प्रशासन के सामने मुद्दे उठाए लेकिन कोई ठोस उपाय नही किए गए। हालात यह है कि तहसील क्षेत्र की 90 प्रतिशत पेयजल समूह बीमार हैं।रोज हाय तौबा के वावजूद जल निगम विभाग फण्ड के अभाव का रोना रोते हुए हाँथ खड़े कर देता है।

### निगाहें जल जीवन मिशन पर

केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना क्षेत्र के पकरी सेवार गंगा घाट पर आकार ले रही है।करोड़ो की लागत से तैयार हो रही इस योजना से मेजा और कोरांव तहसील के अधिकांश गांव को जलापूर्ति किए जाने के दावे किए जा रहे है।फिलहाल इस योजना को तैयार होने में एक से डेढ़ वर्ष तक लग सकते हैं। इस बीच पेयजल संकट एक बड़ी समस्या के रूप में बना रहेगा।

# भिलोर यमुना घाट पर मजदूर की मौत

**लालापुर (प्रयागराज)।** क्षेत्र के भिलोर गांव में यमुना बालू खनन का पट्टा है।जहां यमुना बालू रेत का खनन किया जाता है। घोघापुर महेवाघाट जनपद कौशांबी निवासी इन्द्राज निषाद उर्फ बुद्दी पुत्र रामसुमेर उम्र करीब 20 वर्ष यमुना बालू लोडिंग का काम करता था।मजदूर साथियों ने बताया कि रविवार को काम करने के खाना खाकर सोने चला गया था।भोर में घाट पर ही यमुना नदी में तैरता हुआ दिखाई दिया तो तत्काल उसको अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।साथी मजदूरों ने लालापुर पुलिस को सूचना दिया तो थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र पहुंचे और परिजनों को सूचना देकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।थानाध्यक्ष ने बताया मौत कैसे हुई पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट क्लीयर होगा उसके बाद घटना की सच्चाई सामने आयेगी।

# दलित अधिकार मोर्चा ने मनाया बाबा साहब की जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**घूरपुर (प्रयागराज)-** राष्ट्र निर्माता भारत रत्न डा भीमराव अंबेडकर की जयंती दलित अधिकार मोर्चा के बैनर तले घूरपुर सब्जी मंडी में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ श्री आर अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया। वक्ताओं की कड़ी में मुख्य अतिथि डा हरजीत सिंह भट्टी ने कहा कि जाति गणना कराए बिना हिस्सा नहीं मिलेगा। जाति गणना होना चाहिए उन्होंने कहा कि आरक्षण समाप्त करके दलितों - आदिवासियों, पिछड़ो के अधिकार विहीन बनाया जा रहा है। आगे कहा कि दलित मेहनती ईमानदार होता है,अपनी मेहनत के बल पर आगे बढ़ जाता है इसलिए आरक्षण को छीना जा रहा है। राकेश ने कहा की मोर्चे को गांव-गांव में मजबूत किया जाएगा दलितों के अधिकार के प्रति जागरूक किया जाएगा व सामाजिक न्याय के आंदोलन को तेज किया जाएगा। महासचिव सुरेश चंद्र ने कहा कि दलित अधिकार मोर्चा के 18 उद्देश्यों को व 22 प्रतिज्ञा को गांव-गांव घर-घर पहुंचाया जाएगा। जाति गड़ना समेत जमीन में भी हिस्सेदारी के लड़ाई को आगे बढ़ाया जायेगा।
मोर्चे के अध्यक्ष शश्यामधर ने कहा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा पूना पैक्ट में दलित के दो वोट में से एक वोट का अधिकार छीन लिया गया जिसका मूल्य आज तक दलित चुका रहा है। जिस वोट से केवल दलित अपने ही दलित प्रत्याशी को ही वोट देता वह अधिकार से आज वंचित है। सभा को सौरभ बौद्ध,दिनेश वर्मा, समर जीत,एडवोकेट राजीव,गुलाब भारतीय, अनुपम,गुड्डू पासी,प्रकाश कुमार,महेंद्र, उदयराज, साहबलाल निषाद आदि ने सभा को संबोधित किया। इस मौके पर परिवर्तन सास्कृतिक मंच के मुन्नी लाल,गंगा दीन ,शिव प्रसाद,तनिष्क बौद्ध,मुन्ना राही ने गीत गाए।

# चाटुकारिता की राजनीति से ऊपर उठकर करूंगा काम - नीरज त्रिपाठी




**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा(प्रयागराज)।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्याशी स्वागत समारोह कार्यक्रम काम्या रिसार्ट मैदा रोड पर आयोजित हुआ जहां पर भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का मंडल अध्यक्ष नारीबारी अंजनी लाल के संयोजन में कार्यकर्ताओं, भाजपा पदाधिकारियों ने फूलमाला ढोल-नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया जहां पर लोकसभा प्रभारी सुशील तिवारी ने कहा कि इस बार भी 5ट लोकसभा सीट पर जनता जनार्दन के आशीर्वाद से पार्टी एक ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी और 400 पार कर तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी

वही प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं के विश्वास से ही पार्टी ने मुझ पर विश्वास रखते हुए आपकी सेवा व प्रयागराज की गरिमा बढ़ाने के लिए चुना है और हम सब मिलकर मोदी जी, योगी जी के सपनों को 400 पार के लक्ष्य को पार कर पूरा करेंगे और विपक्ष को करारा जवाब देंगे

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री पंकज पांडेय ने किया उक्त अवसर पर लोकसभा जिला संयोजक शिवदत्त पटेल, जिला प्रभारी मनोज जायसवाल, काशी क्षेत्र व यमुनापार प्रभारी सुशील तिवारी ,जिला विस्तारक प्रिंस गुप्ता, मंडल विस्तारक अमन, विधानसभा संयोजक रत्नाकर सिंह पटेल, विधानसभा प्रभारी भोलानाथ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष जयसिंह पटेल ,जिलामहामत्री पुष्पराज सिंह पटेल, मंत्री प्रकाश शुक्ला, शिव रामपरिहार, जिला कार्यालय मंत्री मनोज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह पटेल ,शिव प्रसाद केसरवानी, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ,मंडल प्रभारी वंदना सिंह ,मंडल उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह ,राजेश केसरवानी, पृथ्वीराज साहू ,दिवाकर त्रिपाठी, भारत निषाद, मंडल महामंत्री ऋषि मोदनवाल, मंडल मंत्री व्दिजेश पांडे ,विजय बहादुर सिंह, प्रदीप चतुर्वेदी ,सौरभ मिश्रा, मीडिया प्रभारी विवेक सिंह, राम कैलाश पांडेय, संतोष सिंह, कुलदीप पाठक, जिला पंचायत सदस्य आलोक कोल सहित भारी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे

# सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में मनाई गई अम्बेडकर जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के प्रांगण में संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती रविवार को उत्साहपूर्वक मनाई गई7 कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अजय कुमार (पूर्व विधायक) विद्यालय के अपर निदेशक सुशील कुमार तिवारी विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाल डॉक्टर सतीश वर्मा (प्राचार्य किशोरी लाल पीजी कॉलेज) वीनू श्रीवास्तव प्राचार्या बीटीसी कॉलेज एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन तथा चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ किया

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी7 छात्रों ने बाबा साहब के जीवन के विषय पर अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाल ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रेरक प्रसंग का वर्णन करते हुए सभी उपस्थित लोगों को उनसे प्रेरणा लेने का आग्रह किया 7 इस क्रम में विद्यालय के अपर निदेशक सुशील तिवारी कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बताया कि डॉक्टर बाबा साहब आंबेडकर नाम से लोकप्रिय भारतीय विधि के जानकार अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे7 उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया, श्रमिकों किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया वह स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माता में से एक थे ।

इस अवसर पर किशोरी लाल बीटीसी कॉलेज की प्राचार्य ने बाबा साहेब के विषय में बताया कि बाबा साहेब ने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से भारतीय समाज में जातिवाद असमानता और अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा की डॉक्टर सतीश वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को याद करने का समय है और उनके संदेशों को आज के समय में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम के समापन में विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अजय कुमार आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा बाबा साहेब के जन्म दिवस पर उनके द्वारा किए गए समाज उत्थान के कार्यों की सराहना की और कहा कि बाबा साहब हमेशा हम लोगों के दिलों में एक महान व्यक्तित्व के रूप में जीवित रहेंगे और हम सब की जिम्मेदारी है कि हम सब इसको पीढ़ी दर पीढ़ी आगे लेकर जाएं कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विद्यालय के को ऑर्डिनेटर वरुण शुक्ला ,अर्पित कुमार शुक्ला ,प्रीति दुबे तथा शिक्षक रितेश राय, आर्यन शुक्ला मयंक, ऐश्वर्य स्नेह लता तथा रक्षा आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# कात्यायनी रूप में माता का पूजन

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** चैत्र नवरात्र की षष्ठी तिथि पर रविवार को काली धाम मंदिर में मां कात्यायनी स्वरूप विराजमान हो गई। भक्तों ने विधिविधान पूजन अर्चन की बंगाली समुदाय सहित अन्य भक्तों ने ढाकी की धाप, घंटा-घड़ियाल के कर्णप्रिय वादन के बीच मां कीं स्थापित मां का सिंगार करके पूजन किया । मंदिर में घट व नारियल की स्थापना करके मंत्रोच्चार के बीच मां का आमंत्रण हुआ । उन्हें चक्र, तलवार, तीर, त्रिशूल, भाला, फरसा आदि अस्त्र - शस्त्र अर्पित हुआ।इस दौरान मंदिर के पुजारी आचार्य राम बाबू शास्त्री ने बताया कि जो भक्त मां कात्यायनी की पूजा भक्ति मन से करता है।उसकी मन चाहा फल प्राप्त होता है। इस मौके पर भक्तों की कतार लगी रही। और देर रात तक देवी पंडालों में श्रद्धा लुओं का गीत भजन कीर्तन, भजन करते रहे ।

इस दौरान समिति के सभी पदाधिकारी व्यवस्था में जुटे रहे ।

# अधर्म के विनाश हेतु अवतार लेते हैं भगवान- जगतगुरु ओम प्रपन्नाचार्य




**नैनी ( प्रयागराज )।** श्री:सुमंगलम् सेवा परिसर में चल रही सप्त दिवसीय श्री रामकथा के चतुर्थ दिवस अयोध्या धाम से पधारे जगतगुरु ओमप्रपन्नाचार्य मानस किंकर जी महाराज ने श्री राम जन्म की मार्मिक कथा सुनाई। महाराज श्री ने कहा, कि जब पृथ्वी, ब्राह्मण, गौ माता, और देवताओं पर संकट आते हैं, तब भगवान अपने अनुसार विभिन्न रूपों में अवतार लेकर अधर्म का नाश करके धर्म की स्थापना करते हैं। गीता में भगवान कृष्ण ने कहा ÷यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत अभ्युत्थानंधर्मस्य तादात्मानम् सृजाम्यहम्÷ श्री रामचरित मानस में गोस्वामी जी लिखते हैं, ÷जब-जब होइ धर्म कै हानी, बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी।। तब तब धरि प्रभु विविध सरीरा, हरहिं कृपा निधि सज्जन पीरा÷ भगवान आकर दुष्टों का संहार करके संतों की रक्षा करते हैं। भगवान भारतवर्ष की रक्षा करने के लिए सदैव आने को आतुर रहते हैं। वह चाहते हैं, कि भारत वर्ष में किसी प्रकार के विकार, पापाचार, भ्रष्टाचार, दुराचार न हो और सत्य सनातन धर्म के रूप में भगवान सदेव संत महात्माओं के प्रवचन द्वारा यज्ञ के द्वारा विविध अनुष्ठानों के द्वारा भगवान सदैव पृथ्वी पर अवतरित हुआ करते हैं। महाराज श्री ने कहा, कि जब महाराज मनु पत्नी शतरूपा जी के साथ नैमिषारण्य तीर्थ में लंबी अवधि तक साधना किया, तो भगवान वाणी रूप में आए और मनु महाराज के निवेदन पर शरीर रूप में प्रकट होकर दर्शन दिया फूल इस पर महाराज मनु ने भगवान को पुत्र रूप में पाने की याचना की, भगवान ने कहा, अभी साधना का पक्ष कम है, साधना और बढ़ेगी तब आप अयोध्या के महाराज दशरथ के रूप में जन्म लेंगे और माता शतरूपा कौशल्या बनेगी तब मैं आपका पुत्र हो कर आऊंगा और आपको जो वचन दे रहा हूं शत प्रतिशत सत्य करूंगा , अयोध्या नरेश महाराज दशरथ ने अनेक विवाह की, परंतु कोई संतान नहीं मिली। चौथे पन में अत्यंत चिंतित हो दशरथ कुलगुरु वशिष्ठ के चरणों में जाकर रघुकुल की रक्षा के लिए पुत्र रत्न पाने की याचना किया तब महाराज वशिष्ठ ने श्रृंगी ऋषि के द्वारा पुत्रेष्ठि यज्ञ करवाया जिसके परिणाम स्वरुप यज्ञ नारायण भगवान पायस लेकर प्रकट हुए ऋषि के निर्देशन पर महाराज दशरथ ने उस खीर प्रसाद को रानियों में वितरित किया, जिसके कारण यज्ञ नारायण की कृपा से अयोध्या के महलों में श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चार पुत्रों का जन्म हुआ। अयोध्या में जय जयकार होने लगी, मंगल गीत गाकर व्यासपीठ की आरती उतारी गई, इस अवसर पर यजमान विनीत मिश्रा सपरिवार के साथ रहे। कार्यक्रम में विजय प्रताप सिंह, रामकृष्ण तिवारी, जयप्रकाश जयसवाल, अजीत बहादुर, निखिल, शोभा सिंह, डॉ. बी.बी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# 21 को मनायेंगे डॉ0 सैमुअल हैनीमैन की जंयती

**प्रयागराज।** आइडियल होम्योपैथिक वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन प्रयागराज कार्यकारिणी की एक बैठक रविवार को राष्टीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 भंवर सिंह की देखरेख में कीडगंज स्थिति अरून होम्योपैथिक चिकित्सालय में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 21 अप्रैल को होम्योपैथिक के जन्मदाता डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन के 269वें जन्मदिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से डॉ0 विकास यादव स्टेट सेक्रेटरी, डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष डॉ0 आनंद प्रकाश ,अध्यक्ष डॉ0 संतोष यादव, सेक्रेटरी डॉ0 पंकज विश्वकर्मा, डॉ0 आर.के सोनी, डॉ0 सुनील पटेल, डॉ0 अखिल निगम, डॉ0 अंकित जायसवाल, डॉ0 सुधा निधि मिश्रा, डॉ0 सी यादव, विनोद कुमार यादव समेत अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे।

# परम कल्याणकारी हैं मॉ कात्यायनी-अनुराग पांडेय

## इनकी साधना से प्राप्त होता है धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** सनातन परम्पराओं में नवरात्र का दिन शक्ति उपासना का सबसे पवित्र समय बताया गया है। नवरात्र में छठे दिन मॉ कात्यायनी की पूजा की जाती है।पौराणिक मान्यताओं में मॉ कात्यायनी बड़ी ही दयालु हैं। उनकी पूजा और आराधना से धर्म, अर्थ, काम मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।

हमारी पौराणिक मान्यताओं में शक्ति को उच्च स्थान प्राप्त है।शक्ति के बिना किसी देव के अस्तित्व की कल्पना नही की जाती है। शक्ति साधकों के लिए नवरात्र सबसे पवित्र समय बताया गया है।माँ दुर्गा के अनन्य अटेवा मेजा इकाई के अध्यक्ष अनुराग पांडेय ने कहा कि हम शिक्षक जैसे पवित्र पेशे से जुड़े हैं और नवरात्र में की गई शक्ति आराधना से ऊर्जा प्राप्त होती है। पेशे की पवित्रता और मॉ की भक्ति से मिली ऊर्जा से कहीं ना कहीं कल्याण का भाव जागृत होता है।उंन्होने कहा शिक्षण कार्य भी एक साधना का ही रूप है जिसे शक्ति साधना से बल मिलता है।

नवरात्र नव दुर्गा की उपासना का पर्व है।माँ दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी का रूप माना गया है।पौराणिक साक्ष्य पर गौर करें तो कहा गया है कि,
चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी॥
कहा जाता है कि इनकी उपासना से साधक रोग, शोक, संताप और भय मुक्त हो जाता है। श्री पांडेय ने कहा कि मॉ परम दयालु हैं और इनके दरबार से कोई मायूस नहीं लौटता है।

# बाबा साहब ने दूर की सामाजिक असमानता-पंकज राव

## गुनई में मनाई गई डॉ आंबेडकर की 133वीं जन्म जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** देश को संविधान के जरिए देश को मजबूत लोकतंत्र देने वाले बाबा साहब के नाम से चर्चित डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जन्म जयंती क्षेत्र के गुनई स्थित दण्डी स्वामी उ. मा. विद्यालय में पूरी श्रद्धा से मनाई गई। कार्यक्रम के आयोजक गुनई प्रधान पंकज राव (जिला महामंत्री भाजपा अनुसूचित मोर्चा यमुनापार प्रयागराज) रहे। उंन्होने उनके चित्र पर माला पहनाकर नमन किया है।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री पंकज राव के नेतृत्व में रविवार को क्षेत्र के महाराज श्री दण्डी स्वामी केशवाश्रम उ0मा0विद्यालय गुनई गहरपुर में संविधान के जनक और भारत के प्रथम कानून मंत्री डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री भाजपा.यमुनापार विक्रमादित्य मौर्य ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब के विचार देशवासियों के लिए सदा प्रेरणादाई रहेंगे। वह भारत के संविधान निर्माता रहे और दुनिया का सबसे लम्बा लिखित संविधान तैयार किया है। जो देश के लोकतंत्र की मजबूती का अहम कारण है। भाजपा के मण्डल मंत्री संजय तिवारी ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सशक्त शिक्षा के बल पर उन्होने जातीय असमानता की मुखालफत कर सर्व समावेशी समाज के निर्माण पर जोर दिया। उन्होने दलितों वंचितों, मजदूरों और महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी। बाबा साहब के विचारों से हक व सम्मान के लिए संघर्ष करने का जज्बा मिला और समय के साथ सामाजिक असमानता का असर कम हुआ।बदलाव के इस दौर का श्रेय बाबा साहब के संघर्ष को जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गामा पटेल, तारकेश्वर दूबे, ओम प्रकाश शुक्ल, संदीप शुक्ल, कृष्ण मुरारी मिश्र, इन्द्रजीत बिन्द, अतुल द्विवेदी, सुभाष तिवारी, अखिलेश मिश्र, सुरेश विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# कमला पब्लिक स्कूल में अंबेडकर जयंती मनाई गई



**नैनी(प्रयागराज)।** आंबेडकर जयंती के अवसर पर कामला पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से आयोजन किया गया। इस उत्सव में स्कूल के छात्र और शिक्षक ने डॉ.भीमराव आंबेडकर के जीवन और उनके समाज सुधारक कार्यों को याद किया। आयोजन में स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। स्कूल के प्रबंधक सुशील तिवारी ने डॉ. आंबेडकर के महत्वपूर्ण संदेशों को बताया और छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया छात्रों ने नाटक, कविता पाठ, और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इसके साथ ही, आयोजन में आंबेडकर जी की चित्र विस्तार से प्रदर्शित किए गए और उनके जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को साझा किया गया।इस उत्सव के माध्यम से, कामला पब्लिक स्कूल ने छात्रों को आंबेडकर जी के विचारों और उनके समाज सुधारक कार्यों के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही, छात्रों को सामाजिक न्याय और समानता की महत्वपूर्णता पर भी जागरूक किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी की पत्नी का हुआ स्वागत व अभिनंदन



**नैनी(प्रयागराज)।** भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की पत्नी भाजपा नेत्री कविता त्रिपाठी के नैनी आगमन पर स्वागत एवं नंदन किया गया। इस मौके पर संजय श्रीवास्तव पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि श्रीमती कविता त्रिपाठी सांसद प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी 52 लोकसभा प्रयागराज की धर्मपत्नी है। रविवार को शिवनगर निवासी सुशील शुक्ला सामाजिक कार्यकर्ता के निवास स्थान पर उनका जोरदार स्वागत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया। इस अवसर पर कविता त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नीरज जी को प्रत्याशी बनाया है। दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे पूर्व राज्यपाल पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी जी ने सड़कों का जाल बिछाया था विकास कार्य किया था। उन्होंने कहा कि यहां की जनता के लिए 24 घंटा मेरा दरवाजा खुला रहता है था उसी तरह नीरज त्रिपाठी जी को आपका आशीर्वाद मिलेगा तो मेरा दरवाजा 24 घंटा आम जनता के लिए खुला रहेगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुशील शुक्ला, सभासद मयंक यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कुशवाहा, सुधीर प्रजापति, बाबूजी यादव शंकर भारतीय, राकेश कुमार, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष महेश त्रिपाठी ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया।

# अरैल घाट पर सफाई अभियान चलाया गया

**नैनी ( प्रयागराज )।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के गंगा प्रहरियों ने अरैल घाट प्रयागराज के गंगा तट पर न सिर्फ श्रमदान किया, बल्कि नगर निगम प्रयागराज की आईईसी टीम के साथ मिलकर गंगा घाट को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक का उपयोग न करने, कूड़े - कचरे का सही प्रबंधन करने आदि के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्वच्छ और गंगा के प्रति अथक प्रयासों को देखते हुए नगर निगम प्रयागराज के द्वारा इन्हें इस साल स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का स्वच्छता चैंपियन चुना गया। सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडे के निर्देशानुसार आईईसी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य द्वारा स्मृति चिन्ह देकर संस्था को सम्मानित किया गया।इस मौके पर नगर निगम प्रयागराज के अधीन काम कर रही, इंदौर की सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज से सिटी इंचार्ज राहुल नागर, जोनल अशोक पटेल एवं अजीत शर्मा भी उपस्थित रहे।स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा,ऋषि दीक्षित, विनोद गुरानी, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, प्रेमचंद्र प्रजापति,आत्म प्रकाश यादव, धीरज राजवानी,डा0 एस.बी.यादव, संदीप केसरवानी, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक यादव, अंकित कुमार सिंह, अशोक पटेल, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी,अनुज चौरसिया, अन्यया चौरसिया, संजय आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण रूखमणी के विवाह में झूमे श्रोता

लेड़ियारी(प्रयागराज)। सिलौधी गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा वाचक प्रतापगढ़ के राजापुर से आये अमित पांडेय जी महाराज ने कालिया नाग मर्दन व कंस उद्वार का सुंदर वर्णन व रूखमणी विवाह प्रसंग का वर्णन किया । उपस्थित श्रोताओं के मन को प्रफुल्लित कर दिया ।उन्होंने भगवान के प्रति हमेशा विश्वास की भावना ही मन में रखना चाहिए । कुंठित भावना व स्वार्थ के लिए भगवान का स्मरण नहीं करना चहिए । उन्होंने कहा कि अच्छे विचार ही पांडव है । बुरे विचार कौरव है । उनकी लीला का स्मरण करना चहिए । विवाह के पश्चात यजमान सहित लोगों ने पउपूजी किए । लोगों ने इस दौरान पटाखे फोड़े तथा उल्लास के साथ महिलाओं ने मंगल गीत गाई ।कथा के आयोजक राम जी शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया । यजमान भोला नाथ शुक्ला पत्नी चंद्र कली शुक्ला , ने आरती की । आज के अंतिम दिन हवन पूर्णाहुति किया गया । जबकि सोमवार को एक विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा । इस मौके पर कुल आचार्य राम कृष्ण मिश्रा जी महाराज, अवधेश कुमार शुक्ला , , अंतिमा मिश्रा , आशुतोष शुक्ला , प्रकाश शुक्ला , राधेश्याम शुक्ला, आशा देवी मिश्रा , सीमा शुक्ला , ममता मिश्रा , विजय शंकर मिश्रा , सुनील शुक्ला , रीता शुक्ला , आदि सैकड़ों की संख्या में रहे

# विकसित भारत की नींव है भाजपा का संकल्प पत्र, जन-जन तक पहुचाएंगे कार्यकर्ता-योगी



**देहरादून, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओर से जारी भाजपा के लोक कल्याण संकल्प पत्र को विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला, आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाने वाला, युवा, महिला, किसान और गरीब का आधार बताया। 2047 तक भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत और ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित हो, ऐसे भारत के निर्माण के लिए भाजपा ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है।पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में श्रीनगर स्थित एनआईटी के मैदान रविवार को आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता संकल्प पत्र को पढ़े और जन-जन के बीच रखें। भाजपा ने मोदी की गारंटी को आधार बनाया है। मोदी ने 2014 में आने के साथ ही कहा था कि हमारी योजनाएं किसी व्यक्ति, जाति, मत और मजहब के लिए नहीं होगा। योजनाओं का आधार होगा। सबका साथ सबका विकास होगा। आज का संकल्प पत्र भी नेशन फर्स्ट बनाम फैमिली फर्स्ट के बीच में है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे 1998 से गोरखपुर से पांच बार सांसद रहने का अवसर प्राप्त हुआ। कांग्रेस के उस काल को भी मैंने देखा था। कोई नेशनल एजेंडा नहीं था, न युवा था, न महिलाएं थीं, न गरीब था, न किसान था। उनका एजेंडा स्वार्थ पर आधारित था। देश को फिर से विघटन की ओर ले जाने वाला था, लेकिन पिछले 10 वर्षों के हमने अंदर बदलते भारत को देखा है। वैश्विक मंच पर सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। उत्तराखंड ने तो पहला और द्वितीय सीडीएस भी देश को दिया है। गढ़वाल सीडीएस जनरल स्व. विपिन रावत की जन्मभूमि है।कांग्रेस शासनकाल में देश के अंदर आंतरिक सुरक्षा की स्थिति क्या थी ? लगभग 150 जनपद देश के ऐसे थे, जो भीषण नक्सलवाद की चपेट में थे। आज बमुश्किल तीन-चार जनपदों में है। आप मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए फिर देखिए नक्सलवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। कश्मीर में आतंकवाद की समस्या का समाधान हो गया है। अनुच्छेद-370 समाप्त हो गया है। लोग लोकतंत्र की मुख्यधारा से जुड़कर मोदी की गारंटी पर विश्वास कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर के अंदर ये परिवर्तन है।जनसभा में योगी ने लोगों से कहा कि अब केवल चार दिन बचे हैं। इन चार दिनों में आप मोदी का प्रतिनिधि अनिल बलूनी स्वयं बनकर घर-घर जाकर बोलिए कि चुनाव कमल के निशान पर जाना है। चाहे जैसे भी मौसम रहे, उसकी परवाह किए बगैर मतदान करने जाना ही जाना है।पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर में आयोजित सभा में योगी ने कहा कि मैं देवभूमि आता हूं तो आत्म साक्षात्कार जैसे होता है। एक आध्यात्मिक अनुभूति होता है। यहां के कण-कण में शंकर का वास है, इसलिए तो इसे देवभूमि कहा जाता है। यहां से निकली पवित्र नदियां जब अपनी जलधारा को उत्तराखंड से नीचे उत्तर प्रदेश पहुंचाती हैं तो उत्तर प्रदेश भी समृद्धि की एक नई ऊंचाई तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि ये देवभूमि है और देवी-देवताओं का आशीर्वाद तो दैवीय और सात्विक शक्तियों को जाएगा, राक्षसी प्रवृत्तियों को नहीं जा सकता है।

## नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत का झंडा पूरी दुनिया में हुआ ऊंचाः धामी

**पीलीभीत, (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में भारत ने दुनिया में अपना स्थान बनाया है। भारत का झंडा पूरी दुनिया में ऊंचा हुआ है।मुख्यमंत्री धामी ने प्रबुद्धजनों के सम्मेलन में कहा कि आज आवश्यक हो गया है कि हम सबको एकजुट होकर क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को जिताना है। आपका पड़ोसी होने के नाते मैं आप सबसे मिलने आया हूं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से यदि देश और जनता के लिए इतनी लगन से सर्वाधिक कार्य किया है तो वह नरेन्द्र मोदी हैं। यही बात जन-जन तक पहुंचानी है। पूरी दुनिया का डिजिटल ट्रांजेक्शन का 50 फीसदी अकेले भारत में होता है। यह सब इसलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि



हमारे पास सशक्त एवं दृढ़ निश्चय वाला व्यक्ति नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने जब यूपीआई को बढ़ावा देकर डिजिटल ट्रांजक्शन की बात की तो विपक्षी मजाक बना रहे थे। कहते थे कि यहां कम पढ़े-लिखे लोग हैं। वे कैसे डिजिटल ट्रांजेक्शन करेंगे। तब मोदी ने कहा था कि ऐसा बोलने वालों को देश की जनता खुद जवाब देगी। वही हुआ। आज हर ठेले पर भी यूपीआई से ट्रांजेक्शन हो रहा है।धामी ने मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, जनधन योजना समेत तमाम योजनाओं का जिक्र कर इसे जनता के जीवन में बदलाव लाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने जो कभी नहीं सोचा था, पीएम मोदी ने वह भी करके दिखाया। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किया। तीन तलाक समाप्त हुआ। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। सीएए लागू किया। इस कानून के लागू होते ही शरणार्थियों का जीवन बदल गया। पड़ोसी देशों से आए विस्थापित अल्पसंख्यक भाइयों को बड़ी राहत मिलेगी। आज देश पर कोई हमला करता है तो भारतीय सेना सर्जिकल स्ट्राइक करके जवाब देती है। आज यह बदलाव हुआ है। इस बदलाव को देश और दुनिया के लोग महसूस कर रहे हैं।

# नई सरकार बनते ही भारत को मिलेंगे नए थल सेना, वायु सेना और नौसेना प्रमुख

**एक ही एनडीए बैच के 'दोस्तों' की 'तिकड़ी' के पास है तीनों भारतीय सेनाओं की कमान**

**नए डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश, स्क्रीनिंग कमेटी ने तीन वैज्ञानिकों के नाम सुझाए**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** यह चुनावी वर्ष न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि तीनों सेनाओं को नए चेहरे मिलने के लिहाज से भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए भी अहम है। आने वाले दिनों में भारत को थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नए प्रमुखों के साथ-साथ देश की प्रमुख रक्षा एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए भी नया अध्यक्ष मिलेगा।फिलहाल नौसेना, थल सेना और डीआरडीओ के लिए नए प्रमुखों को लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले वायु सेना प्रमुख का चयन बाद में किया जाएगा। खास बात यह है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और एडमिरल आर. हरि कुमार 61वें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पाठ्यक्रम में बैचमेट हैं। यह देश के लिए लगातार दूसरा मौका है जब एक ही एनडीए बैच के 'तीन दोस्तों' के हाथों में देश की तीनों सेनाओं की कमान है। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों का नेतृत्व करने वाली 'तिकड़ी' में एडमिरल करमबीर सिंह, एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया और सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी 56वें एनडीए बैच के साथी थे।रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अप्रैल के अंत तक नौसेना को नया प्रमुख मिल जाएगा, क्योंकि 25वें प्रमुख एडमिरल हरि कुमार 30 अप्रैल को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय की चयन समिति ने पांच वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों के नाम नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) को भेजे हैं। उम्मीद है कि एसीसी जल्द ही अगले नौसेना प्रमुख की घोषणा करेगी।वरिष्ठता को देखते हुए नौसेना स्टाफ के वर्तमान उप प्रमुख वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी प्रमुख दावेदार हैं।

वाइस एडमिरल त्रिपाठी जुलाई 1985 में नौसेना में शामिल हुए। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है और उन्होंने फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर सिग्नल संचार अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अधिकारी के रूप में भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व में परिचालन क्षमताओं को बढ़ाते हुए भारतीय नौसेना के जहाजों आईएनएस विनाश, आईएनएस किर्च और आईएनएस त्रिशूल की कमान संभाली है।इसके बाद अगली नियुक्ति सेना प्रमुख की होगी, क्योंकि जनरल मनोज पांडे 31 मई को अपना पद छोड़ देंगे। जनरल पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को जनरल मनोज मुकुंद नरवणे से सेना की बागडोर संभाली थी। भारतीय सेना चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है, जिसमें 2 मिलियन से अधिक सक्रिय कर्मी हैं। सेना प्रमुख के अलावा शीर्ष पदों के लिए पांच वरिष्ठतम अधिकारियों को भी चुना जाना है। उत्तरी कमान में कमांडर के रूप में महत्वपूर्ण कार्यकाल के बाद 15 फरवरी को सेना के उप प्रमुख बने लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी मौजूदा सेना अध्यक्ष जनरल पांडे के बाद सबसे वरिष्ठ सेना अधिकारी हैं।इसके साथ ही सरकार को नए डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश है, क्योंकि एजेंसी के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामथ करीब तीन साल के कार्यकाल के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। भविष्य के युद्ध के लिहाज से डीआरडीओ उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में लगा है। स्क्रीनिंग कमेटी ने डीआरडीओ के तीन वरिष्ठ वैज्ञानिकों के नाम सुझाए हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली के महानिदेशक डॉ. बीके दास, माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कम्प्यूटेशनल सिस्टम और साइबर सिस्टम के महानिदेशक सुमा वरुघीस और मिसाइल और रणनीतिक सिस्टम के महानिदेशक उम्मालनेनी राजा बाबू दास हैं।

## मॉरीशस, श्रीलंका समेत कई देशों के राजनयिकों ने लगाई बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी



**वाराणसी, (हि.स.)।** मॉरीशस, श्रीलंका, सेशेल्स और मोलडोव समेत कई देशों के राजनयिकों ने रविवार शाम श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। दरबार में सभी विदेशी राजदूतों ने दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के बाद राजदूत आह्लादित दिखे। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सभी राजनयिकों एवं उनके परिजनों का श्री विश्वनाथ दुपट्टा एवं प्रसाद देकर स्वागत किया।श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रबंधन के मुताबिक दर्शन-पूजन के बाद राजनयिकों ने मंदिर गेट के समक्ष फोटो भी खिंचवाया। मॉरीशस, श्रीलंका, सेशेल्स, मोलडोव, घाना, माली, जमैका सहित कई देशों के राजनयिकों ने शैव साधना के संबंध में जिज्ञासा प्रकट की तथा ध्यान एवं मंदिर आराधना के संबंध में भी प्रश्न किए। इन जिज्ञासाओं का समाधान विद्वान अर्चक गुरु पं. श्रीकांत से करवाया गया। राजनयिकों ने मंदिर के साथ ही मंदिर प्रशासन एवं अर्चक के साथ भी फोटो खिंचवाने का आग्रह किया। उनके अनुरोध को आतिथ्य मर्यादा के मद्देनजर स्वीकार करते हुए फोटो खिंचवाने की अनुमति दी गई।

# नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें तो छत्तीसगढ़ होगा नक्सलमुक्त राज्य- अमित शाह

**खैरागढ़ / रायपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ में एक जनसभा में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और नीतियों का बखान किया। वे यहां भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडेय के समर्थन में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कांग्रेस पर कई तीखे प्रहार किए। उन्होंने राज्य की जनता को नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त राज्य बनाने का भरोसा दिया।केंद्रीय मंत्री शाह ने सभा में अपना भाषण की शुरुआत मां बम्बलेश्वरी को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि आज आंबेडकर जयंती है, आज संविधान निर्माता को पूरा देश याद कर रहा है। शाह ने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिया था, ठीक उसी तरह इस चुनाव में भूपेश बघेल को भारी मतों से हराकर घर भेज दीजिए। शाह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते है कि मोदी संविधान बदल देंगे। इनके चले-चपेटे कहते हैं कि मोदी फिर आए तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। मैं



बताना चाहूंगा कि यह लोग झूठ का व्यापार करते हैं। चाहे कुछ भी हो जाए भाजपा ना आरक्षण खत्म करेगी और ना करने देगी।शाह ने कहा कि संतोष पांडेय को दिया वोट सीधे नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगा। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो तो हम तीन साल में छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त राज्य बनाने का कार्य करके दिखाएंगे। नरेन्द्र मोदी ने किसान कल्याण के लिए कई सारे कार्य किए हैं।शाह ने कहा कि वर्ष 2013 में किसान कल्याण का बजट सिर्फ 22 हजार करोड़ रुपये था, मोदी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये किया। जिससे हर किसान को 6 हजार रुपये हर साल मिल रहे हैं।गृह मंत्री शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार चाहे अटल की हो या नरेन्द्र मोदी की हमने गरीब और किसानों को हमेशा ऊपर रखा है। भूपेश कक्का से मैं पूछता हूं कि आपने छत्तीसगढ़ को क्या दिया है। नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 38 लाख घरों में शौचालय बनाए, 12 लाख आवास दिए, 18 लाख आवास बनाने की घोषणा विष्णुदेव सरकार ने भी कर दी है।उन्होंने कहा कि पीएससी घोटाला, गोठान घोटाला, वर्मी कंपोस्ट घोटाला यहां तक की भूपेश बघेल सरकार ने तो महादेव के नाम पर भी स्कैम किया।

## राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई बड़े नेता संसद भवन पहुंचे और डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर के संघर्षों ने लाखों लोगों के भीतर उम्मीद जगाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'पूज्य बाबासाहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा हैं, जिन्होंने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें मेरा सादर नमन।'इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत दूसरे नेताओं ने भी बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके कार्यों को याद किया।

## चूरु-सालासर हाईवे पर कार-ट्रक की टक्कर में छह लोग जिंदा जले



**चूरु, (हि.स.)।** सीकर के फतेहपुर पुलिस थाना क्षेत्र के चूरू-सालासर हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार और ट्रक में आग लग गई। आग से कार सवार छह लोग जिंदा गए।पुलिस के मुताबिक मरने वालों में दो बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल हैं। हादसा आशीर्वाद पुलिया पर चढ़ते ही 200 मीटर दूरी पर हुआ। आगे चलते ट्रक से कार पीछे से टकराई। ट्रक में रूई भरी हुई थी। कार यूपी नंबर की बताई जा रही है। हालांकि, मृतकों की संख्या के बारे में प्रशासन की ओर से अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है।फतेहपुर कोतवाली एसएचओ सुभाष बिजारणिया ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई। करीब आधे घंटे में कार में लगी आग पर काबू पाया गया। कार के अंदर से जले लोगों को बाहर निकाला गया है। जले हुए लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। ट्रक में लगी आग को बुझाने का काम जारी है। हादसे की सूचना पर एसडीएम दमयंती कंवर, डीएसपी रामप्रताप बिश्नोई, फतेहपुर सदर एसएचओ मुनेशी मीणा भी मौके पर पहुंचीं।

## बाबा साहब के सपनों को साकार करने वाली सरकार चुनें -मायावती



**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में ऐसी सरकार चुननी है जो बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सपनों को साकार करने वाली हो।मायावती ने डॉ. आंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जारी बयान में मायावती ने देश और खासकर उत्तर प्रदेश में रहने वाले बहुजन समाज के लोगों को बाबा साहब का वह मिशनरी वाक्य याद दिलाया कि अपनी एकजुटता व राजनीतिक शक्ति के बल पर सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करो जिससे तरक्की के तमाम बंद दरवाजे खुल जाते हैं।उन्होंने कहा कि बाबा साहब के इस महान उद्देश्य के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष व उनके इस मिशनरी संदेश का वर्तमान लोकसभा चुनाव के समय बहुत महत्व है। क्योंकि जातिवादी पार्टियों की यहां अब तक रही सरकारों में न केवल उनके कल्याणकारी संविधान को उसकी मंशा के हिसाब से सही से लागू न करके उसकी उपेक्षा करके गरीब, बहुजन विरोधी काम लगातार किया है। जबकि यूपी में रही बसपा सरकारों में समान्य वर्ग की सरकारी नौकरी पर लगी पाबंदी को हटाकर सर्वसमाज को रोजगार के अवसर दिए।मायावती ने कहा कि कांग्रेस का %गरीबी हटाओं% का नारा सही नीयत व नीति के अभाव में केवल चुनावी स्लोगन बनकर पूरी तरह से विफल रहा। अब बहुजन का यही हाल वर्तमान की भाजपा सरकार में भी हो रहा है। देश में आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी एवं पिछड़ापन का अभिशाप लोगों के जीवन को बद से बदतर बना रहा है जबकि सरकार की गलत नीति व कार्यक्रमों के कारण कुछ मुट्ठीभर अमीरों की अमीरी लगातार बढ़ती जा रही है।

## भाजपा की नीति और नियत को समझें और अपने विवेक से वोट दें-प्रियंका गांधी

**जालोर,एजेंसियाँ।** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के लिए रविवार को राजस्थान के जालोर पहुंचीं। यहाँ उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, %जालौर आकर खुशी और गर्व महसूस होता है। जालौर कर्मठ लोगों की धरती है। आप सभी के लिए हमारे मन में बहुत आदर है। यहां कांग्रेस की सरकार थी, आप काम से खुश थे। कुछ गिले-शिकवे भी थे और आपने सरकार बदली। फिर क्या हुआ, कांग्रेस सरकार की लगभग योजनाएं बंद कर दी गईं। इसलिए आज मैं चाहती हूं कि आप सभी आने वाले चुनाव में अपने विवेक से वोट दें।प्रियंका गांधी ने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी जनता का ध्यान भटकाने की बातें करते रहते हैं। राजस्थान आकर बोल दिया- जन-जन के आराध्य बाबा



रामदेव सा का जन्म कश्मीर में हुआ था। कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी रडार से मिसाइल को बचाने में बादल का रोल बताते हैं, कभी तब ईमेल भेजने की बात कहते हैं, जब ईमेल बना ही नहीं था और कभी मांस-मछली की बात करते हैं, आखिर इन बातों से जनता की जरूरतों का क्या मतलब है?मोदी सरकार पर सवाल उठाते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, %मोदी सरकार में महंगाई और बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है। लेकिन अब चुनाव आ रहा है, तो मोदी जी रसोई गैस सिलेंडर के दाम कम करने की बातें कर रहे हैं। जब मेरी बहनें महंगा रसोई गैस सिलेंडर नहीं भरवा पा रही थीं.. तब मोदी जी कहां थे?

## भव्य होगी राम मंदिर की पहली रामनवमी ! अयोध्या पहुंचेंगे 25 लाख भक्त

**श्री रामलला के ललाट की शोभा बढ़ाएंगे सूर्यदेव**

**अयोध्या, (आरएनएस)।** राम नवमी में सिर्फ दो दिन बचे हैं. ऐसे में अयोध्या बड़े पैमाने पर भीड़ नियंत्रण के लिए तैयार हो रही है, जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देखी गई भीड़ से भी ज्यादा.

16 अप्रैल की आधी रात से शुरू होने वाले रामनवमी समारोह के लिए अयोध्या में तैनात पुलिस अधिकारियों को 24 घंटे लंबी शिफ्ट करने के लिए कहा गया है. चीफ सेक्रेटरी डी एस मिश्रा ने कहा कि सरकार लगभग 25 लाख भक्तों के आने की उम्मीद कर रही है.उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को सभी मुख्य क्षेत्रों में एम्बुलेंस तैनात करने का निर्देश दिया गया है, जबकि सभी अस्पताल अलर्ट मोड पर हैं. उन्होंने कहा कि 12 स्थानों पर अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं और उन्हें सभी आवश्यक दवाओं और सुविधाओं से



लैस किया जाएगा.भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं और पार्किंग क्षेत्रों में मंदिर के गर्भ गृह से लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी. सुरक्षाकर्मी मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में चौबीस घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे. पूरे क्षेत्र का सीसीटीवी कवरेज चौबीसों घंटे किया जाएगा. इनका उपयोग श्रद्धालुओं की आवाजाही पर नजर रखने, यातायात नियंत्रण और भीड़ के आकलन के लिए किया जाना चाहिए.उन्होंने आगे कहा कि अयोध्या में 24 स्वचालित नंबर-प्लेट पहचान कैमरे लगाए गए हैं और शहर में प्रवेश करने वाले आगंतुकों का आकलन प्राप्त करने के लिए अंबेडकर नगर, सुल्तानपुर और बाराबंकी जिलों की सीमाओं पर लगाए गए कैमरों की निगरानी की जाएगी.

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले आप नेता संजय सिंह

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ 20 मिनट से अधिक बैठक की. चर्चा मुख्य रूप से इंडिया ब्लॉक के भीतर एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने पर केंद्रित थी, जिसे सत्ता में आने पर दोनों पार्टियां लागू करने पर सहमत हैं.दिल्ली में खड़गे के आवास पर बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने बताया, हमने इस बात पर विचार-विमर्श किया कि कैसे इंडिया ब्लॉक के भीतर सभी दल एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने के लिए सहयोग कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, हमने विपक्ष के खिलाफ एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में चिंताओं को संबोधित किया और संविधान की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया.बैठक में एक साझा घोषणापत्र के विकास पर भी चर्चा हुई, जिसमें सिंह ने जल्द ही निर्णय लेने की उम्मीद जताई. उन्होंने कहा, हम अपने साझा दृष्टिकोण के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जहां भी आवश्यक हो, इंडिया ब्लॉक के भीतर नेताओं का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं.भाजपा के रविवार को जारी घोषणापत्र पर टिप्पणी करते हुए सिंह ने कहा, आपके पास 10 साल का रिपोर्ट कार्ड है. आपने 10 साल में क्या हासिल किया? घोषणापत्र सिर्फ वादों के बारे में नहीं होना चाहिए...

## अमरनाथ यात्रा इस साल 29 जून से शुरू होगी, पंजीकरण सोमवार से

**जम्मू, (हि.स.)।** वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल 29 जून से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा का पंजीकरण सोमवार से शुरू होगा।अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने रविवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा 2024 इस साल 29 जून से शुरू होगी। इसमें कहा गया कि 50 दिवसीय यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी, जबकि पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा।

# दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में बारिश और ओलावृष्टि की आशंका

**आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट**

**नईदिल्ली, (आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी यूपी समेत देश के कई राज्यों में मौसम बदल रहा है. एनसीआर में शनिवार शाम से ही आसमान में बादल और धुंध छाई हुई है. वहीं राजस्थान में आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. राज्य के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई. वहीं पश्चिमी यूपी में भी इसी तरह का मौसम बना हुआ है. शनिवार शाम और देर रात धूल भरी हवाओं के साथ बूंदा-बांदी हुई. इसी के साथ मौसम विभाग ने आज भी पश्चिमी यूपी के कई इलाकों में गरज के साथ ओलावृष्टि और आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है. सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं.मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रविवार को ओलावृष्टि और हल्की बारिश होने की संभावना है. विभाग की मानें तो गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत, अमरोहा, बिजनौर और संभल के आसपास के जिलों में कई स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है. मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में कहीं बारिश तो कहीं तेज हवा का दौर जारी रहेगा. वहीं शनिवार को झांसी और आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि देखने को मिली. वहीं इटावा, गाजीपुर, हरदोई, हमीरपुर, कानपुर और आसपास के इलाकों में बारिश हुई. मौसम विभाग ने रविवार के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है.अचानक मौसम के बदलने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया. बता दें कि पिछले कई दिनों से गर्मी और उमस से लोगों को परेशानी हो रही थी. लेकिन अचानक से हुई बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट होने से राहत की सांस ली. शनिवार के बाद रविवार को भी पूरे दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा.उधर राजस्थान के कई जिलों में शनिवार शाम से ही तेज हवाओं के साथ बारिश की हल्की गतिविधियां दर्ज की गई. कहीं-कहीं आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया. बारिश और आंधी के बाद जयपुर समेत सूबे के तमाम इलाकों में तापमान गिर गया. शनिवार को बीकानेर में हुई बारिश के बाद यहां का अधिकतम तापमान में 9.2 डिग्री सेल्सियस हो गया. मौसम विभाग की मानें तो मौसम में आया यह बदलाव अभी जारी रहेगा. विभाग ने आज भी राजस्थान के 28 जिलों में आंधी-तूफान का येलो अलर्ट जारी किया है.

# नवागत रेंजर की सख्ती से लकड़कट्टो में खौफ वही रेंजर के खिलाफ साजिश रचने में लगे कुछ वनकर्मी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** वन्य जीव तस्करी रोकने और वन संपदा की सुरक्षा के लिए दक्षिण वनरेंज लुधौरी के नवागत रेंजर गजेंद्र बहादुर सिंह की सख्त कार्यशैली से वन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है, दक्षिण वनरेंज लुधौरी वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में वन विभाग लुधौरी पूरी तरह से मुस्तैद दिखी नवागत रेंजर के नेतृत्व में योजनाबद्ध ढंग से गस्त कर वन अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को वन रेंज में वनकर्मियों ने जंगल में लंबी दूरी की गश्त की गई, गश्त के दौरान दक्षिण वनरेंज लुधौरी के नवागत रेंजर गजेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने वन सीमाओं की सुरक्षा का जायजा भी लिया। वन रेंज में गस्त प्रातः 5:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक हुई दक्षिण वनरेंज लुधौरी में वनकर्मियों ने गस्त कर वन रेंज क्षेत्र की सुरक्षा का जायजा लिया 5 घंटे की गस्त के दौरान वनरेंज की सीमाओं का निरीक्षण किया गया। वनों की सुरक्षा के मुद्दे पर वार्ता करने पर दक्षिण वनरेंज लुधौरी के नवागत



क्षेत्राधिकारी गजेंद्र बहादुर सिंह ने मीडिया से बताया कि गस्त का मुख्य उद्देश्य वन्य जीव तस्करी को रोकना, वन भूमि की सुरक्षा को देखना, गस्त के रास्तों का निरीक्षण करना, जंगलों को आग से बचाना, वन्य प्राणियों के बारे में जानकारी हासिल करना आदि है इसके साथ ही क्षेत्र में मौजूद वन्यजीवों की मूवमेंट को जानना भी है, वहीं वन तस्करों पर नकेल कसने के लिए इस प्रकार की गश्त कारगर साबित होती है।

**गर्मियों की दस्तक के साथ वन विभाग मुस्तैद - नवागत रेंजर**

फायर सीजन 15 अप्रैल से शुरू हो गया है वन विभाग पड़ रही गर्मी को देखते हुए जंगलों को आग से बचाने के लिए तैयारिया पूरी कर ली हैं। फायर सीजन 15 अप्रैल 15 जून तक चलता है। विभाग ने आग पर काबू पाने के लिए टीमों का गठन भी कर लिया है। इस बार विभाग ने फायर स्क्वायड तैयार किए हैं। सभी फायर रेंजर ऑफिसर की निगरानी में चलेंगे आग लगने की सूचना मिलते ही स्क्वायड इस पर काबू पाने के लिए तैयार रहेगी। स्क्वायड में रेंज ऑफिसर के अलावा विभाग के सदस्य शामिल होंगे। नवागत रेंजर गजेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व मे वन दरोगा राजेन्द्र प्रसाद, वन दरोगा उमेश सिंह चौहान,वन रक्षक संगसेन आदि वन विभागीय टीम ने गश्त किया।

# नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में एजुकेशन सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न

एटा। रविवार को नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में एजुकेशन सम्मेलन का आयोजन जी टी रोड स्थित होटल माया पैलेस में किया गया जिसमें जनपद एटा के प्रबुद्ध प्रधानाध्यापक , शिक्षक एवं विद्यालय के प्रबंधकों नें भाग लिया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रवेश विभाग के निदेशक डॉ आकाश शर्मा जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी छात्र एवं छात्राओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर स्वावलंबन की शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से शत प्रतिशत रोजगार दिलाने के लिए संकल्पित है नोएडा इंटरनेशनल




यूनिवर्सिटी की तरफ से ठाकुर भानु प्रताप सिंह एवं तरुण प्रताप सिंह सभा में आए विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं श्वॉल पहना कर उनका सम्मान किया तथा नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में आने के लिए आमंत्रित किया सभा का संचालन विनोद नागर ने करते हुए कहा कि नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी एक अनोखा विश्वविद्यालय है जिस विश्वविद्यालय में भारत ही नहीं बल्कि भारत जैसे 60 देश के छात्र एवं छात्राएं विद्या अध्ययन करने के लिए नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में आ रहे हैं कार्यक्रम के आयोजक लायंस क्लब के जोन चेयरपर्सन अनुज चौहान ने सभी लोगों का धन्यवाद दिया इस अवसर पर शक्ति सिंह राठौर प्रिंसिपल दून पब्लिक स्कूल , स्वागत पचौरी , देवेश पाल सिंह , आदर्श मिश्रा ,राकेश सिंह , हेमा मिश्रा , साधना चौहान ,बबीता कुलश्रेष्ठ , भूपेंद्र सिंह , अरविंद सिंह , एवं सैकड़ो स्कूलों के शिक्षक , शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## बिजली चोरी कर मोटर चलाने पर पलबिन्दर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**औरंगाबाद-खीरी।** बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत विभाग की टीम सक्रिय हो गई है,औरंगाबाद कस्बे के बाहर पलविंदर सिंह के झाले पर विद्युत चोरी से मोटर चलता हुआ पकड़ा गया,टीम ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। जानकारी मुताबिक अवर अभियंता औरंगाबाद हरीश कुमार मौर्या व टीम के संविदा कर्मी अंकित,हरेंद्र,आशीष, अजय कुमार सहित अन्य स्टाफ ने औरंगाबाद ईदगाह के पास पलविंदर सिंह के झाले के साठ मीटर दूर रखा सौभाग्य योजना के ट्रांसफार्मर से बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपयोग करते समरसेबल

# विश्व हिन्दू परिषद् ने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर किया मल्यार्पण

जलेसर/एटा। जलेसर में महावीरगंज स्थित संविधान रचीयता भारत रत्न भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर सुशील कुमार जिला संगठनमंत्री विश्व हिन्दू परिषद् ने पहुंच कर विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मल्यार्पण किया सेवा बस्ती के निवासियों को बाबासहेब की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कार्यकर्ताओं को बाबासाहेब के पदचिन्हों पर चल अपने जीवन को समाज के प्रति समर्पित कर संगठित रहने को कहा। भारतीय संविधान की नींव और सामाजिक न्याय के पुरोधा बाबा साहब आंबेडकर को उनके ज्ञान



को समझने के लिए सही परिपेक्ष्य के साथ अध्ययन किया जाना चाहिए कई मौकों पर आमजन को गुमराह करने के लिए कई मीडिया समूह, एनजीओ और राजनीतिक दल उन्हें दलित जाति का नेता तक सीमित कर देते हैं बाबा साहब ने दलितों के उत्थान के लिए जो कार्य किया है यह उनके जीवन के सारे कार्यों का मात्र दस प्रतिशत है। शिवांग गुप्ता जिलामंत्री , गौरव वार्ष्णेय नगर अध्यक्ष, आकाश गुप्ता जिला संयोजक बजरंग दल, लकी, प्रांशु कुशवाह, रोहित कुमार, रवी ठाकुर, कुशल गोयल,सुमित जाटव, सागर दिवाकर, शुभम बाल्मिकी, कनिष्क बाल्मिकी, विपिन पचौरी, रजत कुमार, रोहित जाटव,नंदलाल, अभय पालीवाल, आदि लोगों ने भी मल्यार्पण किया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती

अमेठी। जनपद में रविवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 133वी जयंती मनाई गई। राजनीतिक दलों सहित , विभिन्न संगठनों द्वारा धूमधाम से आयोजन एवं विचार व्यक्त किया गया। तो वही कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी निशा अनंत ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मो. असलम, प्रतीक्षा पांडे, अमित सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने भी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जी के योगदान को याद किया गया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जातिवाद, संप्रदायवाद और भ्रष्टाचार जैसी कुरीतियों को विकास के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोध मानते थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब शोषित, दलित, पिछड़े व सर्वसमाज के उत्थान के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किए, उनके इस योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हम सभी चाहे जिस पद पर हो वहां पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें , आज डॉक्टर भीमराव

# जनपदभर में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की 133वीं जयन्ती

एटा। शासन के निर्देश के अनुपालन में जनपदभर में डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की 133वीं जयन्ती सादगी, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने डा0 अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसी क्रम में विकास भवन में सीडीओ डा0 एके बाजपेयी सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा अम्बेडकर जयन्ती पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजलि दी गई। एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी ने डा0 बी0आर0



अम्बेडकर जी की 133वीं जयन्ती के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अम्बेडकर जी बहुत ही गरीब परिवार से थे, सामाजिक असमानताओं के बावजूद उन्होंने देश में ही नहीं वल्कि विदेशों में भी शिक्षा हासिल की। लंदन में शिक्षा लेने के बाद उन्होंने हमारे देश में शोषितों, वंचितों, दलितों, पिछड़ों के हितों में कार्य करते हुए सभी को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। अम्बेडकर जी के अथक प्रयास से ही 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू किया गया। सभी अधिकारी, कर्मचारी संविधान के अनुरूप कार्य करें तथा कार्यालय, पटल पर आने वाले शोषित, वंचित, गरीब व्यक्तियों की हर संभव मदद की जाए, साथ ही उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश ने कहा कि डा0 भीमराव अम्बेडकर जी महापुरूषों की श्रंखला की महत्वपूर्ण कड़ी थे, समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए उनके द्वारा काफी संघर्ष किया गया। आज उन्हीं की देन हैं कि भारतीय संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। उन्होंने कहा कि हम जहां भी, जिस भी पटल पर है वहां स्वयं को रखकर सोचें और हर जरूरतमंद की मदद करें तो निश्चित ही समाज की दशा और दिशा बदल जाएगी। भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर का योगदान बहुत है, कमजोर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने जो संवैधानिक व्यवस्था बनाई वह अपने आप में विशिष्ट है उनके द्वारा निर्मित संविधान को यदि गंभीरता से समझना है तो भारतीय संविधान के लागू होने से पहले की व्यवस्थाओं को समझना होगा।इस अवसर पर कलक्ट्रेट स्थित कार्यालयों के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, पटल सहायक आदि उपस्थित रहे।

# अलीगंज में 133वीं अम्बेडकर जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा

अलीगंज/एटा।अलीगंज में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराब अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनायी गयी। अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि देने बालो में अलीगंज बसपा नेता सऊद अली खां उर्फ़ जुनैद मियां मनोज कुमार लज्जाराम गुलशन विजय प्रताप शाक्य सहित तमाम लोगों ने अम्बेडकर जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। ततपश्चात अम्बेडकर जयंती की शोभायात्रा निकाली गयी शोभा यात्रा का शुभारम्भ अलीगंज के मोहल्ला चमन नगरिया से शुरू हुआ।जो कस्वे के गाँधी चौराहा तहसील रोड मातादीन चौराहा आदि मार्गो से होती पुराना बस स्टेन्ड पर समापन हुई। शोभायात्रा में लोग बाबा साहब के नारे लगा रहे थे।लोगों को




संबोधित करते हुए बसपा नेता जुनैद मियां ने कहा कि बाबा साहब का पूरा जीवन अनगिनत बाधाओं और संघर्ष के बीच निर्मित हुआ है। डॉ अम्बेडरकर दलितों के मसीहा थे समाज में उन्होंने जाति पात भेदभाव समाज में फैली कुरीतियों का अंत करने में अहम योगदान रहा दलितों के दशा सुधार लाने के लिये उन्होंने समाज में बहुत कुछ किया।समाज में जाति पति छुआ छूत जैसी प्रथा को समाप्त करने की अहम भूमिका रही थी। इस शोभायात्रा में उमान खान, रामनिवास कठेरिया, ब्रजेश कुमार, प्रमोद कुमार, राजा पुरान, राहुल देव जहाँगीर खान, मदन लाल, मनोज कुमार, अली खान, कल्लू पहलवान, तारिक खान, मोहित, आमिर मंसूरी,सारिक अनवार खान, सलीम अड्डा, सुभाष आदि लोग युवा वच्चे शामिल रहे।

## तमंचा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

अमेठी। रविवार को उ0नि0 संजीव कुमार थाना जामो मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सोनू राणा पुत्र रूपचन्द्र राणा निवासी खुन्ना का ताल मजरे रामपुर चौधरी थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 26 वर्ष को उमराडीह के पास से समय करीब 04-20 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## सेक्टर 82 पाकेट 7 में डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई

नोएडा। सेक्टर 82 पाकेट 7 में समाज सुधारक और भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती की जयंती मनाई गई । कार्यक्रम का संचालन युवा नेता पंकज झा ने किया। पाकेट 7 के सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें शत-शत नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और मिठाई बांटकर हर्षोल्लास के साथ उनकी जयंती मनाई। युवा नेता पंकज झा ने सभी शहर वासियों को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती की बधाई/ शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज मजदूरों, किसानों, महिलाओं, छात्रों, युवाओं के हक अधिकार और बाबा साहब द्वारा संविधान में दिए गए संवैधानिक जनतांत्रिक अधिकारों को बचाने के लिए हम सभी को एक जुट रहना चाहिए। इस अवसर पर मुरारी झा, सतपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, के सी झा आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# युवा शक्ति द्वारा गौतम बुद्ध नगर में साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नोएडा। गौतम बुद्ध नगर जिले में बढ़ती साइबर शिकायतों के मद्देनजर, वाईएसएस , सेंटर फॉर रिसर्च ऑन साइबर क्राइम एंड साइबर लॉ और पुलिस कमिश्नरेट ने आज 14 अप्रैल, 2024 को जेपी विश टाउन, सेक्टर 128 में श्री एल बी गौतम के सहयोग से साइबर क्लिनिक कार्यशाला के तहत एक मुफ्त साइबर , जागरूकता एवं समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नोएडा के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों के खतरों से अवगत कराना, उनसे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देना एवं समस्याओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान था। कार्यशाला में, विशेषज्ञों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, क्रिप्टो करेंसी, लोन



एंड चाइनीज एप और सोशल मीडिया क्राइम जैसे विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों ने साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त करने और विशेषज्ञों से सवाल पूछने के अवसर का स्वागत किया। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि लोगों को साइबर अपराधों से बचाया जा सके। श्री एल बी गौतम जी को धन्यवाद, जिन्होंने साइबर धोखाधड़ी और सुरक्षा पर जागरूकता पैदा करने के लिए वाईएसएस फाउंडेशन के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया। यह नोएडा साइबर क्लिनिक का द्वितीय कार्यक्रम था। साइबर ज्ञान, युवा शक्ति - वाईएसएस फॉउंडेशन एवं पुलिस कमिश्नरेट की इस पहल की सराहना की गई। एयर कमोडोर नृप (साइबर प्रमाणित विशेषज्ञ) ने कार्यक्रम का संचालन किया और उन्होंने निवासियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। एओए पीसीपीएच के अध्यक्ष श्री मणिकेश तिवारी भी इस नेक काम का समर्थन करने के लिए उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम गौतम बुद्ध नगर जिले को साइबर मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। युवा शक्ति से अध्यक्ष सचिन गुप्ता एवं अनिल कुमार चौधरी, श्री अनुज अग्रवाल चेयरमैन सेंटर फॉर रिसर्च ऑन साइबर क्राइम एंड साइबर लॉ मुख्य वक्ता थे। नोएडा साइबर थाना टीम की उपस्थति सराहनीय रही। निरीक्षक श्री राजकुमार चंदेल, उप निरीक्षक श्री देवेंद्र कुमार, उप निरीक्षक, श्री अजीत सक्सेना साइबर क्राइम थाना नोएडा एवं स्थानीय लोग उपस्थिस्त रहे।

## पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। रविवार को थानाक्षेत्र अमेठी के एक व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले पंकज कुमार पुत्र लल्लू बनवासी निवासी ग्राम चकनन्दू थाना हड़िया जनपद प्रयागराज उम्र 19 वर्ष व अपनी नाबालिग बहन को लाकर थाना अमेठी पर एक किता प्रार्थना पत्र के साथ सुपुर्द किया गया । बरामद अपहता के संबंध में नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है । प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना अमेठी पर मु0अ0सं0 107/24 धारा 363,366 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट बनाम पंकज कुमार उपरोक्त पंजीकृत किया गया एवं अभियुक्त को 10:45 बजे दिन में पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की गई।

# लूटेरी सरकार से जनता अजिज,कांग्रेस के साथ चले-अजित कुमार यादव

भेटुआ। भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की सरकार लुटेरी है। इससे जनता अजिज आ चुकी है। कांग्रेस के साथ चले। अपना बिकास करे। झूठ का सपना भूल गए। सच्चाई की साथ देगे। और कांग्रेस के साथ चलने का संकल्प लिया है। रविवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी भेटुआ ने न्याय पंचायत कांग्रेस कमेटी भेटुआ, धरईमाफी की बैठक की। जिसमे ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अजित कुमार यादव ने ग्राम पंचायत कांग्रेस अध्यक्षो का स्वागत किया। और मिटाई भेट की। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की गठबंधन सरकार लुटेरी है। सरकार के संस्थानो का निजी हाथो मे दे दिए। अधिकारी और कर्मचारी सिर्फ कागज पर कार्य कर रहे है। जनता की शिकायत भी कागज पर निपट रही है। ऐसी सरकार से निजात पाने के लिए कांग्रेस के साथ चले। कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष जगदीश सिंह ने कहा कि बैठक मे कार्यकर्ताओ को कांग्रेस की बिचारधारा से जोडा गया था ।उन्हे कार्यशैली की सीख दी जा रही है। संगठन के मजबूत बनाने के हुनर बताए। बूथ अध्यक्ष हमारे संगठन का सबसे महत्वपूर्ण है। उसे मतदान और बिकास की कलाओ से महारथ हासिल होने चाहिए। ब्लाक मण्डल अध्यक्ष कौशल किशोर ने कहा कि महिला,युवा,छात्र, किसान,सेवादल, पंचायत,पिछडा, अनुसूचित, अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियो को जिम्मेदारी सौपी गई है। कांग्रेस के सिपाही जनता की बात सुने। उन्ही के सुझाव पर काम करे। समस्याओ का निस्तारण त्वरित संगठन करेगे। इस अवसर न्याय पंचायत कांग्रेस कमेटी

# दलित शोषण मुक्ति मंच, सीटू, जनवादी महिला समिति, माकपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती- गंगेश्वर दत्त शर्मा



नोएडा। दलित शोषण मुक्ति मंच नोएडा कमेटी ने सेक्टर- 8, नोएडा कार्यालय पर महान समाज सुधारक और भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दलित शोषण मुक्ति मंच, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), जनवादी महिला समिति व सीटू के कार्यकर्ताओं ने उन्हें शत-शत नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर और केक काटकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उनकी जयंती मनाई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव कामरेड के एम तिवारी ने बाबा साहब के देश को दिए गए योगदान और बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान और उनके विचारों को बचाने के लिए इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को क्यों हराना जरूरी है इसे रेखांकित किया।

दलित शोषण मुक्ति मंच नोएडा कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत सिंह, सचिव धर्मेंद्र कुमार गौतम, उपाध्यक्ष भीखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष दुर्गा राम ने कहा कि दलित शोषण मुक्ति मंच डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने के काम को आगे बढ़ाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने सभी शहर वासियों को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती की बधाई/ शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज मजदूरों, किसानों, महिलाओं, छात्रों, युवाओं के हक अधिकार और बाबा साहब द्वारा संविधान में दिए गए संवैधानिक जनतांत्रिक अधिकारों को बचाने के लिए लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को हराना बहुत ही जरूरी है और इस चुनाव में गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र सिंह नागर को जिताने की अपील उन्होंने कार्यकर्ताओं से किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को जनवादी महिला समिति की नेता आशा यादव, गुड़िया देवी, सरोज, सीमा देवी, सीटू नेता रामसागर, लता सिंह, राम स्वारथ, राजकरण सिंह,भरत डेंजर, विजय गुप्ता, धनराज गौतम आदि ने संबोधित किया।

# धूमधाम से मना शहर में बैसाखी का पर्व

गाजियाबाद। बैसाखी पर्व व खालसा साजना दिवस शनिवार को शहर में श्रद्धाभाव से मनाया गया। गुरूद्वारों में कीर्तन दरबार सजे जिसमें कीर्तनी जत्थों ने कीर्तन से संगत को निहाल कर दिया। गुरूद्वारों में श्रद्धालुओं ने अमृत भी छका। गुरूद्वारा श्री गुरू नानक दरबार राजनगर में गुरूद्वारा शीशगंज दिल्ली वाले अमरिंदर सिंह व उनके साथियों तथा अजमेर से आए भाई सतपाल सिंह ने खालसा पंथ के इतिहास पर प्रकाश डाला। गुरूद्वारे के प्रधान सरदार एस एस पुरी, सचिव सुरेंद्र जीत सिंह, कोषाध्यक्ष गुलशन अनेजा आदि भी मौजूद रहे। भूड भारत नगर के गुरूद्वारे में रागी जत्थों ने गुरूओं की महिमा का बखान किया। गुरूद्वारे के प्रधान सरदार जोगेंद्र सिंह ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए ही वर्ष 1699 में गुरू गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरूद्वारा जी ब्लॉक कविनगर में आयोजित कीर्तन दरबार में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रविन्दर सिंह जौली, रामगढिया समाज के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सोहलए अजय चोपड़ा आदि भी मौजूद रहे। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रेलवे रोड बजरिया में सरदार हरमीत सिंह की अध्यक्षता में चल रहे अखंड पाठ के बाद हजूरी रागी संत सिंहए स्त्री सत्संग व ने गुरु जस गायन किया। स्त्री सत्संग के बाद आनंदपुर केशगढ़ से आए रागी भाई कुलविंदर सिंह ने शब्द गायन करके संगत को निहाल कर दिया। प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू, एसपी सिंह ओबेरॉय, कुलविंदर ओबेरॉय, जगमोहन कपूर, हरविंदर सिंहए अमनदीपए जसमीत खोसला आदि भी मौजूद रहे। गुरूद्वारा दशमेश दरबार में विशेष कीर्तन दरबार आयोजित किया गया। गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति के उपरांत हजूरी रागी भाई राजपाल सिंह व लुधियाना से आए भाई प्रभजिंदर सिंह ने कीर्तन किया। सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी, सरदार जुझार सिंह, सरदार सुखविंदर सिंह, सरदार हरविंदर सिंह, जगमोहन सिंह, रामबीर सिंह, दामोदर सिंह जग्गी आदि भी मौजूद रहे। सी ब्लॉक कविनगर, सेक्टर



# श्रीमहंत नारायण गिरि की प्रेरणा से विश्व कल्याण के लिए हो रहा अनुष्ठान



गाज़ियाबाद। सिद्धेश्वर महादेव कुटी मंदिर मकरेड़ा पाइप लाइन में चल रहे एक वर्षीय अनुष्ठान में रविवार को नवरात्रि पर्व के छठे दिन मां भगवती के छठे स्वरूप कात्यायनी का वैदिक विधि विधान व षोडशोपचार से पूजन-अर्चन किया गया। यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय व नित्यानंद आचार्य ने मां की पूजा-अर्चना तथा हवन कराया। आयोजक स्वामी वैद्य मुकेशानंद गिरि ने बताया कि श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की प्रेरणा से विश्व कल्याण की कामना से सिद्धेश्वर महादेव कुटी मंदिर में 9 अप्रैल से अखंड शतचंडी अनुष्ठान शुरू किया गया है, जिसमें गाजियाबाद के अलावा दिल्ली-एनसीआर के कई शहरों से श्रद्धालु भाग ले रहे हैं और मां की पूजा-अर्चना के साथ विश्व कल्याण की कामना से हवन में आहुति दे रहे हैं। अनुष्ठान में 9 अप्रैल तक चंडी होम और नवार्ण मंत्रों का जाप अनवरत चलता रहेगा। अनुष्ठान में रविवार को बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे व मां का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने बताया कि कृष्ण को पति रूप में प्राप्त करने के लिए बृज की गोपियों ने माता कात्यायनी की पूजा की थी। माता कात्यायनी की पूजा से देवगुरु ब्रहस्पति प्रसन्न होते हैं और कन्याओं को अच्छे पति का वरदान देते हैं। कात्यायन ऋषि की तपस्या से खुश होकर मां ने पुत्री के रूप में उनके घर जन्म लिया था, इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। शतचंडी महायज्ञ में मुख्य यजमान सत्यवीर भाटी नोएडा, देवा और मेघा राजनगर एक्सटेंशन, मोहित गुप्ता सपरिवार मुराद नगर, यजमान वीना राज, भरत राज, यशिमता राज दिल्ली, विजय आनंद, ज्योति आनंद वेदिका आनंद एफएसएल होम मिनिस्ट्री दिल्ली आदि ने मां भगवती का पूजन और अर्चन कर भगवान सिद्धेश्वर महादेव का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# लोकल परचेज के नाम पर जिला महिला अस्पताल व श्रीराम अस्पताल में फैला भ्रष्टाचार

## कमीशन खोरी के चक्कर में निरस्त टेंडर वाली फर्म से दवा खरीद रहे हैं जिम्मेदार

अयोध्या। सरकार की छवि को धूमिल करने का कोई भी अवसर जिला स्वास्थ्य विभाग जाने नहीं दे रहा है प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक मरीज को समुचित इलाज मिले इसके लिए दवाओं के साथ ही अन्य सुविधाओं में भी वृद्धि की जा रही है किंतु जिला महिला एवं श्री राम चिकित्सालय के जिम्मेदार अधिकारी है सरकार के कार्यो की जड़ में मटठा डाल रहे हैं। जनपद के स्वास्थ्य महकमे वर्तमान समय मे लोकल परचेज दवाओं की खरीद में भारी अनियमितता सामने आ रही है। जनपद के महिला अस्पताल व श्रीराम अस्पताल में अस्पताल प्रशासन द्वारा शासन के नियमो की धज्जियां उड़ाते हुए लोकल परचेज के लिए निर्धारित टेंडर वाली फर्म से दवाएं न लेकर टेंडर का अधिकार साल भर पूर्व में खो चुकी फर्म प्रकाश मेडिकल का टेंडर 9 जून 2023 को समाप्त हो चुका है। बाउजूद इसके उसी फर्म से दवाओं की खरीददारी की जा रही है। जिससे शासन के निर्धारित जैम पोर्टल पर टेंडर लेने वाली फर्म को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

सूत्रों का कहना है स्थानीय अधिकारी अपनी कमीशनखोरी की चक्कर मे टेंडर प्राप्त फर्म से दवाओं को लेने की बजाय उस फर्म से अभी तक दवाएं खरीद कर बकायदा भुगतान कर रहे है जिसका टेंडर 9 जून 2023 को ही खत्म हो चुका है। जबकि मौजूद वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 के लिए टेंडर प्राप्त करने वाली फर्म से दवा खरीद के मामले में आनाकानी कर अपने चहेते दवा व्यवसायी को अनुचित लाभ देकर शासन की मंशा को तार-तार किया जा रहा है। इस संदर्भ में एक जिम्मेदार अधिकारी का कहना है कि किसी भी प्रकार के टेंडर की जानकारी हमको नहीं है अगर जानकारी होती है तो संबंधित फार्म से ही दावों की खरीद की जाएगी। जबकि टेंडर लेने वाली फर्म का कहना है कि वह पूर्व की फर्म का टेंडर निरस्तीकरण व अपनी फर्म का टेंडर श्रीराम अस्पताल में रिसीव करा दिया है। इसके साथ ही पंजीकृत डाक से भी भेजा है। बता दे कि सरकारी अस्पतालों में अनुपलब्ध दवा की खरीद को लेकर लोकल परचेज की व्यवस्था की गई है।

अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक की संस्तुति पर इन दवाओं की खरीद होती है। यह दवा डीवीडीएमएस पोर्टल व रेट कांट्रैक्ट के आधार पर की जाती है। जिसके साथ शर्त है कि इस पोर्टल के माध्यम से उसी फर्म से दवाएं क्रय की जा सकती है जिसका टेंडर जेम पोर्टल के माध्यम से हुआ हो। पोर्टल पर हुई खरीद पूरी तरह से पारदर्शी रहती है। इसमें सप्लाई से लेकर अन्य नियमों के उल्लंघन की संभावना कम रहती है।

## संत सतराम दास की 139 वीं जयंती साईं नितिन राम अगुवाई मे मनाई गईं

अयोध्या ।सिंधी समाज ने बड़े हीं धूम धाम से मनाई संत सतरामदास की जयंती हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी संत सतरामदास दरबार के साई नितिन की अगुवाई मे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे सिंघि समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया पुरुषो के साथ साथ महिलाओ ने भी सोभा यात्रा मे नाचते गाते दिखी जगह जगह पुष्प वर्षा कर लोगो ने सोभा यात्रा का स्वागत किया इस मौके पर समाजसेवी मुस्कान सावलानी हरीश सावलानी ने साई नितिन की आरती कर माला पहना कर मुकुट भेट किया किया साई नितिन ने बताया संत सतराम दास की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई रथ पर संत कवर का विशाल चित्र दर्शन हेतु रखा गया था श्रद्धांलू दर्शन कर रहे थे यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर लोगो ने स्वगत किया यात्रा मे सिंधी ढ़ोल सहनाई पर महिलाओ व पुरषों ने डांडिया नृत्य किया दरबार मे राजिस्थान से आये लवि भगत ने संत कवरराम के भजनो को प्रस्तुत किया इस मौके पर ओमप्रकाश अंदानी, केवल रमानी,

## 501 दीप जलाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया अंबेडकर जयंती



अयोध्या। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह कर्मचारी परिषद साकेत महाविद्यालय व मां शांति सेवा फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम प्रबंध संयोजक बसन्त राम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शांति सेवा फाउंडेशन एवं कर्मचारी परिषद ने संयुक्त रूप से भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो अनिल कुमार सिंह मुख्य नियंता एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य अभय कुमार सिंह एवं मंच अतिथियों को कार्यक्रम प्रबंध संयोजक बसंत राम, मुख्य संयोजक भूपेश्वर गुप्ता, इंद्रजीत व डॉ विनय प्रकाश मौर्य सहित सभी सदस्यों ने माल्यार्पण एवं बैज लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो अनिल कुमार सिंह ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में कवित्री शालिनी श्रीवास्तव के साथ अन्य कवियो एवं वक्ताओं ने कविता एवम भाषण के माध्यम से अपने विचार रखकर लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया। साथ ही डॉ आंबेडकर के चित्र के सामने सभी ने 501 मोमबत्ती जलाकर दीपांजलि समारोह मनाया। मुख्य नियंता अनिल कुमार सिंह ने कहा कि लोगों को अंबेडकर के पद चिन्ह पर चलकर अच्छे कार्य के साथ शिक्षा के प्रति सचेत रहने एवं अपने अधिकार के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने कहा कि डॉ अंबेडकर की सोच सामानता की थी लोगों को उच्च पद पर रहकर निम्न लोगों के बारे में भी सोचना चाहिए और जब छोटे बड़े का भेद खत्म होगा तभी सामानता बढ़ेगी। कार्यक्रम मुख्य संयोजक भूपेश्वर गुप्ता ने अपने विचारों के साथ सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार सिंह ने किया सहसंयोजक इंद्रजीत ने राष्ट्रगान कराया साथ ही महाविद्यालय में सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को साकेत रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया एवं समाज में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवी गण को भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रज्ञा श्रीवास्तव, प्रो दिनेश कुमार, सूरज चौधरी, मनोज त्रिपाठी, डॉ मुकेश आनंद, राम शंकर, उमेश कुमार, दयाराम यादव, घनश्याम यादव संजय श्रीवास्तव, एस बी सागर प्रजापति, राहुल यादव, राजेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार, राकेश यादव, अर्चना गोस्वामी, मनोरमा साहू, रमेश कुमार, रोली श्रीवास्तव, मांडवी सिंह, सुरेंद्र कुमार, उदयराज, आदर्श कुमार, दीपक नारंग, बृजेश रावत, रामदीन,रेणु जायसवाल, नीलम रस्तोगी, साधना गुप्ता, सुमन गुप्ता, लवली रस्तोगी, साक्षी प्रजापति, रिया प्रजापति सहित सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया।

## बाबा साहेब के जयंती पर लगा रक्तदान शिविर

अयोध्या। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के 133 वी जयंती के परिपेक्ष्य में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व सागर सेवा संस्थान के संयुक्त बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम अवध अंध ज्ञान विद्यालय के संस्थापक प्रज्ञा चक्षु अवधेश दास जी महाराज और विशिष्ट अतिथि के रूप में अन्नपूर्णा रसोई के प्रबधक राजेश चौबे जी मौजूद रहें। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने रिबन काट कर किया और रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि रक्तदाता तुल्य है जो अंजान मरीज को खून रूपी आक्सीजन से जीवनदान देते हैं। समाजसेवी राजेश चौबे ने कहा कि यह रक्तदान शिविर ज़रूरतमंदों के लिए किसी वरदान से कम नही हैं। सागर सेवा संस्थान की अध्यक्ष आरती यादव ने कहा कि युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए जिससे खून के मामले में देश आत्म निर्भर बन सकें। ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्त ने कहा कि हर जरुरतमंदो कोई ब्लड मुहैया कराना ही संस्था का मूल उद्देश हैं। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष विजय वर्मा, रश्मि चौरसिया,ममता यादव, लता सिंह

## समरसता दिवस के रूप में लोक सभा के सभी बूथों पर मनाई गई बाबा साहब की जयंती

अयोध्या। लोक सभा के सभी बूथों पर बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में बाबा साहब द्वारा बताये रास्ते पर चलते हुए उनके सपनों के भारत निर्माण का संकल्प लिया गया। सभी शक्ति केन्द्र पर जनप्रतिनिधि, जिलेस्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। सांसद लल्लू सिंह रूदौली विधान सभा के गौरियामउ, क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह रसूलाबाद व ऐमी घाट, जिपंअ रोली सिंह पूरा बाजार के कोडरी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता पूराबाजार क्षेत्र के गंगौली, महेशपुर, देवपुर, नरियावां, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी दर्शन नगर, डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी अयोध्या के निर्मोचन घाट, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव अलावलपुर रामपुर सर्धा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह चौरे बाजार के भरहुखाता, अवधेश पाण्डेय बादल रूदौली के मोहम्मदपुर, इं रणवीर सिंह सोहावल क्षेत्र के डेरामूसी, जिपस इंद्रभान सिंह हरीपुर जलालाबाद बूथ, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, आलोक द्विवेदी, कर्तिकेय श्रीवास्तव अनिल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरियामउ में आयोजित कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए गरीबों, मजदूरों, शोषितों व वंचितों के उत्थान के प्रति संकल्पित है। सरकार की प्राथमिकता में गरीबों का विकास है। गरीबों को निःशुल्क आवास, शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। भेदभाव के खिलाफ व गरीबों शोषितों व वंचितों के हितों की रक्षा के लिए बाबा साहब द्वारा किये संघर्ष हमें आज भी प्रेरणा प्रदान करते है। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना हमारी प्राथमिकता है। हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए हम सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को प्रकांड विद्धान व संविधान रचयिता के रुप में हम जानते है।

## आम आदमी पार्टी ने अंबेडकर जयंती को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया

अयोध्या ~ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने अंबेडकर जयंती को संविधान व लोकतंत्र बचाओ दिवस के रूप में मनाया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व जनपद अयोध्या के जिला प्रभारी संजीव निगम ने जानकारी दी कि केजरीवाल ने जेल से संदेश भेजकर अंबेडकर जयंती को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया था।

इसीलिए देश के 24 राज्यों में इस प्रकार के आयोजन किये गए।अयोध्या में रविवार को बालदा बापू इंटर कालेज के पास स्थित अंबेडकर पार्क में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जिले के साथियों ने संविधान व लोकतंत्र बचाओ मुहिम की शुरुआत की।

इस अवसर ओर जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि इस समय पूरा देश लोकसभा चुनाव के दौर से गुजर रहा है ये बहुत ही संवेदनशील समय है अगर संविधान को बचाना है तो देश के लोगो को एकजुट होकर खड़ा होना पड़ेगा।महाराष्ट्र में जिस प्रकार तोड़फोड़ कर सरकार को बदला गया वह संविधान और लोकतंत्र पर हमला है।दिल्ली व पंजाब में भी लगातार यही करने की कोशिश की जा रही है।

## भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर नामांकन के संबंध में एवं चुनाव प्रचार की रूपरेखा की गई तैयारी




एटा। रविवार को जीटी रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर नामांकन के संबंध में एवं चुनाव प्रचार की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता एटा जनपद के जिला अध्यक्ष संदीप जैन एडवोकेट ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद एवं एटा लोकसभा के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया ने 15 अप्रैल 2024 को कासगंज में होने वाले नामांकन के संबंध में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

साथ ही उन्होंने 16 अप्रैल से 5 मई तक होने वाले चुनाव प्रचार के संबंध में विस्तृत रूपरेखा तैयार की एवं पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी द्वारा दिए गए सुझावों पर चिंतन किया। इस अवसर पर एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड ने चुनाव प्रचार के संबंध में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए एवं रूपरेखा तैयार की।

जिला अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया की बैठक में जो चुनाव प्रचार संबंध में रूपरेखा तैयार की गई है। उसको संगठन की दृष्टि से 15 अप्रैल तक तैयार कर 16 अप्रैल से क्रियान्वयन किया जाएगा। बैठक में मंच पर सांसद एवं एटा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया, जिला अध्यक्ष संदीप जैन, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, जिला महामंत्री सुशील गुप्ता, श्रीमती शकुंतला साहू, डॉक्टर मेजर अशीष शाक्य उपस्थित रहे। बैठक में सचिन उपाध्याय पंकज चौहान पुष्पेंद्र लोधी रवि वर्मा सुधा गुप्ता विजय मिश्रा प्रदीप भामाशाह सर्वेश उपाध्याय विनीत भारद्वाज, अग्रिम जैन, संतोष चौहान, दुलारे सिंह भदौरिया, देवेंद्र भदोरिया, प्रशांत जैन, अमरीश सिकरवार, विवेक जैन, शिशुपाल यादव, सुशील लोधी प्रधान, सुनील यादव, राधारमण वार्ष्णेय, रमेश श्योराई, निर्मल धनगर, राजीव गुप्ता, अर्चना सक्सेना डॉली, सीमा वार्ष्णेय आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिलेभर में उत्साह, उल्लास, उमंग से मनाई गई आंबेडकर जयंती



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** रविवार को जिलेभर में उत्साह, उल्लास और उमंग से संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव रामजी आम्बेडकर की जन्म जयंती मनाई गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्श को अनुकरणीय बताते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डॉ. आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि संविधान निर्माता ने समाज को मुख्य धारा में जोड़ा। संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये रास्ते पर चल कर समाज का निर्माण करें और समाज को आगे बढ़ाएं। आज के इस पावन और पुनीत मौके पर उन्हें स्मरण करने से मन प्रफुल्लित हो उठता है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर के सिद्धांतों और आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत बताई। कहा कि उनके प्रयास से समाज के सभी वर्गों को संविधान में उचित स्थान प्राप्त हुआ।

उनके प्रति सच्ची श्रद्धा तभी होगी, जब लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरे संकल्प के साथ करेंगे। आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी सुरेश वर्मा, सुधीर सोनी, न्याय सहायक द्वितीय सुरेश वर्मा सहित कलेक्ट्रेट कर्मियों ने भी चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन कलेक्ट्रेट कर्मी श्री राम ने किया।

## शादी का झांसा देकर युवक से 10 लाख रुपये ठगे

कौशांबी। शादी कराने का झांसा देकर वैशाली में रहने वाले युवक से ठगों ने 10 लाख रुपये की ठगी की। ठग ने मैट्रिमोनियल साइट पर जाकर युवक से संपर्क किया था। शादी की तारीक भी तय हो गई थी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वैशाली में रहने वाले एक युवक ने मैट्रिमोनियल साइट पर आईडी बनाई थी। वह एक कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि साइट पर एक लड़की का संदेश आया। लड़की ने अपने आप को आस्था शर्मा बताया। उसकी आईडी भी आस्था शर्मा के नाम से बनी हुई थी। दोनों के बीच मैसेज और फिर मोबाइल नंबर पर बात होने लगी। दोनों में शादी की बात हो गई। उसने शादी का झांसा दिया और पीड़ित को विश्वास में लेने के लिए अपना भाई बताकर एक युवक से भी बात कराई। दोनों जल्द शादी करने की बात कहने लगे, लेकिन अचानक एक दिन जरूरी काम बताकर उनसे करीब डेढ़ लाख रुपये मांगे। पीड़ित ने रिश्ता तय समझकर रुपये दे दिए, जिसके बाद उन्होंने शादी की डेट बता दी। पीड़ित ने बताया कि इसी तरह जालसाज पांच माह में अलग-अलग तारीख बदलकर उनसे 10 लाख रुपये ले चुके हैं। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बैंक खाता और मोबाइल का डाटा खंगाला जा रहा है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

## असहायों, निराश्रितों एवं वृद्धों की सेवा सबसे ज्यादा पुनीत कार्य

अयोध्या।असहायों, निराश्रितों एवं वृद्धों की सेवा सबसे ज्यादा पुनीत कार्य है।इनकी सेवा कर इनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही हम लोगों का भी प्रमुख उद्देश्य है। उक्त बातें मथुरिया धाम वृध्दाश्रम एवं सेवा कल्याण केंद्र का उद्घाटन ग्रामोदय आश्रम पीजी कालेज वीरसिंहपुर सया में करते हुए एम एल सी व प्रबंधक हरिओम पांडेय ने करते हुए कही।उन्होंने मां सरस्वती व ग्रामर्षि के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कहा कि बाबू ग्रामर्षि की ये भी एक इच्छा थी।ये आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी।इसमें सभी व्यवस्थाएं नि शुल्क रहेगी।प्राचार्य डा राकेश चंद्र तिवारी ने कहा कि ग्रामर्षि की इच्छा आज साकार रुप ले रही है। असहायों व वैसे लोग जो 60 वर्ष अपनी आयु पूरी कर चुके हैं,वे इसका लाभ पाने के पात्र हैं।कार्यक्रम का संचालन डा राजेश तिवारी ने किया।

## समाजवादी पार्टी ने संविधान बचाने के लिए सत्याग्रह करने किया का ऐलान



अयोध्या। बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी ने संविधान बचाने के लिए सत्याग्रह करने का ऐलान किया है। शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सपा महा सचिव और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि देश का संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है, लेकिन अब कुछ इसे बदलने के लिए कोशिश में लगे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान बदलने वालों कि हर कोशिश नाकाम करेगी, इसके लिए हम सत्याग्रह करेंगे और लोगों को जागरूक करने लिए संविधान बचाओ सप्ताह मनाएंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती है, जिन्होंने देश के सभी नागरिकों के लिए संविधान बनाया। यह संविधान में हमें शिक्षा का अधिकार, व्यापार करने का अधिकार सहित तमाम तरह का अधिकार प्राप्त है। आज उसी संविधान पर संकट है। आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के बनाये संविधान को बदलने के इरादे है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार लोग व मंत्री परिषद के लोग कहते है कि 400 के पार सांसद जीत जाए तो हम संविधान बदल देंगे। उन्होंने कहा कि इससे वह दिन बड़ा दुखद होगा जब संविधान बदल जायेगा।अवधेश ने कहा कि मैं भी उसी दलित समाज से आया हू। और संविधान से छेड़छाड़ कतई बर्दाशत नहीं करूंगा। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष पारस नाथ यादव, पूर्व विधायक जय शंकर पांडेय, छोटेलाल यादव, राम बक्स यादव, प्रवक्ता बलराम चौधरी समेत तमाम सपा नेता मौजूद रहे।

## संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**लोकमित्र**

**सिंगाही-खीरी।** कस्बा सिंगाही क्षेत्र के ग्राम नौरंगाबाद में दिन रविवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाई गई। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब का अमूल्य योगदान रहा है और बाबा साहब अंबेडकर एक विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। इस दौरान नगर पंचायत सिंगाही चेयरमैन मो. कयूम , भाजपा नेता प्रह्लाद भार्गव , जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीनारायण वर्मा, नौरंगाबाद साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी, सिंगाही सहकारी संघ के अध्यक्ष विकास दत्त मिश्र, भाजपा नेता प्रेम बाजपेयी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि यदुवेंद्र अवस्थी, पौरूष गुप्ता , राजाराम सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## डॉ अंबेडकर ने समाज को नई दिशा दिया- रणधीर सिंह

पूरा बाजार- अयोध्याधाम। ग्राम तारापुर में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू ने कहा की संविधान की रचना कर डॉ अंबेडकर ने देश व समाज को नई दिशा दिया उनके बताए गए रास्ते पर चलकर हम आगे बढ़ सकते हैं आधा दर्जन कार्यकर्ताओं ने भी संबोधित करते हुए डॉ अंबेडकर के विचारों को सराहा रणधीर सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती




**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** तहसील क्षेत्र के समस्त सरकारी व अर्द्धसरकारी कार्यालयों मे धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीम राव अंम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व गोष्ठी आयोजन किया गया। तहसील धौरहरा के सभागार मे एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई। एसडीएम ने डॉ.भीमराव आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान निर्माता ने समाज को मुख्य धारा में जोड़ा। भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

डॉ.आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये रास्ते पर चल कर सर्व समाज का निर्माण करें और सर्व समाज को आगे बढ़ाएं। आज के इस पावन और पुनीत मौके पर उन्हें स्मरण करने से मन प्रफुल्लित हो उठता है। इस दौरान एसडीएम न्यायिक शशिकांत मणि,तहसीलदार आदित्य विशाल, नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार यादव सहित राजस्व कर्मचारी व लेखपाल मौजूद रहे। वही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की धौरहरा नगर इकाई ने बाबा साहेब डॉ.भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित उनकी जयंती मनाई और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान परिषद द्वारा एक संगोष्ठी बैठक व वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। जिससे नगर अध्यक्ष धनंजय मिश्रा,नगर उपाध्यक्ष शिवम शुक्ला,नगर मंत्री रवि अवस्थी,तहसील सह सयोंजक अभिमन्यु शुक्ला,योगेंद्र मिश्रा,सोनू मिश्रा,मानवेंद्र मिश्रा,अरुण अवस्थी,अमन मिश्रा मंगल पाठक,शौर्य सिंह,जितेंद्र मिश्रा,ज्ञानी मिश्रा,प्रांशु मिश्रा,विकास अवस्थी ,विशेष अवस्थी,अर्पित शुक्ला,गौरव निगम,अमन निगम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चेयरमैन के आवास पर धूमधाम से मनाई गई अम्बेडकर जयंती



**लोकमित्र संवाददाता**

**सिंगाही-खीरी।** कस्बे के चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम के आवास पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वहीं ग्राम पंचायत नौरंगाबाद में बाबा साहब की मूर्ति का माल्यापर्ण किया गया। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम और अन्य लोगों की ओर से बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मोहम्मद क़य्यूम ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर एक विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। सिगांही सब डिवीजन के उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार रावत, व निघासन सब डिवीजन के उपखंड अधिकारी विकास यादव जी व अवर अभियंता दिलीप पटेल और संविदा कर्मियों के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

# बाबा साहब स्वाभिमान और संकल्प की प्रति मूर्ति थे- डॉ शिखा दरबारी

## आयकर भवन में धूमधाम से मनाई गई अम्बेडकर जयन्ती

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** आयकर अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ, इलाहाबाद यूनिट द्वारा आज आयकर सभागार में भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की 133वीं जन्म जयंती धूम धाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित श्रीमती डाश शिखा दरबारी, मुख्य आयकर आयुक्त, इलाहाबाद ने कार्यक्रम के प्रारम्भ में दीप प्रज्वलित कर तथा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरूआत की।



डाश शिखा दरबारी ने अपने उद्बोधन के दौरान कहा कि युग पुरुष व भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर दलितों के मसीहा थे और स्वाभिमान और संकल्प की प्रति मूर्ति थे। उन्होंने पढ़ाई को बहुत ज़्यादा महत्व दिया। उनके अपने उच्च कोटि के ज्ञान अर्जित करने के कारण, जिन्हें बचपन में कक्षा में बैठने की अनुमति नहीं थी, उन्हें भारत का संविधान बनाने की ज़िम्मेदारी सौंपी गयी। उन्होंने जीवन भर जातिगत विषमता, भेदभाव व समाज की असमानताओं के खिलाफ सतत संघर्ष किया और अपनी व्यक्तिगत पीड़ा को सामूहिक मुक्ति के स्वप्न में बदल दिया।

उन्होंने दलितों, श्रमिक वर्ग और महिलाओं के प्रति बढ़ते हुए अपराधों पर चिंता जताई और सभी को अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी के प्रति सचेत किया। उन्होंने कहा कि हमें डॉ अंबेडकर को अपने मार्ग दर्शक के रूप में रखते हुए समाज के सामूहिक विकास के लिए काम करना चाहिए और अपनी सामाजिक व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाना चाहिये, जिससे देश का हर नागरिक गर्व के साथ जी सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्य आयकर आयुक्त द्वारा कुछ गरीब बच्चों को उपहार स्वरूप किताब एवं कापी भी प्रदान की गई।

आज के इस कार्यक्रम में अपर आयकर आयुक्त ,श्री शिव कुमार राय ने भी डॉ.अंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आयकर कर्मचारी महासंघ के जोनल सचिव श्री योगेश्वर राय, इलाहाबाद शाखा के सचिव श्री , श्री नागेन्द्र यादव तथा आई0टी0सेवा के अध्यक्ष श्री एन0 के0 वर्मा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में आयकर अधिकारी राम आसरे, नंदन कुमार सोनकर, प्रशासनिक अधिकारी योगेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, विजय कुमार, श्रीयांक आनंद ,विनीत आनंद, रवि शंकर, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, अनिल कुमार चौधरी, आत्म प्रकाश वर्सने, डी के चौधरी, रविशंकर, तिलकराज, विकास कुमार, अंबरीश आनन्द, अंबुज सरोज, विनोद कुमार, श्रीमती ममता चौधरी, विनीत आनन्द, , दिलीप चौधरी, पूर्व आयकर अधिकारी चंदीलाल, ओम प्रकाश, अरुण कनौजिया, आदि उपस्थित रहे। आयकर भवन के सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम का संचालन आयकर निरीक्षक मदन कुमार ने किया।

## समाजवादी पार्टी ने संविधान बचाने के लिए सत्याग्रह करने किया का ऐलान

**अयोध्या।** बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी ने संविधान बचाने के लिए सत्याग्रह करने का ऐलान किया है। शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सपा महा सचिव और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि देश का संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है, लेकिन अब कुछ इसे बदलने के लिए कोशिश में लगे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान बदलने वालों कि हर कोशिश नाकाम करेगी, इसके लिए हम सत्याग्रह करेंगे और लोगों को जागरूक करने लिए संविधान बचाओ सप्ताह मनाएंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती है, जिन्होंने देश के सभी नागरिकों के लिए संविधान बनाया। यह संविधान में हमें शिक्षा का अधिकार, व्यापार करने का अधिकार सहित तमाम तरह का अधिकार प्राप्त है। आज उसी संविधान पर संकट है। आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के बनाये संविधान को बदलने के इरादे है।

# डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस पर निकाली गई प्रभात फेरी, धूमधाम से मनाई गई जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया ,प्रयागराज।** विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत मीरकपुर (मझिगवां) में रविवार को डीजे के साथ पूरे गांव में प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरुक करते हुए डॉक्टर भीमराव अंम्बेडकर के आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रभात फेरी में डीजे पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के गाने ÷भीम ललना मेरे भीम ललना दुःख संसय पढ़ें मेरे भीम ललना÷ ÷भीम मेरे नम्बर वन है÷आदि गानों तथा नारों से पूरा गांव गूंजायमान रहा। तत्पश्चात डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ जेके पटेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर शिवकुमार पटेल को अध्यक्ष अशर्फीलाल गौतम, कोषाध्यक्ष फूलचंद गौतम, सचिव महेंद्र कुमार गौतम, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गौतम, संचालक फूलचंद प्रजापति, दीपचंद गौतम, राजेंद्र यादव, डायरेक्टर शिव भगवान प्रजापति अमृत प्रभात गंगापार प्रभारी, महामंत्री आशीष



कुमार, उपकोषाध्यक्ष राम सजीवन गौतम, राम मूरत गौतम, उप व्यवस्थापक प्रेमचंद गौतम, संस्थापक गंगाराम गौतम, कृष्ण कुमार मास्टर, उप मंत्री पवन कुमार गौतम लोगों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आए हुए दर्शकों के मनोरंजन हेतु नौटंकी कलाकारों द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन लीला पर प्रकाश डालते हुए नाटक खेला गया।

जिसे देखकर लोग भाव विभोर हो गये। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संत लाल यादव, नरेश कुमार सरोज अभईपुर, अनिल कुमार पटेल प्रधान प्रतिनिधि रामगढ़ कोठारी, बृजेश कुमार कोटेदार, अजीजुर रहमान सिद्दीकी, मुन्ना विश्वकर्मा, संतोष कुमार बिंद, अंजीत कुमार विश्वकर्मा आदि लोगों का विशेष योगदान रहा। इसी प्रकार से ग्राम पंचायत नेवादा में पंकज श्रीवास्तव मंडल महामंत्री बहरिया के नेतृत्व में अम्बेडकर जयंती मनाई गई इस मौके पर अम्बेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया इस मौके पर मंडलाध्यक्ष बहरिया बसंत लाल पटेल,राकेश कुमार शुक्ला, विक्रम प्रजापति, राम बाबू मिश्रा, सुरेंद्र कुमार बिंद, नेकपाल सरोज समेत कार्यकर्ता लोग रहे ।

# एक्शनएड ने किशोरियों संग मनाई बाबा साहेब की जयंती



**प्रयागराज।** प्रयागराज बहादुरपुर ब्लॉक के वारी ग्राम के पंचायत भवन सभागार मे एक्शनएड एसोसिएशन के जिला समन्वयक रवि कुमार %लेखक% ने संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण करके उनको नमन किया। जिसके बाद संजना भारतीया, ईशा सरोज, आर्या सरोज, भावना सरोज, अंजली भारतीया, अंजली प्रजापति, श्रेया कश्यप, निर्मला बिंद, शिवानी सुजाता, नित्या सहित ग्राम पंचायत की किशोरियों ने पुष्पांजलि अर्पित की व उनको नमन किया।

एक्शनएड एसोसिएशन के रवि कुमार ने शुभकामनाएं देते हुए बताया की यह एक महत्वपूर्ण और गर्व का क्षण है जब हम समाज में न्याय और समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोबारा संजोते हैं। आज का दिन हमें उन महान विचारक, समाजसेवी, और संविधान शिल्पकार की याद दिलाती है, जिन्होंने अपने जीवन को समाज के न्याय और समानता की दिशा में बदलने के लिए समर्पित किया। बाबा साहेब ने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से भारतीय समाज में जातिवाद, असमानता, और अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा की उनका समाजसेवा और आंदोलनीय कार्य भारतीय समाज को समग्र रूप से प्रभावित किया।

उनके द्वारा लिखित भारतीय संविधान ने भारतीय नागरिकों को स्वतंत्रता, समानता, और न्याय का अधिकार प्रदान किया उनका एक कथन भी याद दिलाया की शिक्षा प्राप्त करना एक शेरनी के दूध की तरह होती है, जो जितना पिएगा वह उतना ही बढ़ेगा। शिक्षा से न सिर्फ व्यक्ति की अपनी ऊर्जा बढ़ती है, बल्कि समाज में भी विकास का स्रोत होता है।

# बांग्ला नव वर्ष व भीमराव अंबेडकर जयंती पर कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** बांग्ला नववर्ष, भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिन और चैत्र नवरात्रि पर इस वर्ष भी अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं वरिष्ठ समाजसेवी लालू मित्तल एवं वरिष्ठ रंग कमी अजय मुखर्जी द्वारा भीमराव अंबेडकर के चित्र एवं मां सरस्वती को.माला अर्पित कर पुष्प माला अर्पित करके किया गया। मम्फोर्डगंज. निगम चौराहे पर स्थित सभागार में अनेक कवि, रंगमंच कर्मी, समाजसेवी और श्रोताओं की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

सभागार में एक गोष्ठी और कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इस गोष्ठी का आयोजन साहित्यिक संस्था सुनहरी किरण के तत्वावधान में किया गया। इस गोष्ठी का संचालन



श्रीमती नंदिता एकांकी ने किया। मुख्य अतिथि लालू मित्तल ने सभी को बांग्ला नव वर्ष और बाबा भीमराव अंबेडकर के अवसर पर बधाई दी और बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। बांग्ला नव वर्ष के महत्व पर बताते हुए कहा कि इसकी शुरुआत बंगाल से शुरू हुई थी जब वैशाख पर फसल की कटाई होती थी और बांग्ला लोग इस दिन पकवान और अनेक व्यंजन बनाकर नए वर्ष का स्वागत करते है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने लगभग 50 देश की यात्रा करने के बाद और उनका सविधान पढ़ने के बाद भारत का संविधान बनाया जिसके लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की सूत्रधार सुनहरी किरण संस्था की संस्थापक नम्रता एकांकी जी ने सुकृति घर सम्मान 2024 में सामाजिक सेवा, व्यापार, कला, साहित्य और रंग कर्मियों से जुड़े व्यक्तियों को माला पहनकर अंग वस्त्र भेंट किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करके अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अतिथि अजय मुखर्जी और लालू मित्तल अतिथियों के अलावा के के श्रीवास्तव, एस पी श्रीवास्तव, केशव सक्सेना, संजय यादव, विमल गुप्ता, रमन गुप्ता जय हिंद, कमलेश यादव, अनिमेष अग्रवाल, विपिन गुप्ता, अपूर्व चंद्रा आदि शामिल रहे।

कवि सम्मेलन का प्रारंभ शरत् चन्द्र श्रीवास्तव की वाणी वंदना से हुआ तथा केशव सक्सेना ,एस पी श्रीवास्तव, नंदिता एकांकी, शरत् चंद्र श्रीवास्तव ने काव्यपाठ किया।

## संत सतराम दास की 139 वीं जयंती साईं नितिन राम अगुवाई मे मनाई गई

**अयोध्या ।** सिंधी समाज ने बड़े हीं धूम धाम से मनाई संत सतरामदास की जयंती हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी संत सतरामदास दरबार के साईं नितिन की अगुवाई मे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे सिंघि समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया पुरुषो के साथ साथ महिलाओ ने भी सोभा यात्रा मे नाचते गाते दिखी जगह जगह पुष्प वर्षा कर लोगो ने सोभा यात्रा का स्वागत किया इस मौके पर समाजसेवी मुस्कान सावलानी हरीश सावलानी ने साईं नितिन की आरती कर माला पहना कर मुकुट भेट किया किया साईं नितिन ने बताया संत सतराम दास की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई रथ पर संत कवर का विशाल चित्र दर्शन हेतु रखा गया था श्रद्धांलू दर्शन कर रहे थे

# दिलदार टाइगर ने जीता आरपीएल का खिताब

**प्रयागराज।** दिलदार टाइगर ने तुलसीपुर नाइट राइडर्स को दो रन से हराकर हाजी बदरूद्दीन खान एवं हाजी एखलाक खान स्मृति रसूलपुर प्रीमियर लीग (आरपीएल) क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमाया।

मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में दिलदार टाइगर ने 10 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन (मोहम्मद आरिफ 49, सूर्यांश 25, कद्दाफी 12, मोहम्मद हमजा खान 3/15, मोहम्मद आसिम 3/30, कुतुबुद्दीन 1/45) बनाकर तुलसीपुर नाइट राइडर को 10 ओवर में दो विकेट पर 115 रन (कुतुबुद्दीन 61 नाबाद, मोहम्मद आसिम 23, मोहम्मद हमजा 20 नाबाद, सुंदरम कुमार 1/19, कद्दाफी 1/29) पर सीमित किया। मैच में मोहम्मद आरिफ व



मोहम्मद नबी ने अंपायरिंग और खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की। टूर्नामेंट कमेटी के वरिष्ठ सदस्य हफीज खान ने पुरस्कार वितरण किये। मोहम्मद आरिफ को बेस्ट बैटर, गोला को बेस्ट बॉलर, बुरहान को बेस्ट विकेटकीपर, अब्दुल रहमान को बेस्ट फील्डर और कुतुबुद्दीन को मैन ऑफ़ द टूर्नामेंट चुना गया। आयोजन सचिव नईम उल्ला और रॉकी खान ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर डॉ. जुबेर अहमद, रियाज खान अकील अब्बास रिजवी, एहतेशाम खान आदि मौजूद रहे।

# अमरनाथ मौर्या बने फूलपुर लोकसभा से इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया , प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के बनने पर सदस्य जिला पंचायत सिद्ध नाथ मौर्या के नेतृत्व में बहरिया चौराहे पर कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया ।

इस मौके उपस्थित कार्यकर्ताओं से सिद्ध नाथ मौर्या ने अपील किया कि आप लोग मजबूती से चुनाव में लग कर इंडिया गठबंधन को भारी मतों से जिताकर गठबंधन को मजबूत करें इस मौके पर सदस्य जिला पंचायत मूलचंद्र



उर्फ मुन्ना पासी, इंद्रजीत सरोज हबीब उल्ला, ग्राम प्रधान धर्मराज मौर्या,शारदा प्रसाद यादव, डाक्टर लाल चंद्र यादव , जीतलाल यादव, रामसिंह यादव,राजेन्द्र प्रसाद यादव,बबुल्ले अरविन्द श्रीवास्तव,ओम प्रकाश यादव उर्फ गायन ,राधेश्याम यादव,समेत काफी कार्यकर्ता रहे।

## रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष की बीमारी के दौरान हुई मौत, शोक

**बहरिया, प्रयागराज।** विकास खंड बहरिया के कालूपुर निवासी व अलंकृत रामलीला कमेटी बहरिया के पूर्व अध्यक्ष फूलचंद्र केसरवानी उम्र लगभग 55 वर्ष की तबीयत कुछ दिन पहले खराब हो गई थी परिजन शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे था जहां रविवार की भोर में उनकी मौत हो गई जब इसकी सूचना कस्बा वासियों को हुआ तो पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया अपने पीछे पत्नी और लड़के को छोड़ कर गये है इनका अंतिम संस्कार रविवार को रसूलाबाद पर किया गया।

# यूपी पर्यटन विकास निगम कर रहा है सुविधाओं का विकास

## निगम होटल राही इलावर्त और होटल राही त्रिवेणी दर्शन का कर रहा है कायाकल्प

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को प्रदेश सरकार भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए सतत प्रयास कर रही है। महाकुंभ में 41 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के कुंभ नगरी पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। इन्हे ठहरने के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। एक तरफ कुंभ क्षेत्र में 10 हजार से अधिक की क्षमता वाली टेंट सिटी बनाई जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ पर्यटन विभाग की तरफ से भी विभाग के होटलों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

**907.08 लाख की लागत से हो रहा है सुविधाओं का उच्चीकरण और कायाकल्प**

शहर के सिविल लाइंस इलाके में स्थित होटल राही इलावर्त में महाकुंभ को देखते हुए कायाकल्प का कार्य चल रहा है । राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रयागराज में वरिष्ठ प्रबंधक डीपी सिंह बताते हैं कि कुल ₹347.41लाख की लागत से इसमें कुंभ को देखते हुए कई कार्य कराए जा रहे हैं जिसमे सुविधाओं का विस्तार और सौंदर्यीकरण शामिल है। इसके अंतर्गत होटल में फसाड का कार्य होना है। होटल के 20 कमरों का रिनोवेशन और बैंक्वेट हॉल का रिनोवेशन के अलावा रिसेप्शन एरिया का उच्चीकरण भी इसमें शामिल है। होटल में किचेन और पार्किंग स्थल के नवीनीकरण और उच्चीकरण कार्य प्रगति पर है । इसे सितंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा।

महाकुंभ आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के ठहरने का ड्रीम प्लेस है यमुना तट पर स्थित होटल राही त्रिवेणी दर्शन। होटल से यमुना नदी का व्यू इसकी खूबसूरती को और बढ़ा देता है।

राज्य पर्यटन विकास निगम के वरिष्ठ प्रबंधक डीपी सिंह के मुताबिक यूपी पर्यटन विकास निगम की तरफ से यहां एक नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें 18 कमरे बनाए जा रहे हैं। फसाड का कार्य भी चल रहा है। इसके अलावा कई अन्य कार्य भी इसमें होने हैं। कुल ₹560.70 लाख की लागत से इसका निर्माण हो रहा है।

# बस्ती की पाठशाला में शिक्षण सामग्री वितरण




**प्रयागराज।** सेवार्थ विद्यार्थी, प्रयाग महानगर द्वारा अंबेडकर जयंती के अवसर पर बस्ती की पाठशाला में शिक्षण सामग्री वितरण किया गया। सेवार्थ विद्यार्थी, समाजसेवी संगठन के रूप में कार्य कर रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य है मानव की सेवा करना एवम् अपने समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े यक्ति को शिक्षित करना। इस माध्यम से इस लक्ष्य के साथ बस्ती की पाठशाला चलती है जिससे विभिन्न छात्रों एवं छात्राओं जिनको शिक्षा नहीं मिल पाती है उनको शिक्षित करने का कार्य किया जाता है। साथ में एक संकलन अभियान चलाया जाता है, जिसमें हम कॉपियों में बचे हुए कुछ पन्ने को निकाल कर इकट्ठा करके, ÷वन पेन वन नोटबुक÷ डिस्ट्रीब्यूशन अभियान चलाते हैं। जिससे माध्यम से पठन-पाठन सामग्री से वंचित विद्यार्थियों शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाती हैं। जल्द ही पूरे देश में एक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा, कि भारत का हर एक बच्चा शिक्षित होगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर अंशु अग्रवाल मैम एवं डॉ मनीष श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष, अभाविप, प्रयाग महानगर साथ में सचिन पटेल, महानगर एसएफएस सयोंजक, उत्कर्ष मिश्रा, हिमांशु पाण्डेय, सैयद मोहम्मद आतिफ, रुद्रा सिंह, विनायक यादव एवं शुभांशु सिंह यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# देश की गरीब जनता को न्याय दिलाने और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा -प्रो अली खां

लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** भदोही लोकसभा के विधानसभा प्रतापपुर के मियाँ का पूरा बाजार स्थित महताब नकवी के निवास पर समाजवादी पार्टी के नेता प्रोफेसर अली खान ने एक अनौपचारिक बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की गरीब जनता को न्याय और युवाओं के भविष्य के निर्माण तथा संविधान बचाने के लिए लोगों को जागरूक करके तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकना बहुत जरूरी है।उन्होंने कहा कि गठबंधन के प्रत्याशी 78 भदोही लोकसभा ललितेश पति त्रिपाठी जो की युवा है और युवा सोच है और समाज के लोगों का किस तरीके से हर क्षेत्र में विकास हो उनके



हर सोच में बसी हुई है। उनका खानदान दादा से लेकर पूरा परिवार समाज के विकास के लिए समर्पित रहा है।

कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य मानसिंह यादव ने कहा कि आज जिस तरीके से महंगाई एवं भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर है यह एक चिंता का विषय है। शहर अध्यक्ष प्रयागराज सैयद इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि यकीनन आने वाला समय दिल्ली की सरकार जनता की सरकार होगी और उसे सरकार में सर्व समाज का विकास होगा। आने वाले समय में देश से नफरत की राजनीति खत्म होगी और आपसी सौहार्द और मोहब्बत को बढ़ावा मिलेगा। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आबिद अली नकवी ने कहा कि आने वाला समय युवाओं का और उनके भविष्य के निर्माण का युग होगा । अल्पसंख्यक कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष कमर रिजवी ने कहा कि भदोही लोकसभा का अल्पसंख्यक समाज इस बार ललितेश पति त्रिपाठी के लिए समर्पित रहेगा। इस अवसर पर संदीप यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख,अकमल इमाम, जिला पंचायत सदस्य उत्तम यादव ,मोहम्मद जैद गुड्डु नकवी, दानिश नकवी, मोहम्मद शकील, मोहम्मद शानू आदि बैठक में लोग उपस्थित रहे।

## असहायों, निराश्रितों एवं वृद्धों की सेवा सबसे ज्यादा पुनीत कार्य

**अयोध्या।** असहायों, निराश्रितों एवं वृद्धों की सेवा सबसे ज्यादा पुनीत कार्य है।इनकी सेवा कर इनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही हम लोगों का भी प्रमुख उद्देश्य है। उक्त बातें मथुरिया धाम वृद्धाश्रम एवं सेवा कल्याण केंद्र का उद्घाटन ग्रामोदय आश्रम पीजी कालेज वीरसिंहपुर सया में करते हुए एम एल सी व प्रबंधक हरिओम पांडेय ने करते हुए कही।उन्होंने मां सरस्वती व ग्रामर्षि के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कहा कि बाबू ग्रामर्षि की ये भी एक इच्छा थी।ये आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी।इसमें सभी व्यवस्थाएं नि शुल्क रहेगी।

# आर ए एफ कैंप में भीम राव अंबेडकर की 133वी जयंती मनाई गई

**फाफामऊ।** 101 आर0ए0एफ0 कैम्प परिसर में बाबा साहब डॉ0 भीम रॉव अम्बेडकर की 133 वी जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर कमाण्डेन्ट मनोज कुमार गौतम ने डॉ0 भीम रॉव अम्बेडकर के संघर्ष व भारतीय इतिहास मे उनके अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ0 अम्बेडकर को भारतीय संविधान निर्माता के तौर पर जाना जाता है, उनकी भूमिका संविधान निर्माण, दलित समाज के उत्थान मे महत्व पूर्ण



रही है, तथा उनके विचार महिलाओं को पुरुषों के बराबर अल्पसंख्यकों और गरीबों को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते है।

इस अवसर पर अन्य सभी कार्मिको ने भी अपने विचार ब्यक्त किए।अंत में कमाण्डेन्ट महोदय व सभी कार्मिकों द्वारा उन्हे माल्यार्पण व सादर सुमन अर्पित किए गए व कोटिशः नमन किया।इस अवसर पर बृजेश कुमार दुबे (उप0 कमाण्डेन्ट) व अन्य अधिकारी गण, अधीनस्थ अधिकारी गण, जवान एवं महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

# ईश्वरपुर में धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती



लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के ईश्वरपुर गांव में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके जयकारें के साथ भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। ईश्वरपुर गांव स्थित बाबा साहब की मूर्ति पर उनकी जयंती के अवसर पर क्षेत्र के आराकलां, चफला, दसेर,मोहम्मदाबाद, काज़ीपुर ,महमजियां, मदारीपुर, सरायबक्श आदि गांवो के लोग पहुंच कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। बाबा साहब की जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अंबेडकर जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने में ईश्वरपुर ग्राम प्रधान रवि यादव का योगदान सराहनीय रहा। इस मौके पर चंद्रशेखर यादव, लालमणि, राम लखन भारतीय, जटाशंकर एडवोकेट, मनोज कुमार ,बचई राम आदि गणमान्य लोग बाबा साहब की जयंती को धूमधाम से मनाया। इसी क्रम में मोतिहां गांव में पूर्व प्रधान बब्बू यादव और ग्रामीणों ने बड़ी धूमधाम से अम्बेडकर जयंती मनाया।

# नॉर्दन एवं विष्णु भगवान की लगातार दूसरी जीत

**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तत्वाधान में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा के फुटबॉल मैदान पर आज ÷गोल÷ फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग के दूसरे दिन लीग मैच में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने ऑफ साइड एफ सी को 3-0 से हराया। विजेता टीम मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी।विजेता टीम की ओर से श्रेष्ठ मौर्य, शादाब, आदर्श ने एक-एक किये। जबकि पराजित टीम की ओर से मो0 अज़ान ने गोल किया। नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार प्लेयर ऑफ़ द मैच के विजेताओं श्रेष्ठ मौर्य एवं ऋषभ को पुरस्कृत भी किया।दिन के दूसरे मैच मे विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा बॉयज ने बमरौली नार्थ कैंपस बॉयज को 9-1 से हराया। विजेता टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। विजेता टीम की ओर से कुंदन सिंह, कार्तिक ने तीन तीन जबकि ऋषभ ने दो, शिवम ने एक गोल किया।



# हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई डा.भीमराव अम्बेडकर की जयंती

## डा.भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य पर विभिन्न स्थान पर निकली गई बाइक/प्रभात रैली

**बिन्दू मौर्या**

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में रविवार को विभिन्न स्थानों पर बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई । डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती । संविधान के मुख्य शिल्पकार, भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें कोटि-कोटि नमन वंदन कियाबाबासाहेब के विचार, उनके आदर्श और उनका व्यक्तित्व हम सबके लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने जीवन पर्यन्त सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और उनका यह संघर्ष सामाजिक समरसता के लिए था। बाबासाहेब अम्बेडकर ने देश को एक सर्वसमावेशी संविधान दिया, जिससे हर वर्ग हर तबके का कल्याण सम्भव हो।लहरपुर,सीतापुर प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में भारत रत्न बाबा साहेब, डा, भीमराव अम्बेडकर की जयंती रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। अभिभावकों और छात्रों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया और गांव में प्रभात फेरी निकाली। इस मौके पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने भारत के संविधान रचयिता भारत रत्न बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रामनरेश वर्मा ने और संचालन सरोज कुमार वर्मा ने किया।इस मौके पर मौजूद अभिभावकों को संबोधित करते हुए संकुल शिक्षक अनवर अली ने कहा कि, वर्तमान समय में बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के विचार बहुत ही महत्वपूर्ण है, बाबा साहेब ने भारतीय संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार देकर पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है, वर्तमान समय में देश और समाज के सामने जो भी चुनौतियां हैं, उनका समाधान बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चल कर ही प्राप्त किया जा सकता है इसलिए हम सब का यह कर्तव्य है कि, बाबा साहेब के आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करें ,जिससे देश और समाज का बेहतर विकास हो सके। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रामनरेश वर्मा, शिक्षक जुबेर वारिस, उमेश चन्द्र वर्मा, रामावती , विधालय प्रबंधन समिति के सदस्य गुलाली, देशराज, ज्ञानवती आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अभिभावक लल्ली देवी, मैनादेवी,



सरला देवी, उमाशंकर, रामपाल, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

मिश्रिख सीतापुर / कस्बा मिश्रित के तहसील चौराहा पर स्थित संविधान निर्माता डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बाबा साहब की याद में तहसील चौराहा से विशाल शोभा यात्रा निकाल कर कस्बा मिश्रिख बाजार , धर्मशाला चौराहा , परसौली चौराहा , नहर चौराहा होते हुए तहसील चौराहा पर रैली समाप्त की गई । इस दौरान सर्वसमाज के लोगो ने उनके बताए आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया । आपको बता दें । कि बी.आर. अम्बेडकर एक महान और प्रतिष्ठित व्यक्ति थे । वंचितों के लिए उनके कार्य और विचारधारा की जगह कोई और नहीं ले सकता है । वह वंचित लोगों के प्रति अपनी चिंता दर्शाते थे । उन्होंने लोकतंत्र के सिद्धांत पर एक परिष्कृत जाति विहीन समाज को आकार दिया । उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों , शोषितों और अछूत वर्गों के उत्थान में बिताया । उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है । वह भारत के पहले कानून मंत्री बने थे । उनकी स्मृति में आज तहसील चौराहा पर स्थित डा. बी. आर. अम्बेडकर प्रतिमा पर नगर के लोगों ने माल्यार्पण कर नमन किया । इस मौके पर नगर में संचालित सेव कैरियर कोचिंग सेंटर द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया । आयोजित कार्यक्रम में वीपी हंस , आदर्शिका , मन्नू देवी , कमलेश कुमार भारती , अमित कुमार आदि ने डा. बी. आर. अंबेडकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला तथा । इस अवसर पर अधिवक्ता ब्रजलाल चौधरी , रामगोपाल बौद्ध , ओंकारनाथ पुष्कर , अधीर बौद्ध , सुनील कुमार सिद्धार्थ , हरिपाल मौर्य , बालकृष्ण दीक्षित ,चमन मौर्य , सौरभ यादव आदि सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने मौजूद रहे ।

डा, भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित महार परिवार में हुआ था हर साल इस मौके पर अम्बेडकर दिवस मनाया जाता है अम्बेडकर जयंती या भीम जयंती नाम से भी जाना जाता है भारतीय संविधान के जनक ही नही देश के पहले कानून मंत्री भी थे गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जनपद सीतापुर तहसील महमूदाबाद विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई गोडादेरिया से होकर बहादुर गंज होकर रैली जिसके आयोजक अजय बौद्ध रामपुर मथुरा कस्बे से होकर निकाली रैली मेला मैदान में उमेश कुमार के द्वारा भंडारे में शरबत पिलाया गया हजारों की तादात में बहुजन समाज के लोग जय भीम के नारे लगाए वही राजाबाग में बने अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की मूर्ति पर फूल अर्पित कर कार्यक्रम का आयोजन किया आयोजक रामखेलावन हरिनाम आदि पूरे गांव के लोगो ने मिलकर कार्यकर्म में भाग लिया है डीजे बाजे के साथ झूमते हुए निकाली रैली बहुजनो ने बताया गरीबों के मसीहा थे बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर बराबर का अधिकार दिलाया पूरे भारत में संविधान लागू किया लोग बाबा साहब को पूजते है राजबाग के लोगो का कहना है 14 अप्रैल ही हम सबका त्योहार है इस दिन हमारे समाज के लोगो में खुशी लहर दौड़ती है गुलाल लगाकर खुशी मनाई दर्जनों ट्रेक्टर ट्राली से गाजे बाजे के साथ झूमते हुए जय भीम से गूंज उठा रामपुर मथुरा कई स्थानों पर कार्यकर्म का आयोजन किया गया ग्राम प्रधान पप्पू खान प्रति निधि प्रधान रितेश कुमार समनपुर माफी ने माला पहना कर मनाई जयंती ।इस मौके पर ग्राम प्रधान रामपुर मथुरा रवि कुमार गोडादेवारिया प्रधान नागेन्द्र यादव डाक्टर नरेन्द्र कनोजिया राम नरेश भारती आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पत्रकार के अनुज भ्राता को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई




फाइल फोटो

**बिसवां,सीतापुर।** लोकभारती दैनिक अख़बार के पत्रकार मदनसिंह चौहान के छोटे भाई संजय सिंह चौहान का बीमारी के चलते इलाज के दौरान लखनऊ में दुःखद निधन हो गया। वे करीब 44 वर्ष की आयु से गुजर रहे थे। हाईकोर्ट लखनऊ के वे कुशल अधिवक्ता थे। उनके निधन से इलाकों लोगों में जबरदस्त शोक की लहर दौड़ गई। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार रविवार करीब 12 बजे पैतृक गांव गोबर्धनपुर में कर दिया गया। जिसके उपरांत एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां पर मौजूद अनेक गणमान्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति व परिवार को दुःख सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौजूद लोग स्व. अधिवक्ता के द्वारा किए गए नेक कार्यो की चर्चाएं करते रहे।

# जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है तब भगवान अनाचार को खत्म करने के लिए जन्म लेते है- अखिलेश महराज

**लहरपुर,सीतापुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा रविवार को मां कात्यायनी देवी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। क्षेत्र के ग्राम केसरीगंज में नवरात्रि के अवसर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पंडित अखिलेश महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए पूतना वध ,कालिया नाग का मान मर्दन तथा गोवर्धन पूजा की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब जब पृथ्वी पर अत्याचार अनाचार बढ़ता है तब तब भगवान पृथ्वी से अनाचार अत्याचार को खत्म करने के लिए अवतार लेते हैं। अत्याचारी कंस के आतंक को समाप्त करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लिया था। कथा व्यास पंडित



अखिलेश महाराज ने कहा भगवान ने देव दुर्लभ शरीर आपको दिया है इसलिए आप सत्कर्म करते हुए सन्मार्ग पर चलें और सच्चे हृदय से प्रभु की आराधना करें। इस पावन अवसर पर वृंदावन धामसे आए कलाकारों ने रात्रि वेला में रासलीला में भगवान की मनमोहक झांकियां का सजीव प्रदर्शन किया जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग तीन घर का गृहस्थी व अन्य सामान जलकर हुआ राख



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद, सीतापुर।** सीतापुर जनपद के महमूदाबाद के समरदहा में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई।आग लगने से भारी नुकसान हुआ जिसमें खाने-पीने का सामान व घर का सामान सारा जलकर राख हो गया। यहां तक की घर वालों के यहां खाने का भी कुछ नहीं बचा जिससे आस पड़ोस की मदद से घर में खाना और कपड़े भिजवाए गए।आग इतनी तेज थी की कुछ बचाया नहीं जा सका।बताया जा रहा है जिस समय आग लगी थी तब घर पर कोई नहीं था, सभी लोग अपने गेहू की फसल काटने के लिए खेत गए थे।जिसके कारण सब कुछ जल गया कुछ बचाया नहीं जा सका। बताया जा रहा है राकेश पुत्र कल्लू के घर के पास से अज्ञात कारणों के चलते आग लगी।

जिसमें लालजी पुत्र कल्लू, राकेश पुत्र कल्लू, गोविंद पुत्र कल्लू तीन लोगों के घर पूरी तरह से जल गए।जिसमें राजेश पुत्र कल्लू के घर में काफी ज्यादा नुकसान हुआ है उनके घर में सिंचाई करने वाला इंजन, ठेलिहा, साइकिल, एंड्राइड मोबाइल, सरसों की बोरी, धान की बोरी, तीन तक्खत, दरवाजा तथा डीएपी यूरिया खेत में डालने के लिए रखी थी वह भी जल गई। घर में रखें ` 2000 जो कि किसी को देने के लिए रखे हुए थे वह भी जल गए।आस पड़ोस की मदद से किसी तरह से आग पर काबू पाया गया तब तक सारा सामान जल चुका था।

मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल शिवकुमार शर्मा तथा चांदपुर चौकी इंचार्ज संजय सिंह जिनके द्वारा आगे की कार्रवाई हेतु लिखा पड़ी की गई।क्षेत्रीय लेखपाल के द्वारा लिखा पड़ी करके रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दिया गया है।

# रक्तदाता देव तुल्य प्रज्ञाचक्षु अवधेश दास जी महाराज

**अयोध्या।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के 133 वी जयंती के परिपेक्ष्य में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन व सागर सेवा संस्थान के संयुक्त बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम अवध अंध ज्ञान विद्यालय के संस्थापक प्रज्ञा चक्षु अवधेश दास जी महाराज और विशिष्ट अतिथि के रूप में अन्नपूर्णा रसोई के प्रबधक राजेश चौबे जी मौजूद रहें।
रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने रिबन काट कर किया और रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि रक्तदाता तुल्य है जो अंजान मरीज को खून रूपी आक्सीजन से जीवनदान देते हैं। समाजसेवी राजेश चौबे ने कहा कि यह रक्तदान शिविर ज़रूरतमंदों के लिए किसी वरदान से कम नही हैं।सागर सेवा संस्थान की अध्यक्ष आरती यादव ने कहा कि युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए जिससे खून के मामले में देश आत्म निर्भर बन सकें।ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्त ने कहा कि हर जरुरतमंदो कोई ब्लड मुहैया कराना ही संस्था का मूल उद्देश हैं।

# धौरहरा लोकसभा सीट पर इस बार साइकिल दौड़ेगी- रामहेत भारती

## भाजपा सरकार की गलत नीतियों से सतर्क रहने की जरूरत- आनंद भदौरिया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हरगांव,सीतापुर।** धौरहरा संसदीय क्षेत्र के की हरगांव विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रविवार को समाजवादी पार्टी ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। इन सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाताओं ने हिस्सा लिया। हरगांव विधान सभा क्षेत्र में परसेंडी ब्लॉक के शाहपुर, रिखौना, शाह महोली, गुराईपुर, मूसेपुर, सैदापुर, गौसापुर, सेमरी मोतीमदपुर, मलीहाबाद, नेवादा आदि गांवों में जन सभाओं का आयोजन किया गया।
जन सभाओं को संबोधित करते हुए सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार भूख, भय और भ्रष्टाचार को मिटाने के नाम पर सत्ता में आई थी, लेकिन खुद को डबल इंजन की सरकार बताने वाली भाजपा की सरकार न तो लोगों की भूख ही मिट पाई और ना ही भय और भ्रष्टाचार को ही खत्म कर पाई। हर दिन कहीं ना कहीं लूट-खसोट एवं महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। भ्रष्टाचार इस कदर व्याप्त है कि दरोगा को गोली मारकर आत्महत्या करनी पड़



रही है। इस सबके बाद भी सरकार में बैठे जिम्मेदार मंत्री एवं सांसद रेडियो और टीवी पर भाषण देकर अपनी लोकप्रियता बढ़ाने में जुटे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास के नाम पर लोगों से छलावा करने का काम करती है। ऐसे में आप सभी को भाजपा सरकार की गलत नीतियों से सतर्क रहने की जरूरत है। इस मौके पर उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए देश के संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

पूर्व मंत्री रामहेत भारती ने कहा कि आज के समय में सभी नौजवान, मजदूर, किसान, सहित व्यापारी वर्ग के लोगो ने यह मन मे ठान लिया है की, समाजवादी पार्टी की सरकार ही हम लोगों की दुख दर्द को समझेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जितनी भी सरकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं वह गरीबों, मजदूरों, किसानों एवं नौजवान लोगों के साथ सिर्फ छलावा हैं। सत्ता में रहकर जो लोग जी हजूरी करते हैं उनके लोगों के पास तक ही योजनायें पहुंच पाती है। व्यापारी वर्ग में भी इस सरकार को लेकर निराशा है। लोगों को पिछले चुनाव में हुई अपनी भूल पर पछतावा हो रहा है। लेकिन इस बार के लोक सभा चुनाव में धौरहरा संसदीय सीट पर निश्चित रूप से साइकिल ही दौड़ेगी और आनंद भदौरिया यहां से सांसद बनकर संसद पहुंचेंगे, केंद्र पर गठबंधन की सरकार बनेगी, जिसके बाद इस क्षेत्र का विकास होगा।

जन सभाओं को हरगांव विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष फुरकान खां, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा, महिला सभा की अध्यक्ष ज्ञानवती भार्गव, महिला नेत्री पिंकी यादव, सपा नेता डॉ. वीरेंद्र अवस्थी आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर हरेंद्र यादव, सूरज लोधी, जाहिद खान, धनपाल लोधी, राज किशोर राजवंशी, सुशील लोधी, रामहेत राजवंशी, शंकर लोधी, भंवर सिंह, पप्पू यादव, रामहेत यादव, अवधेश, कमल, विजय पटेल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# शाक्त मतानुसार सोम व निर्वाण चक्र जागरण का दिवस है नवरात्र अष्टमी व नवमी -अशोक प्रवृद्ध

वैदिक मतानुसार ईश्वर सर्वज्ञ, निराकार, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, अतिसूक्ष्मतम, सर्वशक्तिमान है। यह भौतिक नहीं, बल्कि लोक से परे अलौकिक रूप है, सूक्ष्म से सूक्ष्मतम रूप है। इसकी अनुभूति के लिए ध्यान में बैठने की आवश्यकता है। ध्यानावस्था में ही ब्रह्मांड को अनुभव किया जा सकता है। ध्यान में बैठकर ईश्वर के नाम, गुण आदि के चिंतन-मनन, प्रार्थना -उपासना करने, अपने भीतर शून्यता में जाने से ही विभिन्न मंत्र व अनन्त शक्तियों से साक्षात्कार हो सकता है, औरशरीर में अवस्थित उनके प्रतिमान चक्रों को जागृत किया जा सकता है। अपने भीतर अर्थात अंतरात्मा में विभिन्न तत्वों को जागृत करने, उनके अनेक सूक्ष्म रूपों का आह्वान, जागरण, पूजन करने के लिए प्राचीन काल से ही भारत में नवरात्र की परंपरा का अनुसरण किया जाता रहा है। इन सभी तत्वों का इस पृथ्वी पर आह्वान,जागरण और पूजन करनाही नवरात्रि काल का मुख्य उद्देश्य है।नवरात्रि काल भगवती दुर्गा की अवधारणा भक्ति और परमात्मा की उदात्त, परम व परम रचनात्मक ऊर्जा शक्ति की पूजा का सबसे शुभ, पवित्र और उत्तम अवधि माना जाता है।नवरात्र काल में प्रथमा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक नौदुर्गा के नौ स्वरूपों के आराधना -उपासना की परिपाटी है। इस काल मेंप्रथमा से नवमी तिथि तक मानव शरीर के सप्त चक्रों के जागरण हेतु तंत्र व योग साधना से संबंधित विभिन्न कृत्य निष्पादित किए जाते हैं, और माता भगवती के नौ स्वरूपों से प्रार्थना की जाती है। नवरात्रि के आठवें दिन अष्टमी व नवें दिन नवमी तिथि को क्रमशः माता भगवती के अष्टम व नवम स्वरूप देवी महागौरी व माता सिद्धिदात्री की पूजार्चना- उपासना का विधान है।इस वर्ष 2024 में वासन्तीय नवरात्र की अष्टमी व नवमी तिथि क्रमशः 16 व 17 अप्रैल दिन मंगलवार व बुधवार को पड़ने के कारण इन तिथियों को दुर्गा के देवी

# वर्तमान सरकार पर साधा निशान पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर।** जनपद सीतापुर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा ने आज अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर किसानो के लिए गेहूं खरीद केंद् पर व्यापाक धांधली, और किसानो की सही तौल न होने पर सवाल उठाए
उन्होंने कहा सीतापुर जनपद मे सांसद ने कभी कोई बड़ा विकास कार्य नहीं कराया, भाजपा सरकार ने अपने घोषणापत्र को लागू किया हो तों उस पर बात करे, सीतापुर मे ट्रामा सेंटर नहीं मिला, अबकी सरकार मे कोई फैक्ट्री नहीं लगाई गई, उन्होंने कहा की मै दावे के साथ कहता हूँ सीतापुर जनपद के सरकार के लोग जब चाहे डिबेट कर ले दूध का दूध पानी का पानी हो जाए, सपा सरकार मे किसानो को छूट थी बाजार मूल्य पर गेंहू बेचे भाजपा सरकार किसानो को बाध्य कर रही है की फ़सल अपनी मरजी से नहीं बेच पाए,मेरे द्वारा जो भी विकास कार्य कराए गए थे उन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई मैं आश्रम पद्धति विद्यालय बनवाए थे मैं मीरानगर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनवाया था हमारी सरकार द्वारा बनवाए गए तमाम स्कूलों में अभी तक टीचर की व्यवस्था नहीं हो सकी इस सम्बन्ध मे हमने कई बार चिट्ठी लिखी लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला आपको अस्पताल में एक्स-रे मशीन के लिए बाहर जाना पड़ेगा एक्सरे करने के लिए आपको बाहर प्राइवेट में पैसा देना पड़ेगा जबकि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अचानक एक दौरा कर सरकार के बारे में अच्छी व्यवस्था के बारे में बात की थी लेकिन उसके बाद भी अस्पताल में कोई व्यवस्था नहीं है मीरा नगर अस्पताल में अभी तक सही डॉक्टर की ज्वाइनिंग नहीं हुवी किसी भी सरकार में किसी भी नेता मंत्री की कोई सुनवाई नहीं है प्रशासन बे लगाम है

जनता परेशान हाल इधर-उधर भटक रही पत्रकार के द्वारा पूछे गए सवाल पर उन्होंने बेबाक अंदाज में जवाब दिए

उन्होंने कहा की की हमने महमूदाबाद मे कई स्कूलों का निर्माण किये लेकिन मौजूदा भाजपा विधायक, और सांसद कोई भी स्कूल पर अपने नाम की शिलापट्ट दिखा दे, उन्होंने सभी पत्रकारों को धन्यवाद दिया

# मिश्रिख में मनाया गया अग्निशमन सेवा दिवस

## केंद्र प्रभारी राज बहादुर दुबे ने बैच लगाकर आग से बचाव की लोगों को दी जानकारी

**मिश्रिख,सीतापुर।** अग्निशमन यूनिट मिश्रिख दारा आज का दिन सेवा दिवस के रूप में मनाया । अग्नि शमन गाड़ियां ग्रामीण भवनों होटल पर पहुंची । केंद्र प्रभारी राज बहादुर दुबे के नेतृत्व में बैच लगाकर कल्ली , नैमिष , मिश्रिख के लोगों को अग्नि से बचाव की जानकारी दी गई । केंद्र प्रभारी राजबहादुर दुबे ने बताया कि मुंबई बंदरगाह में 14 अप्रैल 1944 में माल वाहक जहाज फोर्ट स्टेकिन में आग लग गई थी । आग पर काबू पाने के दौरान 66 दमकल कर्मी शहीद हो गए थे । तभी से शहीदों की स्मृति में प्रति वर्ष 14 अप्रैल को अग्नि शमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है । यह अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह 20 अप्रैल तक माक ड्रिल के साथ चलता रहेगा । उन्होंने बताया वर्ष 1957 में अग्निशमन केंद्र की स्थापना की गई थी । मिश्रिख क्षेत्र में ग्राम पंचायत बर्मी में कंट्रोल रूम बनाया गया है । उन्होने कहा कि भीषण गर्मी का प्रकोप प्रारंभ



हो गया है । फसलें पक गई है । आग लगने का खतरा बढ़ा है । जिससे खलिहान के चारों ओर पानी भरे घड़े व मिट्टी के ढेर उपलब्ध रखे , खलिहान से 100 फुट की दूरी पर खाना बनाए । चिराग का प्रयोग करने के पश्चात पूर्ण रूप से बुझा दे । लैंप व पेट्रोमैक्स सुरक्षित स्थानों पर रखे । आदि तमांम प्रकार की जानकारी दी । उन्होंने बताया मिश्रिख क्षेत्र में दो अग्निशमन गाड़ियां उपलब्ध हैं । एक हाई पावर वाटर वाटर गाड़ी एक पंप वाटर गाड़ी जो हाउस वगैरह से कार्य करती है । आग लगने पर टेलीफोन नंबर 101 , पुलिस सहायता हेतु 112 डायल करें । दमकल स्टाफ में 16 फायर कर्मी मौजूद है । कुछ कमियां है वह शीघ्र पूरी कर ली जाएगी । इस अवसर पर चालक नंद किशोर , फायर मैन समी उल्ला , राजेंद्र सिंह , विकास यादव , विकास वर्मा , सुधीर सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित रहें ।

# समाज को संगठित करने के लिए बैठक का किया गया आयोजन



**मानपुर,सीतापुर।** शिक्षित बनो संगठित रहो और बिखरे हुए समाज को जोड़ कर एकता की मिसाल पेश करो इत्यादि सुविचारों के साथ परसेहरा के सेवादल आश्रम में संगठन के मुखिया एवम भाजपा के वरिष्ठ नेता अतुल गुप्ता और संगठन के प्रबंधक कृष्ण गोपाल गुप्ता के नेतृत्व में बैठक का कार्यक्रम आयोजित किया गया अतुल गुप्ता के द्वारा बताया गया की हम लोग प्रत्येक माह की 18 दिनांक को वैश्य(गुप्ता)समाज को संगठित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन करतें है, इसलिए समाज के सभी लोग पारिवारिक रूप से उपस्थित होकर अपने विचार प्रस्तुत करें इस अवसर पर पत्रकार आकाश गुप्ता, रामसेवक गुप्ता अध्यापक कृष्ण मोहन गुप्ता, प्रमोद गुप्ता व वहीदापुर निवासी और मूड़ीखेड़ा निवासी लोग अधिक संख्या में उपस्थिति रहे और समाज को संगठित करने हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए

# भोजपुरी अभिनेता संग्राम सिंह पटेल का नगर आगमन पर प्रसंशको ने किया भव्य स्वागत



**लहरपुर,सीतापुर।** भोजपुरी फिल्म अभिनेता संग्रामसिंह पटेल के रविवार को नगर आगमन पर उनके प्रशंसकों ने किया भव्य स्वागत। ज्ञातव्य है कि अवध गंगा फिल्म के बैनर के तहत बनायी गई फिल्म इश्क नचाए बीच बाजार जिसकी अधिकांश शूटिंग लहरपुर के विभिन्न स्थानों पर की गई थी और जिसका ट्रेलर व गाना भी रिलीज हो चुका है। रविवार को शीघ्र रिलीज होने वाली फिल्म इश्क नचाए बीच बाजार के बिजनेस प्रमोशन के लिए फिल्म के निर्माता व अभिनेता संग्राम सिंह पटेल अपने प्रशंसकों के बीच लहरपुर पहुंचे,उन्होंने अपने प्रशंसकों से शीघ्र रिलीज होने वाली फिल्म को थियेटर में देखने की अपील की, उन्होंने कहा कि जो प्यार मुझे लहरपुर की जनता ने दिया है उसके हम जीवन भर ऋणी रहेंगे, इस मौके पर उन्होंने अपनी नई फिल्म हाईकोर्ट की शूटिंग शीघ्र ही लहरपुर में करने की घोषणा की। प्रशंसकों में खुशी की लहर ।

# अज्ञात कारणों से लगी आग गेहूं की फसल जलकर हुई राख



**लहरपुर,सीतापुर।** विकास खण्ड परसेंडी क्षेत्र के ग्राम सरैया में गेहू के खेत में अज्ञात कारणों से लगी आग, गेंहू की फसल जलकर राख प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम सरैया निवासी छोटेलाल पुत्र गयादीन,रामनाथ पुत्र गयादीन के खेत में गेंहू की फसल के बंधे हुए बोझ में आग लग जाने से दो बीघा गेहूं खेत में ही जल कर राख हो गया। आग लगने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों द्वारा अथक प्रयासों के बाद भी लगभग 2 बीघे खेत की फसल जल कर राख हो गई। इस संबंध में क्षेत्रीय लेखापाल राहुल यादव ने बताया कि मौके का जांच कर नुकसान का आंकलन कर नियमानुसार मुआवजा दिलाए जाने की कार्यवाही की जाएगी।